सुप्रभात
रांची, गुरुवार
16.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 240



12 कंगना रनौत ने पूरी की चंद्रमुखी-2 की शूटिंग




## बजट के मुख्य बिंदु

### कृषि
- झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत 4.5 लाख से अधिक किसानों के ₹1,727 करोड़ के ऋण माफ
- सुखाड़ राहत हेतु 13 लाख किसानों के खाते में ₹461 करोड़ हस्तांतरित। शेष को शीघ्र राहत
- 5 एकड़ से कम क्षेत्र वाले तालाबों का गाद हटाने एवं डीप बोरिंग हेतु ₹500 करोड़
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जुड़ेंगे लाखों किसान। ₹300 करोड़ का बजटीय उपबंध
- गिरिडीह और जमशेदपुर में नया डेयरी प्लांट तथा रांची में मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की होगी स्थापना
- लाखों दुग्ध उत्पादकों को अब ₹3 प्रति लीटर की दर से मिलेगी प्रोत्साहन राशि
- मिलेट उत्पादन के प्रोत्साहन हेतु झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन होगा शुरू

### ग्रामीण विकास
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन अंतर्गत 1 लाख किसानों की व्यक्तिगत भूमि पर सिंचाई कूप का निर्माण
- पीएम आवास - ग्रामीण इलाकों में घरों के निर्माण हेतु ₹3,542 करोड़ प्रस्तावित

### ग्रामीण कार्य
- पीएम ग्राम सड़क अंतर्गत 3,100 किमी सड़क तथा 143 पुल निर्माण की योजना
- सीएम ग्राम सड़क अंतर्गत सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र, बाजार-हाट, पंचायत कार्यालय, मध्य/उच्च विद्यालय, पोस्ट ऑफिस/बैंक को पक्की सड़क से जोड़ने की योजना
- पुरानी सड़कों को चरणबद्ध तरीके से जीर्णोद्धार करने हेतु सतह नवीकरण-सह-विशेष मरम्मती योजना होगी शुरू

### स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा
- 80 उत्कृष्ट विद्यालय तथा 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूलों के साथ-साथ 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयों पर कार्य जारी
- नेतरहाट स्कूल की तर्ज पर चाईबासा, दुमका तथा बोकारो में आवासीय विद्यालय का होगा निर्माण
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना एवं एकलव्य प्रशिक्षण योजना अंतर्गत करीब 37,000 छात्र-छात्राओं को लाभ देने का लक्ष्य

### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग
- मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत 1,40,000 युवक-युवतियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण। प्रशिक्षण उपरांत रोजगार न मिलने पर 6 माह तक पुरुषों को ₹1,000 तथा महिलाओं और दिव्यांगजनों को ₹1,500 प्रतिमाह दिया जायेगा

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों को ₹462 करोड़ से अधिक भुगतान
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP) अंतर्गत 5,600 युवाओं को अब तक मिला लाभ। 2023-24 में योजना अंतर्गत 2 लाख युवाओं को लाभ देने का लक्ष्य
- सभी छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क भोजन एवं हॉस्टल में रसोईया तथा अन्य कर्मी होंगे उपलब्ध
- हॉस्टल में मॉडल लाइब्रेरी की स्थापना का लक्ष्य
- जनजातीय संस्कृति एवं कला केंद्रों में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति का प्रस्ताव
- मानकी, मुंडा, डकुआ आदि को न्यायिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य हेतु दोपहिया वाहन सुलभ कराने का प्रस्ताव

### स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण
- बोकारो एवं रांची में मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना
- पलामू, चाईबासा एवं दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना प्रस्तावित
- मोबाइल ग्राम क्लिनिक का होगा संचालन और प्रबंधन
- नए नर्सिंग और फार्मेसी कॉलेज की होगी स्थापना

### महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा
- सर्वजन पेन्शन योजना हेतु ₹2,131 करोड़ प्रस्तावित
- महिला एवं किशोरी कल्याण योजना होगी शुरू
- 800 नए आंगनबाड़ी भवन का होगा निर्माण

### जल संसाधन
- पटमदा तथा पलामू में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं प्रस्तावित। दुमका में मसलिया-रानेश्वर तथा देवघर-जामताड़ा में सिकटिया में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना पर चल रहा काम

### पथ निर्माण
- रांची में सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक तक फ्लाईओवर, कांटाटोली फ्लाईओवर तथा विकास विद्यालय से नामकुम तक फोरलेन पर काम जारी
- सड़कें बनेंगी फोरलेन
  1. साहेबगंज-बरहेट-जामताड़ा- दुमका-गोविंदपुर सड़क
  2. कोडरमा-जमुआ-गिरिडीह-टुंडी-गोविंदपुर (SH-13) सड़क
  3. सतसंग-भिरखीबाद सड़क

### ऊर्जा
- 100 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना का 18 लाख उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना हेतु ₹2,300 करोड़ का बजट

### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य
- खेलकूद को बढ़ावा देने हेतु ग्रास रूट ट्रेनिंग सेंटर एवं सिद्धो-कान्हू युवा क्लब की होगी स्थापना

### नगर विकास एवं आवास
- रामगढ़ एवं सिमडेगा शहरी जलापूर्ति तथा 45 तालाबों का होगा जीर्णोद्धार
- झुमरीतिलैया तथा मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना एवं रांची इन्टेक वर्क्स का होगा निर्माण
- Jharkhand Municipal Development Project (JMDP) अंतर्गत लोहरदगा, गुमला एवं कपाली नगर निकायों में शहरी जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण कार्य होगा प्रारंभ

### वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन
- लघु वन उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइयाँ होंगी प्रोत्साहित
- जंगल के बीच अवस्थित गांव, जहां अबतक पक्की सड़क नहीं बनी, उन सभी गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने का लक्ष्य

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 292713 (IPRD) 22-23

झारखण्ड–सरकार
श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा
प्राचार्य का कार्यालय

**प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला**

RDSDE झारखण्ड रांची के माध्यम से **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में दिनांक –20.03.2023 (दिन सोमवार)** को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 10:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/ Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in** पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहुँचकर पंजीयन करा सकते है।**

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक के सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

**नोटः**–अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा एवं जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा।

PR 292602 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/KHUNTI/ F$_2$-21/2022-23 दिनांक –14.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डोरेया मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार,प्रखंड–अड़की,जिला–खूँटी |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 72.29 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 29.03.2023 |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.04.2023 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.04.2023 1.00 बजे अपराह्न |
| 8 | बीड,फी,अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.04.2023 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।<br>eemidkhun-cemr-jhr@nic.in 9934355409 |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।<br>2. अधिक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल,रांची।<br>3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः–केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।

PR 292661 Minor Irrigation(22-23)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –25/2022–23

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 16/03/2023 के अपराह्न 04.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 22/03/2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य – 23/03/2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक
(हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान) – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 23/03/2023 के अपराहन 04.30 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई–प्रावयोरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963
10. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला में चापाकलों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य हेतु यथा आवश्यक 125x115 मि0मि0 व्यास के हैण्ड पम्प I.M.–II & I.M.–III (65 मि0मि0 एवं 50 मि0मि0) के लिए अद्यतन संशोधित आई0एस0–15500 (पार्ट–1– 7)/2004 के अनुसार स्पेयर पार्टस की आपूर्ति वर्ष 2022–23 | 22,00,000.00 | 44,000.00 | 5000.00 | 31.03.2023 |

**निविदा की नियम एवं शर्ते :**– विस्तृत जानकारी वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

PR.NO.292628 Drinking Water and Sanitation(22-23):D
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement very Short Notice**
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/57/22-23 Dated 14.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Construction of H.L. bridge over Dhobni River in 12th Km of Ketar-Kandi road at Garhwa District in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category- II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 70 m |
| 3 | Work completion time | 45 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 16.03.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 23.03.2022, 15.00 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 24.03.2022, 15.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi.

PR 292621 Road(22-23)#D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
**SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND**
*(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)*
Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi
e-mail- sajha9@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Notice No. 38, Dated : 14/03/2023

The undersigned, invite the sealed Tenders in two parts, Part-I (Technical part) and Part-II (price part) subscribed on sealed envelope from the reputed tenderers having good experience and financial soundness of following similar type of civil works and having sound financial status

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1/PR/SAJHA /2022-23 | Renovation of Hostel Building Nadia High School at Lohardaga. | 22,16,061/- | 44,500/- | 5,000/- | 2 months |
| 2/PR/SAJHA /2022-23 | Repair of Hostel Building of Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi. | 12,37,069/- | 24,750/- | 2,500/- | 45 Days |
| **Last date and time for submission of tender** | | | Up to 29/03/2023 up to 5.00 PM | | |
| **Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial)** | | | At 3.30 PM on 31/03/2023 | | |
| **Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part)** | | | Will be Communicated later on | | |
| **Tendering Officer and address for communication** | | | Executive Director office, SAJHA, Morabadi, Ranchi | | |

1. Tender documents can be purchased from the office of Civil wing SAJHA from 23/03/2023 to 28/03/2023 upto 10:00 am to 4:00 pm after depositing cost of BoQ (Non-refundable) on office working hour, in the name of **SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND, Morhabadi, Ranchi** in shape of Bank Draft.
2. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/to extend the date of sale/submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers of reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Sd./- Executive Engineer
Sports Authority of Jharkhand

PR 292619 Art Culture Sports and Youth Affairs (22-23)_D

**MINOR IRRIGATION DIVISION, BOKARO**

**e-Procurement Notice inviting Very Short Tender**

**Very Short Tender Reference No DMFT/MID/BOKARO/F$_2$-25/2022-23 Date:- 14.03.2023**

(1) Date of Publication of Tender on website: 23.03.2023 12:30 P.M.
(2) Last date/time for receipt of bids online:- 28.03.2023 Up to 5:00 P.M.
(3) Last date for receipt of bid Fee, Security and other documents: 29.03.2023 Up to 5:00 P.M.
(4) Date of Opening of Tender on website : 31.03.2023 1:00 P.M.
(5) Name & address of office Inviting tender: Excutive Engineer, Minor Irrigation Division, Bokaro, Camp-II, Qr. No- D/1, B. S. city, Bokaro, Jharkhand, Pin code- 827001
(6) (a) Contact no of e-Procurement Officer: 6207014510
(b) E-mail of e-Procurement Officer : eemidbok-cemr-jhr@nic.in

| Gr. no | Name of the work | Estimated Cost ( Rs) | Time of Completion | Earnest Money ( Rs) | Tender fee | Helpline number of e-Procurement cell |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत बिरनी में रामाकांत शर्मा के जमीन से लेकर पूर्णी पोखर तालाब तक 330 फीट गार्डवाल का निर्माण। | ₹ 1350800.00 | 6 माह | ₹ 27100.00 | ₹ 2500.00 | 6207014510 |
| 2 | नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत भलमारा ग्राम सारुबेड़ा गंझुटोला के तालाब में दोनों साईड 300 फीट गार्डवाल का निर्माण। | ₹ 3803700.00 | 6 माह | ₹ 76100.00 | ₹ 5000.00 | |
| 3 | चंद्रपूरा प्रखड अंतर्गत पंचायत अलारगो में राजा बांध का जिर्णोधार। | ₹ 4017500.00 | 6 माह | ₹ 80400.00 | ₹ 5000.00 | |
| 4 | चंद्रपूरा प्रखड अंतर्गत ग्राम चंद्रपूरा पंचायत दुग्दा उत्तरी में आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या–72 की चाहरदीवारी निर्माण। | ₹ 822300.00 | 6 माह | ₹ 16500.00 | ₹ 1250.00 | |
| 5 | नावाडीह प्रखड अंतर्गत पंचायत कंजकिरो में पीपराबांध का जिर्णोधार। | ₹ 3072800.00 | 6 माह | ₹ 61500.00 | ₹ 5000.00 | |

Note:- Only e-Tenders will be accepted. The Tender amount may be changed at time of publication on website.
Futher details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Bokaro

PR 292631 Minor Irrigation(22-23)#D

भाजपा के हंगामे के कारण बंद करना पड़ा सदन की कार्यवाही का लाइव प्रसारण

# नियोजन नीति पर रगड़ा-झगड़ा, स्पीकर नाराज मुख्यमंत्री से जवाब की मांग पर अड़ा रहा विपक्ष

**सदन के अंदर–बाहर भाजपा और बाबूलाल का अलग दिखा स्टैंड**

**उदय चौहान**

**रांची।** विधानसभा में बुधवार को भी नियोजन नीति को लेकर भाजपा हमलावर बनी रही। प्रथम पाली से लेकर द्वितीय पाली तक भाजपा विधायकों ने जमकर बवाल काटा और अंत में सदन का वॉकआउट किया। इसके पहले स्पीकर ने स्लोगन टी-शर्ट पहनने पर कड़ा ऐतराज जताया। बाद में, स्पीकर ने इस पर नियमन भी जारी किया। कहा जा सकता है कि अब सदस्यों के व्यवहार से सदन की गरिमा को भारी ठेस पहुंचने लगी है। यह संसदीय लोकतंत्र के लिये शुभ नहीं है। वैसे, झारखंड विधानसभा ने कई झंझावात झेले हैं। बावजूद इसके बुधवार का दिन काला उदाहरण पेश करने वाला रहा।



### मैं ऐसा मंत्री कभी नहीं था : लोबिन

झामुमो के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने एक बार फिर सरकार को आइना दिखाया। दरअसल, श्री हेम्ब्रम ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से पेसा कानून लागू करने का मुद्दा उठाया था। इस पर प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि वरिष्ठ सदस्य भी मंत्री रहे और इन्हें कार्य संचालन व प्रक्रिया की जानकारी होगी। आलमगीर आलम ने कहा कि मंत्री रहते प्रक्रिया का पालन करना पड़ता है। इसलिये, पेसा कानून लागू करने की तिथि बताना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि 15 विभागों का सर्वे रिपोर्ट आने के बाद पेसा कानून लागू किया जायेगा। श्री हेम्ब्रम ने मंत्री को टोकते हुये कहा कि सभी विभागों को नियमावली बनाकर संवैधानिक रूप से पंचायतों को सुदृढ़ करना था। लेकिन, अब तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है। पेशा कानून शेड्यूल एरिया के लोगों के लिए कवच है। श्री हेम्ब्रम ने कहा कि वे ऐसा मंत्री (आलमगीर जैसा) कभी नहीं थे।

**जनता की नजर सदन पर, जवाब दे सरकार : भानु प्रताप शाही**

सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि 4 दिन से नियोजन नीति पर भाजपा विधायक मुख्यमंत्री का जवाब मांग रहे हैं। चलते सदन में राज्य की जनता की नजर विधानसभा पर होती है। राज्य में बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है। जब सदन चल रहा है, उस दौरान कैबिनेट से नियोजन नीति लायी गयी। पहले तो यह कैबिनेट में लाना नहीं चाहिए था और अगर लाए हैं तो उस पर सरकार जवाब क्यों नहीं दे रही है। इसके बाद भाजपा के विधायक 1932 का क्या हुआ के नारे लगाने लगे।

**कार्यवाही को छिछला बनाना चाहते हैं क्या : स्पीकर**

स्पीकर बुधवार को शुरू से ही भाजपा विधायकों से सदन की मर्यादा को बनाये रखने का आग्रह करते रहे। उन्होंने कहा कि अगर आप सदन की कार्यवाही को छिछला बनाना चाहते हैं तो हमको कोई तकलीफ नहीं है। सदन को चलाने में सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिका समान है। अगर आप चाहते हैं कि देश के दूसरे विधानसभा की तरह आप भी यहां करेंगे तो यह ठीक नहीं है। अगर भाजपा विधायक सदन नहीं चलाना चाहते हैं तो कहें, हम सदन की कार्यवाही को बंद कर देते हैं।

**लगता है स्पीकर की कुर्सी दाहिनी ओर कुछ ज्यादा झुकी है : सुदेश महतो**

आजसू विधायक दल के नेता सुदेश महतो ने सदन में स्पीकर की भूमिका पर ही सवाल उठा दिया। उन्होंने व्यवस्था के तहत कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि स्पीकर सदन को चलाना चाहते हैं लेकिन विपक्ष की सिर्फ एक ही मांग है कि मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर बयान दें तो यह स्पीकर का दायित्व है कि वे सरकार से जवाब दिलवायें लेकिन, ऐसा लगता है कि स्पीकर की कुर्सी दाहिनी ओर (सत्ता पक्ष की ओर) कुछ ज्यादा झुकी हुई है। इस पर स्पीकर ने कहा कि उनकी भूमिका पर सवाल उठाना सही नहीं है।

## आम्रपाली खदान से कोयले की चोरी का मामला सदन में उठा



**रांची।** विधायक सरयू राय ने अल्पसूचित प्रश्न के तहत आम्रपाली खदान से ओवरलोडिंग के जरिए कोयला चोरी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर 2021 को खान निदेशक के आदेश से आम्रपाली खदान से शिवपुरी रेल तक कोयला ढुलाई की जांच की गयी थी। जिला परिवहन पदाधिकारी सदस्य थे। समिति ने जांच रिपोर्ट में कहा था कि 7 दिनों के भीतर इसपर रोक लग जायेगी। लेकिन साल भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इसपर कोई करवाई नहीं हुई और ओवरलोडिंग और कोयले की चोरी जारी है। उन्होंने पूरे मामले की जांच विधानसभा की कमेटी से कराने की मांग की। इसपर परिवहन मंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि ओवरलोडिंग नहीं हो, इसके लिए जिला प्रशासन, परिवहन और खान विभाग संयुक्त रूप से काम कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले सांसद संजय सेठ

## अप्रैल में 6 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का होगा शिलान्यास

**ईचागढ़ के देवलटांड़ में सड़क निर्माण को स्वीकृति चांडिल में नये बाईपास निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री ने दी सहमति**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के क्रम में सांसद श्री सेठ ने उन्हें एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की गति प्रगति से संबंधित विषय से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को आश्वस्त किया कि एक साल के अंदर उसका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। केंद्रीय मंत्री से 3 हजार करोड़ की लागत वाले ओरमांझी, गोला, बोकारो तक बनने वाले एक्सप्रेस हाईवे और 3 हजार करोड़ की लागत वाले रांची, कुडू, विंढमगंज एक्सप्रेस के शिलान्यास से संबंधित मुद्दे पर चर्चा की।



इसके अतिरिक्त सांसद ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ही चांडिल में प्रस्तावित निमार्णाधीन अंडरपास से पित्तकी रेलवे फाटक तक 4 किलोमीटर नए बाईपास के निर्माण और चांडिल गोल चक्कर एनएच-32 से पित्तकी फाटक तक सड़क मरम्मत कार्य के संबंध में भी केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय मंत्री ने इन दोनों ही योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन किए जाने पर अपनी सहमति जताई।

## खबर एक नजर में

### घोलप रमेश बने ग्रामीण कार्य विभाग में संयुक्त सचिव

**रांची।** राज्य सरकार ने पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत घोलप रमेश गोरख को संयुक्त सचिव ग्रामीण कार्य विभाग के पद पर नियुक्ति एवं पदस्थापित किया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### भाप्रसे के दो अधिकारियों को मिली प्रोन्नति

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों पोस्टिंग की है। नव प्रोन्नत आईएएस अधिकारी रवि रंजन कुमार विक्रम को अगले आदेश तक संयुक्त सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में पदस्थापित किया गया है। वहीं पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहीं मेघा भारद्वाज को संयुक्त सचिव स्वास्थ्य विभाग के पद पर पदस्थापित किया गय है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### एसिड पीड़िता के मामले में 2 सदस्यीय पैनल गठित

**रांची।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले की सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट में हुई। अदालत ने मामले में 2 सदस्यीय पैनल गठित किया है। जिसमें सिविल सर्जन, हजारीबाग एवं चेयरमैन डालसा हजारीबाग रहेंगे। इन्हें कोर्ट को बताना है कि एसिड पिलाये जाने के बाद पीड़िता की कितनी इंजुरी हुई थी और अब उसकी क्या स्थिति है। उसे मुआवजा मिला है या नहीं, इस संबंध में 2 सप्ताह में पैनल को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। खंडपीठ ने राज्य सरकार को भी मामले की अब तक की अनुसंधान के अद्यतन जानकारी भी देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 5 अप्रैल को होगी। दरअसल, वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था।

### सुरेंद्र कुमार ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के मुख्य अभियंता

**रांची।** ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के नये मुख्य अभियंता सुरेंद्र कुमार होंगे। जलसंसाधन विभाग ने इनकी सेवा मुख्य अभियंता लघु सिंचाई रांची, अतिरिक्त प्रभार प्रबंध निदेशक झालको से स्थानांतरित करते हुए ग्रामीण कार्य विभाग को दी है। अब ग्रामीण कार्य विभाग इनकी पोस्टिंग मुख्य अभियंता विशेष प्रमंडल के पद पर करेगा। जलसंसाधन विभाग ने इसके अलावा राजेश कुमार चौधरी, मुख्य अभियंता, अग्रिम योजना, रांची को अपने कार्यो के साथ अतिरिक्त मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई रांची तथा प्रबंध निदेशक, झालको का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जलसंसाधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। आपको बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय के जांच में फंसे ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को निलंबित कर दिया गया है। यह पद 28 फरवरी से ही खाली था।

### जेइ के आवास से 2.5 करोड़ बरामदगी मामले में इडी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे : हाइकोर्ट

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग, सरायकेला–खरसावां के तत्कालीन जूनियर इंजीनियर के जमशेदपुर स्थित आवास से करीब ढाई करोड़ रुपए कैश बरामदगी मामले की सीबीआई जांच कराने का आग्रह करने वाली पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट ने ईडी को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। प्रार्थी की ओर से बताया गया कि जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के जमशेदपुर आवास से नवंबर 2019 में करीब ढाई करोड़ बरामद हुए थे लेकिन यह किसका है यह पता नहीं चल पाया था। एसीबी ने इस मामले में सिर्फ सुरेश प्रसाद को जेल भेज दिया। सुरेश प्रसाद ने कहा था कि यह रुपया किसका है पता नहीं। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि जूनियर इंजीनियर सुरेश प्रसाद के आवास से बरामद करीब ढाई करोड़ रुपए मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की भी सहभागिता है, हाल ही में ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## पीएम बतायें, मॉरिशस की कंपनी को देश में डिफेंस का ठेका कैसे मिल रहा : गौरव बल्लभ

**कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भाजपा पर कसा तंज कहा– अडानी को बचाने को तरीके अपना रहे पीएम**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो गौरव बल्लभ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मित्र अडानी को बचाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपना रहे हैं। संसद के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि सरकार खुद कह रही है कि संसद नहीं चलने देंगे। पूरा देश जान रहा है कि जहां-जहां पीएम जा रहे हैं वहां-वहां उनके मित्र अडानी भी जा रहे हैं। उन्होंने नया खुलासा करते हुए बताया कि मॉरिशस के शेल कंपनी के जरिये अडानी को पैसे मिल रहे हैं, यही नहीं मॉरिशस की कंपनी को देश में डिफेंस के ठेके भी मिल रहे हैं। उन्होंने पीएम से पूछा है कि एक विदेशी कंपनी को देश में डिफेंस के ठेके कैसे मिल रहे हैं? केंद्र सरकार जेपीसी बनाने में क्यों संकोच कर रही है, जबकि उस कमिशन में 70 प्रतिशत लोग उनके ही होंगे। प्रधानमंत्री को बताना चाहिये कि शेल कंपनी के ऑनर कौन हैं?

**ईडी और जांच एजेंसी को अडानी का पता नहीं मिल रहा है क्या :** अमीरों की सूची में 600 के पायदान से विश्व के नंबर 2 पर पहुंचने वाले अडानी का पता ईडी और जांच एजेंसियों को नहीं मिल रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ये आश्चर्य की बात है कि देश में चाहे वो एयरपोर्ट के निजीकरण की बात हो या फिर रेलवे के विस्तारिकरण की बात हो, उसका ठेका केवल अडानी को ही क्यों दिया जाता है? देश में और भी तो कंपनियां है, उन्हें यह काम क्यों नहीं मिलता है? मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोदी और अडानी की यारी को लेकर कांग्रेस लगातार आंदोलन कर रही है। मौके पर राजीव रंजन, राकेश कुमार सिन्हा, एम तौसिफ के अलावा कई लोग मौजूद थे।

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की पहली ई-पत्रिका पोषण धारा का लोकार्पण

## योजनाओं का लाभ हर घर तक ससमय पहुंचे : जोबा मांझी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा मांझी ने पदाधिकारियों को पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ ससमय दिलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में जो भी समस्याएं या शिकायतें आ रही हैं, उन सभी शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें, ताकि लाभुकों को परेशानी न हो। मंत्री जोबा मांझी बुधवार को अपने विभागीय पदाधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रही थीं।



मौके पर उन्होंने विभाग की ओर से पहली ई-पत्रिका पोषण धारा का लोकार्पण भी किया। इस पत्रिका को यूनिसेफ द्वारा तकनीकी सहयोग से संपादित किया गया है। इसका संपादन विभाग के सहायक निदेशक कंचन सिंह ने किया है। उन्होंने कहा कि इस पत्रिका का मुख्य उद्देश्य झारखंड के सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्रों से कुपोषण के दुष्चक्र से महिलाओं व बच्चों को बाहर निकालना है। इस पत्रिका के जरिये क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों, सहयोगियों और लाभार्थियों, किशोरी बालिकाओं व बच्चों को एक साझा मंच देने का भी प्रयास है। मौके पर विभाग के सचिव कृपानंद झा, निदेशक छविरंजन, राज्य बाल संरक्षण संस्था की निदेशक बी राजेश्वरी, संयुक्त सचिव अभय नंदन अम्बष्ट, कंचन सिंह, अर्चना मेहता, राजेश प्रजापति समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### पूर्वी सिंहभूम जिले को मिला पहला स्थान

पिछले वर्ष मार्च में आयोजित पोषण पखवाड़ा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला पूर्वी सिंहभूम को पहला स्थान मिला। वहीं, सितंबर 2022 में आयोजित पोषण माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाला गुमला जिला को पहला स्थान मिला है। मंत्री जोबा मांझी की ओर से दोनों जिलों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सुप्रभात
रांची, गुरुवार
16.03.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 240



12 कंगना रनौत ने पूरी की चंद्रमुखी-2 की शूटिंग

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Bank Education Loan Facility. •Thrust on Research & Development.
•Scholarship upto 1 Crore. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### झारखंड में अब 24 को होगी सरहुल की छुट्टी

रांची। झारखंड में सरहुल की छुट्टी अब 23 नहीं बल्कि 24 मार्च (शुक्रवार) को होगी। इस दिन राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश होगा। कार्मिक विभाग ने अवकाश संबंधित आदेश में संशोधन किया है।

### बरियातू दारोगा को इडी ने भेजा सम्मन

रांची। बरियातू थाना में पदस्थापित दारोगा प्रयाग दास को ईडी ने सम्मन भेजा है। दारोगा को 20 मार्च को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। दारोगा पर आरोप है कि रिम्स में पंकज मिश्रा जब एडमिट थे तो उनसे मुलाकात करने गये थे। इसी मुद्दे पर दारोगा को बुलाया गया है। जब पंकज मिश्रा रिम्स में एडमिट थे तो प्रयाग दास की तैनाती रिम्स में ही थी।

### सीएम-गुरुजी से मिले सीसीएल के सीएमडी

रांची। बुधवार को सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात की। विधानसभा के सीएम कक्ष में हुई इस मुलाकात में उन्होंने 26 मार्च को कोल इंडिया लिमिटेड के कोल इंडिया मैराथन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए दोनों से आग्रह किया।

### मैट्रिक की परीक्षा देने जा रही बेटी को हाइवा ने रौंदा

रांची। खेलगांव थाना क्षेत्र के दीपाटोली आर्मी कैंप के पास मैट्रिक की परीक्षा देने जा रही आर्मी पब्लिक स्कूल की छात्रा सिमरन को हाइवा ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसके नाना गंभीर हैं।

### पशु तस्करी मामले में सीए कोठारी गिरफ्तार

कोलकाता। पशु तस्करी घोटाला मामले में टीएमसी के नेता अनुब्रत मंडल के चार्टर्ड अकाउंटेंट मनीष कोठारी को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारी ने कहा कि वह सहयोग नहीं कर जांच को भटकाने की कोशिश कर रहा है।

### आत्महत्या से आक्रोशित जगुआर जवानों का हंगामा

पलामू। जिले के ट्रेनिंग कैंप में जगुआर जवान अनीष वर्मा की आत्महत्या के बाद साथियों में भारी आक्रोश दिखा। जवानों ने जमकर हंगामा किया। साथियों ने सीनियर अधिकारियों के साथ मारपीट भी की। एसपी को घेर जवानों ने डीएसपी पर कई आरोप लगाये हैं। अनीष इंडियन रिजर्व बटालियन 3 के जवान थे और 2015 से जगुआर में तैनात थे।

### रिम्स के डेंटल कॉलेज को मिली मान्यता

रांची। भारतीय दंत परिषद से रिम्स डेंटल कॉलेज को मान्यता मिल गयी है। रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व का क्षण है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने डेंटल कॉलेज के सभी शिक्षकों, पूर्व डीन और पूर्व प्राचार्य को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल मौजूदा छात्रों को बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी लाभ होगा। मान्यता नहीं होने की वजह से हर साल बीडीएस में दाखिले के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हर साल डेंटल कॉलेज में नियमित प्रवेश होंगे।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |

## टी-शर्ट की भेंट चढ़ा सदन : विपक्ष के वॉकआउट के बीच छह विभागों की अनुदान मांग पारित

# कई क्षेत्रों में नंबर वन बना झारखंड : आलम

- ग्रामीण विकास विभाग का 8165 करोड़ रुपये का बजट पास
- ग्रामीण विकास मंत्री ने गिनायी सरकार की उपलब्धियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन बुधवार को भी सदन में भारी शोरगुल व नारेबाजी होता रहा। नियोजन नीति पर भाजपा के हंगामे के कारण लगातार तीसरे दिन प्रश्नकाल बाधित रहा। स्पीकर ने सदस्यों को गरिमापूर्ण व्यवहार करने की सख्त हिदायत भी दी। दोनों पालियों में सदन की कार्यवाही चार बार स्थगित हुई। पीला टीशर्ट पर 60-40 के नारे और 1932 के मुद्दे पर सदन में सुबह से लेकर शाम तक हंगामा जारी रहा। हंगामे और भाजपा के वाकआउट के बीच सदन में बिना चर्चा छह विभागों का अनुदान मांग (बजट) पास हो गया। इसके पहले प्रभारी मंत्रियों ने पथ निर्माण, भवन निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग और पंचायती राज विभाग के बजटीय अनुदान मांग रखे। मंत्री आलमगीर आलम ने हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनायी और कहा कि कई क्षेत्रों में आज झारखंड काफी आगे है। इसके बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी।

**कनेक्टिविटी के मामले में आज झारखंड नंबर वन :** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने बजट प्रस्ताव पर कहा कि हम घोषणा नहीं, काम पर विश्वास करते हैं। कहा कि कनेक्टिविटी के मामले में आज झारखंड देश में नंबर एक पर है। तीन वर्ष में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1700 किमी सड़क को आवागमन योग्य बनाया गया है। गांव के बच्चों के हुनर को निखारने के लिए पंचायतों में खेल का मैदान तैयार करवाया है। खेल सामग्री बांटी जा रही है। पंचायत सशक्तीकरण के लिए योजनाएं बन रही है। पंचायत सचिवालय का गठन किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 8165 करोड़ रुपये का अनुदान मांग प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हो गया। (शेष पेज 11 पर)



**सरकार के खिलाफ विपक्ष की नारेबाजी :** सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर डॉ रवींद्र नाथ महतो ने स्लोगन लिखा टी शर्ट पहनकर सदन में आने पर कड़ी आपत्ति दर्ज की। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। हंगामे के बीच स्पीकर ने पहले सदन की कार्यवाही 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही पुनः 12.35 बजे शुरू हुआ। फिर हंगामा शुरू हो गया। भाजपा विधायक 12.45 बजे वेल में पहुंच गये। इसके बाद पुनः सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लंच के बाद पुनः सदन की कार्यवाही 2.08 बजे शुरू हुई। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने व्यवस्था का हवाला देते हुए टी शर्ट मुद्दे पर कड़ी आपत्ति दर्ज की। इस दौरान विपक्षी विधायकों ने रिपोर्टिंग टेबल को पीटना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ते देख स्पीकर ने 3 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। (पेज 2 भी देखें)

### स्लोगन लिखा टी शर्ट पहनना अनुचित : स्पीकर



स्पीकर रवींद्र नाथ महतो बुधवार को विपक्ष के स्लोगन लिखे टी-शर्ट पहनने से खासे नाराज हुए। उन्होंने नियमन दिया कि स्लोगन लिखा टी-शर्ट पहन कर सदन के भीतर प्रवेश करना अनुचित है। सदन की गरिमा बनाये रखने के लिए लोकाचार व परंपरा का पालन जरूरी है। इसके पहले स्पीकर ने सदन के नियम बताये और भाजपा विधायकों से टी-शर्ट उतारने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि विधायिका की गरिमा सदस्यों के व्यवहार और विधायकी कार्यों से ही बनती है। सदन केभीतर किसी भी तरह का स्लोगन लिखा टी-शर्ट पहनकर आना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भाजपा विधायकों को फटकार लगाते हुए कहा कि आप लोग आज भी स्लोगन लिखा टी शर्ट पहनकर आ गये हैं, यह उचित नहीं है। प्रदीप यादव ने नियम का किताब सदन में दिखाया, तो भाजपा विधायकों ने भी नियम का किताब दिखाया।

# आठ नक्सलियों के ठिकानों पर एनआइए की छापामारी

- विधायक गुरुचरण नायक हमला मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमला मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने तेज कर दी है। इस मामले को लेकर एनआइए ने बुधवार को आठ नक्सलियों के ठिकाने पर छापेमारी की है। जांच एजेंसी ने छापेमारी में भाकपा माओवादी के कई पोस्टर, अवैध कोल्हान राज्य से जुड़े दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये। जिन नक्सलियों के घरों की तलाशी ली गयी, वे सभी माओवादी नेटवर्क के सक्रिय सदस्य हैं। उन लोगों ने पूर्व विधायक पर हमले के लिए भाकपा माओवादी की कार्रवाई टीम के सदस्यों को मदद दी थी। (शेष पेज 11 पर)




### मिसिर बेसरा समेत कई पर प्राथमिकी

एनआइए ने रांची शाखा में मिसिर बेसरा (एक करोड़ का इनामी), रघु, अश्विन, चंदन, मोछू, सुशांत, सागेन, कांडे होनहागा व सोनाराम होनहागा के विरुद्ध जुलाई महीने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। सभी पश्चिम सिंहभूम के गोइलकेरा के हैं। झारखंड पुलिस के खुलासा कर चुकी है कि श्री नायक पर हमले की योजना सुनियोजित थी। इस घटना में कुख्यात नक्सली मोछू के दस्ते का हाथ बताया गया था। जुलाई 2022 में एनआइए ने जांच का जिम्मा संभाला।

**हमले का नामजद आरोपी है विलसन :** गौरतलब हो कि गुरुचरण नायक पर वर्ष 2012 में भी हमला हुआ था। उसके बाद इस मामले में विल्सन गुड़िया को अभियुक्त बनाया गया था। जिसे पुलिस ने वर्ष 2017 में विल्सन को हारता गांव से गिरफ्तार किया था।

## मेडिकल प्रोटेक्शन बिल समेत 40 प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी

# होल्डिंग टैक्स नियमों में होगा बदलाव

- राज्यकर्मियों की प्रोन्नति, वृद्ध कलाकारों का बढ़ेगा पेंशन, बिजली उपभोक्ताओं को राहत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक में 40 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इनमें झारखंड नगर पालिका संपत्ति कर निर्धारण संग्रहण वसूली संशोधन नियमावली 2022 के नियमों में बदलाव, वहीं, शैक्षणिक संस्थानों को होल्डिंग टैक्स में 75 प्रतिशत की राहत, जिला स्तर के सभी पदों के आरक्षण रोस्टर में आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए 10% आरक्षित करने एवं मेडिकल प्रोटेक्शन बिल को स्वीकृति दे दी गयी। इसके अलावा राज्य के श्रेष्ठ और वृद्ध कलाकारों को मासिक मानदेय मिलेगा। पहले जिन्हें 1000 मिलता था अब 4000 मिलेगा। जिन्हें 4000 मिलता था, अब उन्हें 8000 मिलेगा। इसके अलावा जेबीवीएनएल के ग्रामीण और शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को जिनकी खपत 5 किलोवाट तक है उन्हें राहत दी गयी है।

कैबिनेट ने राज्य के सेवा संवर्ग के कर्मचारियों के प्रोन्नति को स्वीकृति दे दी। पंचायत सचिवालय में अब प्रज्ञा केंद्र व लाइब्रेरी खोले जायेंगे। झारखंड पुलिस के लिए 3179 इंसास राइफल और 4767 51 मोटर खरीदने की स्वीकृति दी गयी। झारखंड चिकित्सा सेवा से संबद्ध व्यक्तियों चिकित्सा सेवा संस्थान, हिंसा एवं सम्पत्ति नुकसान निवारणद्ध विधेयकए 2023 की स्वीकृति दी गयी। 1000 प्राथमिक केंद्रों में टेलीमेडिसिन सेवा उपलब्ध कराने के लिए अपोलो का चयन किया गया। रांची के पंडरा से कांके तक 5.5 किलोमीटर सड़क के 4 लेन योजना को स्वीकृति दी गई। मिहिजाम नगर परिषद् हेतु नये कार्यालय भवन के निर्माण हेतु कुल रुपए 4,70,68,909 के द्वितीय पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलन पर पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।

### कृषि उपभोक्ताओं को भी मिलेगा वन टाइम सेटेलमेंट योजना का लाभ

कृषि उपभोक्ताओं को भी वन टाइम सेटेलमेंट योजना का लाभ मिलेगा। कैबिनेट में मनरेगा मद से बिरसा सिंचाई उपसंवर्धन योजना शुरू करने की स्वीकृति दी गयी। 1 साल में एक लाख कूप बनाने का लक्ष्य रखा गया है। रांची सीवरेज परियोजना के शेष कार्य की योजना अब राज्य मद से करायी जायेगी। नेतरहाट आवासीय विद्यालय और इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग की तर्ज पर कोल्हान प्रमंडल और संताल प्रमंडल में दो आवासीय विद्यालय की स्थापना की जायेगी। इसमें कुल 195.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। झारखंड नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के गठन को स्वीकृति दी है। महाराष्ट्र नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की तर्ज पर इसका गठन किया जायेगा। इसमें राज्य सरकार के आईटी डिपार्टमेंट का 45 प्रतिशत महाराष्ट्र नॉलेज कॉरपोरेशन का 15 प्रतिशत और राज्य के विश्वविद्यालयों का 40 प्रतिशत शेयर होगा।

केंद्र प्रायोजित समेकित बाल संरक्षण योजना का संचालन पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत करने की स्वीकृति दी गयी। एचइसी की 18.419 एकड़ भूमि जिसपर पुलिस मुख्यालय, थाना, टीओपी आदि निर्मित एवं संचालित है, का हस्तांतरण गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड को करने की स्वीकृति दी गयी। ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत मनरेगा एवं राज्य योजना मद के अभिसरण से बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी गई। पंचायत सचिवालय सुद्दढ़ीकरण योजना की स्वीकृति दी गई। केंद्र प्रायोजित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजना अन्तर्गत शत प्रतिशत अनुदान पर राज्य में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संचालन हेतु आवश्यक पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी।

## नेपाल-भारत से लेकर चीन तक हिली धरती

नयी दिल्ली, पटना। दिल्ली एनसीआर समेत बिहार के कई इलाकों में देर रात भूकंप का झटका महसूस किया गया। दिल्ली में सबसे जोरदार झटके लगे। वहां भूकंप की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि लोग डर कर घरों से बाहर निकल गये। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर अपने घरों में पंखों और अन्य चीजों के तेजी से हिलने का वीडियो ट्वीट किया है। जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल में धरती से करीब 10 किलोमीटर नीचे थे। इस भूकंप का असर नेपाल, भारत से लेकर चीन तक हुआ है। बिहार में रात को 1:57 बजे आया करीब 10 सेकेंड लंबा था। बिहार में कम तीव्रता और अधिकतर लोगों के सोये होने के कारण भूकंप की सूचना लोगों को सुबह में मिली। बिहार में मुख्य रूप से पटना, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, गोपालगंज, भागलपुर, पूर्णिया जैसे जिलों में लोगों को भूकंप के झटके महसूस किये गये। (शेष पेज 11 पर)

# लालू और राबड़ी समेत सभी आरोपियों को मिली जमानत

**लैंड फॉर जॉब घोटाला**

एजेंसी

नयी दिल्ली। लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में बुधवार को लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी समेत बेटी मीसा भारती की जमानत दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। कोर्ट ने 21 फरवरी को इस मामले में 16 लोगों को समन जारी कर कोर्ट में पेश होने को कहा था। जिसके बाद बुधवार को लालू प्रसाद यादव अपनी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा के साथ कोर्ट पहुंचे। इस दौरान राज्यसभा सांसद मनोज झा भी कोर्ट पहुंचे थे। कोर्ट अब इस मामले में 29 को सुनवाई करेगा।



कोर्ट ने सभी आरोपियों को 50000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी। लालू यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती की तरफ से वकील ने जमानत आवेदन कोर्ट में दाखिल किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बड़ी बात यह रही की सीबीआई ने किसी भी जमानत आवेदन का विरोध नहीं किया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने अपने आदेश में कहा कि सीबीआई ने आरोपियों को बिना गिरफ्तार किये आरोप पत्र दाखिल किया है। (शेष पेज 11 पर)

## एटीएम सहित 16 लाख उड़ाये छह दिन बाद मिली जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। जिला समहरणालय के करीब 200 मीटर दूर एनएच 23 पर चोरों ने पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे से बड़ी घटना का अंजाम दिया है। समाहरणालय से महज कुछ दूरी पर ही एचडीएफसी बैंक के एटीएम से चोरों ने एटीएम सहित 16 लाख 11 हजार 300 रुपये की चोरी कर ली। हैरान करने वाली बात यह है कि बैंक प्रबंधन को इस घटना की जानकारी चोरी के 6 दिनों बाद मिली। इस पूरे एटीएम को काटकर चोर अपने साथ उठा ले गये। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पूरे वारदात की जानकारी एचडीएफसी बैंक के प्रबंधन को 6 दिनों के बाद हुई, जिसके बाद रामगढ़ थाना में एटीएम चोरी को लेकर मामला दर्ज कराया गया है।

दर्ज एफआईआर में एटीएम केयरटेकर अयोध्या साहू ने लिखा कि अज्ञात चोरों ने एटीएम के अंदर 16,11,300 रुपये की चोरी कर ली है। इसके साथ एटीएम में सुरक्षित 3,00,300 कैश एटीएम के साथ में ले गये और इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्रश कर दिया है। चोरों ने वारदात से पहले बिजली आपूर्ति को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था। पुलिस रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन की बात कह रही है।

# सदन में चुप रहना पीएम से ही सीखा है : मुख्यमंत्री

- नियोजन नीति पर भाजपा के हंगामे पर सत्ता पक्ष ने भी दिया करारा जवाब
- वेल में पहुंचकर नारेबाजी करते रहे भाजपा विधायक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा विधायक नियोजन नीति पर मुख्यमंत्री से जवाब देने की मांग को लेकर लगातार सदन के अंदर हंगामा कर रहे हैं। लेकिन, मुख्यमंत्री इसपर कुछ नहीं बोल रहे हैं। बुधवार को भी मुख्यमंत्री सदन में बैठे थे। इसी दौरान भाजपा के विधायक वेल में नारेबाजी कर रहे थे। मुख्यमंत्री उन्हें देख मुस्कुरा रहे थे। हंगामे के बीच स्पीकर को कई बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद विपक्षी विधायक मुख्यमंत्री से कहने लगे कि सदन में जवाब दीजिये, चुप क्यों हैं? सदन से बाहर निकलने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाजपा विधायकों के पास पहुंचे और मजाकिया लहजे में कहा कि सदन में चुप रहना तो आपके ही प्रधानमंत्री से सीखा है। सीएम ने सदन स्थगित होने के बाद भाजपा विधायकों पर तंज कसा। (शेष पेज 11 पर)

### विधानसभा पहुंचे दिशोम गुरु शिबू सोरेन, सीएम से मिले



पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन भी बुधवार को विधानसभा पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की। इस अवसर पर वे विधानसभा सत्र की विभिन्न कार्यवाही से संबंधित गतिविधियों से अवगत हुए। मौके पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री हफीजुल हसन अंसारी सहित अन्य विधायकों ने भी राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।

## बोकारो के लाल ने जीता जूनियर वर्ल्ड कबड्डी चैंपियनशिप खिताब

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। ईरान के उर्मिया में आयोजित दूसरी जूनियर वर्ल्ड कबड्डी चैंपियनशिप को भारत ने जीत लिया है। बोकारो का लाल इस विश्वविजेता टीम का सदस्य है। सागर ने जूनियर वर्ल्ड कबड्डी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। भारत को चैंपियन बनने में मदद की। बोकारो स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। कबड्डी संघ और कबड्डी के खिलाड़ी इस दौरान मौजूद थे। साथ ही बोकारो जिला कबड्डी संघ ने 50,000 रुपये की नगद राशि प्रोत्साहन के रूप में सागर को दी। सागर ने राज्य सरकार से इंडोर स्टेडियम बनवाने की मांग की है, ताकि खिलाड़ी अधिक अभ्यास कर खेल के क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकें। (शेष पेज 11 पर)



# रांची नगर निगम ने साउथ ऑफिस पाड़ा व एजी कॉलोनी में सड़क किनारे से हटाया अतिक्रमण

## आज हवाई नगर व खूंटी रोड में चलाया जायेगा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची शहर के प्रमुख मार्गों पर फेरी वालो, वेंडर्स/ खोमचा, ठेला, रेहडी आदि द्वारा सड़क एवं सड़क फ्लैंक पर अतिक्रमण करने एवं इस कारण सड़क पर यातायात प्रभावित होने के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

इस समस्या के निवारण हेतु उच्च न्यायलय द्वारा वाद संख्या 5518/2021 गोपाल प्रसाद बर्मन बनाम राज्य एवं अन्य में 02 फरवरी 2023 को आदेश पारित कर इस समस्या के सामाधान के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

उपरोक्त आदेश के आलोक में झारखंड न्यायपालिका अधिनियम 2011 की धारा 606 के तहत प्राप्त शक्ति का उपयोग करते हुए बुधवार (15.03.2023) को रिलायंस ट्रेंड के सामने, साउथ ऑफिस पाड़ा, एजी कॉलोनी में सड़क के दोनों तरफ किए गए अतिक्रमण /एवं सड़क पर ठेला, खोमचा, रेहरी, फेरीवाला, फुटपाथ अतिक्रमण को रांची नगर निगम के एन्फोर्समेंट सेल द्वारा हटाया गया।

बताते चलें कि इन्फोर्समेंट टीम द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व सभी अतिक्रमणकारिओं को चौबीस घंटे के अंदर स्वतः अतिक्रमण हटाने हेतु स्पीकर के माध्यम से निदेशित किया गया था।

इसी क्रम में यह भी बताया गया कि गुरुवार (16.03.2023) को हवाई नगर, खूंटी रोड, रांची में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा।

### उपभोक्ता दिवस पर रेलवे स्टेशन परिसर में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

**रांची।** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डालसा सचिव राजेश रंजन, रांची रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी अक्षय शर्मा डीएलएसए रांची के वरीय पैनल लॉयर वीरेंद्र प्रताप, पैनल लॉयर स्वीकृति विनाया, पीएलवी ज्योत्सना गोराई सहित अन्य पीएलवी तथा अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राकेश रंजन ने कहा कि ग्राहकों और कंपनियों दोनों के लिए उपभोक्ता अधिकारों के महत्व को उजागर करने के लिए हर साल 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। इसमें उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित जानकारी का प्रसार करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जता है।

### डीएसपीएमयू के छात्र को गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ परेड को सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कंप्यूटर ऐप्लिकेशन विभाग के छात्र राहुल कुमार को कर्तव्य पथ परेड (26 जनवरी 2023 दिल्ली) में झारखंड राज्य से प्रतिनिधित्व करने के लिए राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने राहुल कुमार को विश्वविद्यालय में बधाई देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस पर विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के तौर पर और राज्यपाल सह कुलाधिपति के द्वारा प्रमाणपत्र मिलने से ने सिर्फ राहुल बल्कि विश्वविद्यालय परिवार भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह उपलब्धि और बढ़े ऐसी कामना है। इस मौके पर डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह, डॉ अनुपम कुमार, डॉ राजेंद्र महतो, डॉ राहुल देव शाह, जाफर अब्बास और डॉ प्रिय रंजन प्रियदर्शी ने भी राहुल कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

#### मृत शिक्षक की पत्नी को मिला 4.32 लाख का चेक



**रांची।** विगत दिनों दिवंगत हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के बीएड विभाग के शिक्षक संजय मिंज की पत्नी आशा कुमारी को बुधवार को विश्वविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की ओर से 4,31,952 रुपए की राशि एकत्रित कर सहयोग राशि के तौर पर चेक के माध्यम से दी गई। यह राशि चेक के द्वारा आज कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने दिवंगत संजय मिंज की पत्नी आशा कुमारी को प्रदान किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा की विश्वविद्यालय प्रशासन हर संकट की घड़ी में अपने शिक्षक और कर्मी के साथ खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा। कहा कि यह सहयोग राशि एक आंशिक योगदान है, जो हम उनके सम्मानस्वरूप दे रहे है।

# सरला बिरला स्कूल में 'ओजस' व 'प्रवाह' अवार्ड समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में छात्रों को सम्मानित करने के लिए 'ओजस' और 'प्रवाह' वार्षिक अवार्ड समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 2200 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। 'प्रवाह' अवार्ड से उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जो अपनी मजबूत इच्छा और दृढ़ संकल्प के बल पर सभी बाधाओं के बावजूद हर दिन विद्यालय पहुंचे। उन्हें ट्रॉफी, बैज और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शैक्षिक क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों का उत्साहवर्धन करने हेतु ट्राफियां, पदक, ब्लेजर्स, बैज और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने हैट-ट्रिक की अर्थात लगातार तीन साल तक शानदार प्रदर्शन किया, उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार, वे विद्यार्थी जिन्होंने क्वाड्रा अर्थात लगातार चार साल तक, पेंटा अर्थात लगातार पांच साल और हेक्सा अर्थात लगातार छह साल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और परफेक्ट सेंचुरी होल्डर्स को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विजेताओं की प्रशंसा की और उनके उन्नत भविष्य की कामना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उन्हें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने और भविष्य में और अधिक पुरस्कार जीतने के लिए प्रेरित किया।

# अब पीएचडी होना जरूरी नहीं, यूजीसी नेट क्वालिफाई बन सकते हैं असिस्टेंट प्रोफेसर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विश्वविद्यालय और कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए अब पीएचडी होना जरूरी नहीं है। जिन अभ्यर्थियों ने यूजीसी नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट) क्वालिफाई किया है, अब विश्वविद्यालयों के असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकते हैं। यूजीसी अध्यक्ष प्रो एम जगदीश कुमार ने उपरोक्त बातें कही हैं. विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में यूजीसी के अध्यक्ष प्रो जगदीश कुमार ने अपने संबोधन के दौरान इस बात की घोषणा की।

#### नये नियम के कारण आया बदलाव

**नये नियम** के अनुसार विश्वविद्यालय और कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए पीएचडी जरूरी नहीं है। यूजीसी नेट क्वालिफाइ करने के बाद असिस्टेंट प्रोफेसर की वैकेंसी में शामिल हो सकते हैं। पुराने नियम के अनुसार इसके लिए पीएचडी होना जरूरी था। यूजीसी ने 2021 में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए निर्धारित योग्यताओं में बदलाव किया था। इससे पहले जुलाई 2023 के अंत तक इसकी अनिवार्यता खत्म रहने की बात कही गयी थी।

**विश्वविद्यालयों में गाइड नहीं रहने से पीएचडी में दिक्कत :** झारखंड के विश्वविद्यालयों में गाइड की कमी के कारण पीएचडी करने में काफी दिक्कत होती थी। कई विषयों में पीएचडी नहीं हो पाता था। इससे शोध करने वाले विद्यार्थियों में चिंता बनी रहती थी। कई अभ्यर्थी असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए आवेदन भी नहीं कर पाते थे। नया नियम आने से झारखंड के अभ्यर्थियों का असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का सपना पूरा हो सकता है।

**जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा के अभ्यर्थियों के लिए हुआ आसान :** झारखंड में जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा के कई विद्यार्थियों ने नेट जेआरएफ क्वालिफाइ किया है। लेकिन गाइड नहीं होने की वजह से पीएचडी नहीं कर पा रहे थे। अब जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा के अभ्यर्थी भी असिस्टेंट प्रोफेसर के लिएआवेदन कर सकते हैं।

## खबर एक नजर में

### ई-कल्याण पोर्टल से स्कॉलरशिप फॉर्म अब 24 मार्च तक भर सकेंगी वीमेंस कॉलेज की छात्राएं

**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज में अध्ययनरत छात्राएं ई–कल्याण पोर्टल से स्कालरशिप फॉर्म अब 24 मार्च 2023 तक भर सकेंगी। प्रभारी प्राचार्या डॉ सुप्रिया ने बताया कि छात्राओं को परेशानी नही हो, इसके लिए आर्ट्स ब्लॉक में तीन काउंटर व साइंस ब्लॉक के लाइब्रेरी में स्थित काउंटर में भी छात्राएं फॉर्म भर सकती हैं। छात्राओं को फॉर्म अच्छी तरह से भरने व सारे कागजात संलग्न करने को कहा है। यह जानकारी कॉलेज के तरफ से टेलिग्राम में भी दी गयी है।

### मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत 18 से

**रांची।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा 18 को तथा 20 से 23 मार्च 2023 तक पूर्वा? 10 : 30 बजे से कार्य की समाप्ति तक व्यवहार न्यायालय, रांची के परिसर में मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए डालसा सचिव ने बैंक व इंसुरेंश कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। डालसा सचिव ने प्रतिनिधियों से अपील की कि वे मोटरयान दुर्घटना से संबंधित अधिक से अधिक वादों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके।

### आइएलसीसी में कार्यशाला आयोजित



**रांची।** इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर ने 15 मार्च 2023 को सदस्यों के लिए संचार कौशल पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी। इसका संचालन निर्वाण एकेडमी ऑफ प्लेसमेंट ट्रेनिंग लालपुर की सुश्री वर्षा अग्रवाल और सुश्री प्रीति ने किया। यह संस्था अकादमी संचार और साक्षात्कार कौशल प्रशिक्षण में पाठ्यक्रम प्रदान करती है। कार्यशाला इंटरैक्टिव थी और सदस्यों ने इसे उपयोगी और सूचनात्मक पाया। वे सक्रिय रूप से शामिल और सहभागी थे।

### गुरु नानक सेवक जत्था का सातवां तीन दिवसीय महान गुरमत समागम 17 से



**रांची।** गुरु नानक सेवक जत्था के तत्वावधान में 17,18 एवं 19 मार्च को सातवां तीन दिवसीय महान गुरमत समागम का आयोजन किया जा रहा ह। यह समागम गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी,रातू रोड आयोजित होगा। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने यह जानकारी दी। बताया कि आयोजन के तहत 17 मार्च,शुक्रवार को सुबह 5:00 बजे कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब से नगर कीर्तन आरंभ होगा। जिसमें पुष्प सवारी पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को विराजमान कर पांच प्यारे और पांच निशानची की अगुवाई में कॉलोनी की विभिन्न गलियों और चौक चौराहों का भ्रमण कराया जाएगा। नगर कीर्तन की समाप्ति वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंच कर सुबह 8:45 बजे होगी। इस उपलक्ष्य में 18 मार्च,शनिवार को रात 8:00 बजे से 11:00 वजे तक एवं 19 मार्च,रविवार को सुबह 10 बजे तो दोपहर 2 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा जिसमें सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई तवनीत सिंह जी (चंडीगढ़ वाले) कीर्तन गायन कर साध संगत को निहाल करंगे। सत्संग सभा द्वारा दोनों दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का लंगर अटूट चलाया जाएगा।

## चालीसा जरूरतमंदों की सेवा करते हुए दान पुण्य करने का समय : कुलदीप तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** चालीसा पुण्य काल ईश्वर के वचनों को सुनने व उसपर अमल करने का समय है। येसु ख्रीस्त दया के सागर हैं वह चाहते हैं कि हम सभी जो ईश्वर के पुत्र पुत्रियां है, उन्हीं की भांति दूसरों के साथ निःस्वार्थ प्रेम में सेवा में बढें। जरुरतमंदों के प्रति उदारता दिखाएं। अपनी समर्थता के अनुसार जरुरतमंद के लिए दान पुण्य करें। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए)के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने यह जानकारी दी। इसे समझाने के लिए उन्होंने एक कहानी का उल्लेख किया। कहा कि दिसम्बर का माह था। 12 साल का एक बच्चा, जिसका नाम जीवांश था, फटे पुराने कम्बल ओढ़े अपनी मां के बगल में सोने का प्रयास कर रहा था। किसी तरह ठिठुरते हुए उसने रात बितायी। जीवांश ने निश्चय किया कि सुबह उठकर वह ईश्वर से प्रार्थना करेगा कि कहीं से उसे पुराना ही सही पर जूता और मोजा मिल जाए। उसने प्रार्थना की और शहर की ओर निकल पड़ा। रास्ते में उसे जूते की एक दुकान नजर आयी। शो केस के पास खड़े होकर जीवांश उन जूतों को बड़े प्यार से निहारने लगा। तभी एक बुजुर्ग महिला ने जीवांश को देखा और समझ गयी कि माजरा क्या है। महिला ने दुकानदार से एक जोड़ी मोजा लेकर बाहर आयी बच्चे के पैर धो कर मोजा पहनाया। फिर बच्चे को अंदर ले गयी। महिला ने दुकानदार से जीवांश के साइज का जूता मांगा और अपनी पसंद के जूते उसे पहना दिए।

येसु मसीह कहते हैं अगर कोई किसी प्यासे को पानी पिलाये, तो समझो वो मुझे पानी पिलाता है। जो छोटे से छोटे कामों में किसी जरूरतमंद की मदद करता है, वह मेरी मदद करता है।

# इफको ने आयोजित किया उर्वरक विक्रेता प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** बेड़ो प्रखंड के झकराकुम्बा सभागार में इफको द्वारा एकदिवसीय उर्वरक विक्रेता प्रभारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेड़ो, नगड़ी, मांडर एवं रातू प्रखंड के 50 खुदरा एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आने वाले खरीफ के मौसम में किस प्रकार धान, मक्का, मडुआ एवं अन्य खरीफ फसलों की खेती उन्नत एवं वैज्ञानिक विधि से की जायें, इस पर चर्चा की गयी।

कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इफको के राज्य विपणन प्रबंधक उपेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि आज कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले सभी आदान काफी महंगे हो गये हैं। ऐसे मे इनके उपयोग में यदि नयी तकनीकों का प्रयोग नहीं कर, परंपरागत तकनीक से ही खेती करेंगे, तो हमें वांछित एवं अधिकतम लाभ नहीं मिल पायेगा। आज खेती में उपयोग होने वाले पारंपरिक उर्वरकों की जगह पर नैनो तकनीक आधारित उर्वरक का आगाज हो चुका है, जो ना केवल उपयोग दक्षता में श्रेष्ठ है, बल्कि इसका मूल्य भी कम है। यह न केवल किसानों की खेती में लागत को कम करता है, बल्कि उत्पादन में वृद्धि कर उनकी आय में दोतरफा वृद्धि करता है। इफको ने विश्व में पहली बार इफको नैनो यूरिया तरल का निर्माण किया है, जो खेती को लाभकारी करते हुए मिट्टी, हवा, पानी एवं वातावरण को भी प्रदूषण मुक्त रखता है। इफको के प्रबंधक चंदन कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि यह नैनो तकनीक से बना उर्वरक है। यह पारंपरिक यूरिया की जगह पर प्रयोग होता है और फसलों में काफी प्रभावी तरीके से काम करता है। आप इसे आगे किसानों तक लेकर जायें, जिससे किसान इसका सही तरीके से प्रयोग कर अधिकतम लाभ ले सकें। अगर आप ऐसा करवाने में सफल होते हैं, तो नैनो यूरिया इस देश में पुनः एक हरित क्रांति लायेगा। इस अवसर पर विस्तार से नैनो यूरिया के प्रयोग, लाभ एवं सावधानी के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर नगड़ी के किसान मित्र प्रभात महतो को उनके नैनो यूरिया के प्रयोग एवं अन्य किसानों को जागरूक करने के किये गये सराहनीय प्रयास के लिए सम्मानित भी किया गया। उपस्थित विक्रेताओं को पावर एवं बैट्री चालित मशीनें भी वितरित की गयीं।

### विशेष मध्यस्थता अभियान के तीसरे दिन डालसा ने 15 मामलों को सुलझाया

**रांची।** व्यवहार न्यायालय, रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान जारी है। वादकारी 17.03.2023 तक मध्यस्थता केंद्र, रांची में आकर मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलझा सकते है। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, भादवि की धारा-498ए के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। ज्ञात हो कि विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 27 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केंद्र में प्राप्त हुए जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थ को सुपुर्द किया गया। इनमें 15 मामलों में सफलता मिली।

# वनवासी विवाह उत्सव कल, 27 जोड़ों की होगी शादी

## रांची के बरियातू रोड के मारवाड़ी आरोग्य भवन-1 में एकल श्रीहरि सत्संग समिति करेगा आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** एकल श्रीहरि सत्संग समिति शुक्रवार (17 मार्च) को तृतीय वनवासी विवाह के उत्सव के रूप में 27 वनवासी जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन कर रहा है। इसका आयोजन रांची के बरियातू रोड स्थित मारवाड़ी आरोग्य भवन-1 में होगा। इसमें एकल अभियान के संस्थापक सदस्य एवं प्रेरणा पुंज श्यामजी गुप्त उपस्थित रहेंगे।

बता दें कि एकल श्रीहरि सत्संग समिति वर्ष 1998 से झारखंड प्रांत में कार्यरत है। इस समिति द्वारा इस समय झारखंड के 7,326 सुदुर वनवासी गांव में सत्संग केंद्र एवं 7,362 एकल विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। इन सुदुर वनवासी गांवों में 6 श्रीहरि मंदिर रथ द्वारा धार्मिक, सांस्कृतिक एवं संस्कार जागरण के काम किये जा रहे हैं।

वनवासी विवाह उत्सव के संयोजक सतीश तुलस्यान ने बताया कि मौके पर राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार, मुख्य अतिथि एवं चिन्मय मिशन रांची के आचार्य पूज्य स्वामी परिपूर्णानंद का आशीर्वचन प्राप्त होगा। 17 मार्च को 11:30 बजे बारात प्रस्थान, दोपहर 12:15 बजे बारात स्वागत एवं द्वार पूजन, दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक मंचीय कार्यक्रम, वरमाला, दोपहर 2 बजे से प्रीतिभोज, अपराह्न 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक शुभविवाह एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कहा कि यह वनवासी विवाह उत्सव कोलकाता निवासी नीरा-बृजमोहन गाड़ोदिया के विवाह की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया है। इस विवाह समारोह में 10 जिलों से 27 जोड़े परिणय बंधन में बंधेंगे। इसमें लातेहार, पलामू, गुमला लोहरदगा, रांची, रामगढ़, सरायकेला, पश्चिमी सिंहभूम एवं सिमडेगा जिले के वर-वधू शामिल हैं। संयोजक सतीश तुलस्यान ने बताया कि इस मांगलिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वागत समिति, आयोजन समिति एवं संचालन समिति बनाया गया है। स्वागत समिति : सतीश कुमार तुलस्यान (संयोजक), प्रेम अग्रवाल, श्रीमती रेखा जैन, श्रीमती उषा जालान, चंद्रकांत रायपत, रमेश धरनीधरका, शिवशंकर उरांव, श्रीमती बबिता जालान, श्रीमती राजकुमारी जैन, डॉ एमएस भटट्, जयदीप मोदी, बासुदेव भाला, संतोष मोदी एवं मनोज तुलस्यान। आयोजन समिति : मुकेश कुमार अग्रवाल, चेतन कुमार अग्रवाल, दीपक कुमार अग्रवाल, श्रीमती स्गीता चितलांगिया, श्रीमती अनुपमा राजगडिया, अमर पोद्दार, संजय खिरवाल, सुमित पोद्दार, श्रीमती देवी मोदी, श्रीमती कृति मारू, प्रशांत सिंह एवं अमन कुमार। संचालन समिति : जितु पहान (संयोजक), डॉ ललन शर्मा, अमरेंद्र विष्णुपुरी, देवकीनंदन दास, संजय साहु, दिलीप कुमार महतो, राजनाथ उरांव, बाबूलाल गोप, राजकिशोर महतो, राजकिशोर यादव, भामिणी भूषण मिश्रा, श्री प्रभाकर पांडेय आदि।

# शीतला अष्टमी पूजा सोल्लास संपन्न बासी भोजन का लगाया गया भोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर बुधवार को शीतला अष्टमी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में महिलाएं परंपरागत वेशभूषा के साथ विधि-विधान के साथ शीतला माता की पूजा की। राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं पवित्रम गोसेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि शीतला अष्टमी को बसौड़ा अष्टमी भी कहा जाता है। बसौड़ा शीतला माता को समर्पित त्यौहार है। यह व्रत होली के आठवें दिन पड़ता है। मान्यता है कि इस दिन शीतला माता की विधि विधान से पूजा करने से बीमारियों से मुक्ति मिलती है और घर में सुख शांति आती है। हिंदू धर्म में शीतला अष्टमी का विशेष महत्व होता है माना जाता है कि इस दिन माता शीतला की आराधना से मनोकामनाएं पूरी होती है। शीतला माता को शीतलता प्रदान करने वाला माना गया है शीतला माता को अष्टमी के दिन बासी भोजन का भोग लगाया जाता है। तदुपरांत इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। इस दिन दिन बासी भोजन करने से शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। शीतला पूजा के दिन पूजा की थाली में दही, पुआ, रोटी बाजरा, सतमी के बने मीठे चावल, नमक पारे और मठरी रखते हैं। दूसरी थाली में आटे से बनी दीपक, रोली, वस्त्र, अक्षत, हल्दी, मौली, होली वाली बड़कुले की माता, सिक्के और मेहंदी तथा दोनों थाली के साथ में ठंडे पानी का लोटा रखते हैं। माता को सभी चीजें चढ़ाने के बाद खुद और घर से सभी सदस्यों को हल्दी का टीका लगाया जाता है। मंदिर में पहले माता को जल चढ़ाकर रोली और हल्दी का टीका, मेहंदी, मौली और वस्त्र, तथा आटे के दीपक को बिना जलाए माता को अर्पित किया जाता है। चढ़ाए जल को सभी सदस्य अपनी आंखों में लगाते हैं। ब्राह्मणों एवं गरीबों को दान भी दिया जाता है।

# वाहनों पर नेम प्लेट लगाने वालों पर क्या कार्रवाई हुई : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वाहनों पर अपने पद के नाम का बोर्ड लगाकर घूमने वालों पर रोक लगाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले में राज्य सरकार से पूरी रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि वाहनों से पद के नाम का बोर्ड हटाने को लेकर क्या कार्रवाई हुई, कितने बोर्ड हटाए गए। वहीं कितने लोगों पर कार्रवाई की गई। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि किन-किन लोगों को बोर्ड लगाना है इससे संबंधित वर्ष 2021 में सरकार की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसे लेकर समाचार पत्रों, सरकार के विभागों, विधानसभा एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को जागरूक किया गया है।

सरकार के रेगुलेशन में बताया गया है कि प्राइवेट या सरकारी वाहनों पर बोर्ड लगाने के लिए कौन लोग अधिकृत हैं, इनके अलावा अन्य के वाहनों पर नेम प्लेट या पदनाम का बोर्ड लगाना प्रतिबंधित है। पूर्व में मामले में सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया था कि वाहनों में नेम प्लेट लगाने को लेकर पहले कोई नियम नहीं बना था, लेकिन वर्ष 2021 में सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी किया था जिसमें यह निर्धारित है कि कौन-कौन अधिकृत लोग सरकारी वाहनों पर अपना पदनाम का बोर्ड लगा सकते हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई अप्रैल माह में निर्धारित की।

बता दें कि गजाला तनवीर ने जनहित याचिका दाखिल कर कहा है कि वाहनों में पदनाम का प्लेट लगाकर लोग वीआईपी कल्चर को प्रमोट कर रहे हैं। लोग सड़कों पर रौब जमाने के लिए अपने वाहनों पर संस्था के पदधारी या राजनीतिक पार्टी या विभागीय अधिकारी आदि का पदनाम लगाकर घूमते हैं।

## नीट पीजी-2023 परीक्षा का परीक्षा परिणाम जारी

**रांची।** राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा-2023 के नतीजे बुधवार को जारी कर दिये गये। आधिकारिक साइट पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस साल नीट पीजी एग्जाम 5 मार्च को देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया था। इसमें करीब 2.09 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। परीक्षा 5 मार्च को 277 शहरों के 902 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। नीट पीजी 2023 प्रश्न पत्र में 200 बहुविकल्पीय सवाल शामिल थे। छात्रों को हर सही जवाब के लिए 4 अंक दिए गए हैं, जबकि हर गलत जवाब पर 1 अंक काटा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने ट्वीट कर कहा कि समय पर नीट-पीजी 2023 का परिणाम घोषित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि एनबीईएमएस ने सफलतापूर्वक पीजी-नीट परीक्षा आयोजित कर और रिकॉर्ड समय में परिणाम घोषित करके बहुत अच्छा काम किया है। मैं उनके प्रयासों की सराहना करता हूं।

## आजसू पार्टी ने रामगढ़ विधानसभा उप-चुनाव जीत की समीक्षा की, सुदेश बोले

# हमें चेहरा चमकानेवाला नेता नहीं चाहिए

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** रामगढ़ विधानसभा उप-चुनाव में शानदार जीत के बाद आजसू पार्टी ने बुधवार अपने केन्द्रीय पदाधिकारियों, विधानसभा और जिला प्रभारियों तथा जिला अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रामगढ़ उप-चुनाव में विजयी रहीं आजसू नेत्री सुनीता चौधरी भी थीं।

बैठक में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने पार्टी नेताओं की एक-एक बातें सुनी और उसके बाद अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ की जीत भाजपा-आजसू की जीत है। एक-एक ईमानदार, कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत है। रामगढ़ के जनता की जीत है। चूल्हा प्रमुखों की जीत है। इस जीत ने आजसू को 2024 चुनाव के लिए सुनहरा मौका प्रदान किया है। अब हमें बिना समय गंवाएं इस मौका का फायदा उठाना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में संभावना है लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव भी हो जाये। इसलिए सभी 81 विधानसभा और 14 लोकसभा क्षेत्रों में अपनी तैयारी शुरू कर दें।

श्री महतो ने कार्यकर्ताओं और अपने नेताओं को उटपटांग बयानबाजी से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सबका मूल्यांकन होगा। एक साल शांत बैठने वाले नहीं हैं।

उन्होंने प्रदेश ईकाई का गठन करने, एक लाख पदेन पदाधिकारी बनाने और 10 लाख सक्रिय कार्यकर्ता बनाने के टास्क को पार्टी महाधिवेशन से पहले पूरा करने की हिदायत दी। सुदेश ने कहा पार्टी में चेहरा चमकानेवाले नेताओं की जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें पार्टी को चमकाने वाले नेता चाहिए। उन्होंने हर विधानसभा में पांच हजार कार्यकर्ता तैयार करने का निर्देश दिया।

बैठक में पार्टी के विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, डॉ यूसी मेहता, रौशन चौधरी, डॉ देवशरण भगत, सुबोध प्रसाद गुप्ता, लोहरदगा विस प्रभारी नीरू शांति भगत, तमाड़ विस प्रभारी रामदुर्लभ सिंह, मुंडा, सरजीत मिर्धा, हटिया विस प्रभारी भरत कांसी, राजेन्द्र मेहता, हसन अंसारी, रांची जिप उपाध्यक्ष वीणा देवी, बनमाली मंडल, ज्ञान सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता मौजूद थे।

**सेकेंड लाइन का नेता को मौका दें** : जिला प्रभारियों व अध्यक्षों को सख्त लहजे में कहा कि आप अपने-अपने जिले में सेकेंड लाइन का नेता भी तैयार करें। उन्हें मौका दें। सोशल मीडिया का जमाना है। अपनी पक्ष मजबूती से रखें। टीवी मीडिया में मुद्दों पर तर्कपूर्ण बात रखें। उन्होंने कहा कि एक लाख पदेन पदाधिकारियों में सिर्फ 13,137 पदेन पदाधिकारी ही 10 रुपये का शुल्क जमा किये हैं, शेष भी अनुशासन का पालन करें।

**केन्द्रीय समिति की बैठक गिरिडीह में** : बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक 27 मार्च को गिरिडीह में होगी। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विधानसभा में आजसू पार्टी जनपंचायत लगाएगी तथा सरकार के वादों और उनके कार्यों का लेखाजोखा जनता के समक्ष रखकर सरकार को आईना दिखायेगी।

**महाधिवेशन अगले माह रांची में होगा** : आजसू पार्टी का महाधिवेशन अगले माह अप्रैल महीने में रांची में होगा। इसकी घोषणा भी सुदेश महतो करेंगे। संभावना है गर्मी का मौसम है रांची उपयुक्त जगह होगा। इसकी भी प्रबल संभावना है कि पार्टी का महाधिवेशन अप्रैल महीने के आखिरी तीन दिन 28, 29 औ 30 को होगा। इसके प्रचार-प्रसार गांव-गांव तक पहुंचाना है।

# तीन दिनी वसंत मेला आज से



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महिला उद्यमियों के उत्पादों के प्रचार-प्रसार और बिक्री के लिए मंच प्रदान करने को लेकर विगत 15 साल से बसंत मेले का आयोजन किया जाता रहा है। मंच की शाखा अध्यक्ष नैना मोर व सचिव रीता केडिया ने बताया कि अग्रसेन पथ स्थित अग्रसेन भवन में आज से तीन दिवसीय 139वां बसंत मेला का आयोजन किया जायेगा। इसका उदघाटन दिन के 11 बजे मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल करेंगी। मेले की संयोजिका अलका सरावगी व सह संयोजिका के रुप में मंजू लोहिया, बीना मोदी व रीना सुरेखा हैं। तीन दिवसीय मेले में कुल 50 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इन स्टॉलो में नवीनतम डिजाईन में लड़कियों एवं महिलाओं के लिए एक्सक्लुसिव डिजाईन के सूट्स, साड़ी, इंडो वेस्टर्न ड्रेस, विभिन्न डिजाइनों की ज्वेलरी, मंगोड़ी, पापड़, आचार जैसे खाद्य सामग्री एवं चटपट चाट के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। मेले में प्रवेश के लिए 5 रुपये शुल्क है। मेले का समय दिन के 11 बजे से शाम 7:00बजे तक होगा। मौके पर बबीता नारसरिया, मधु सर्राफ, शशि डागा, अनु पोद्दार, गीता डालमिया, अनुसूईया नेवटिया, शोभा जाजू, मंजू केडिया, सीमा टाटिया, सरिता अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, मंजू गाड़ोदिया, ललिता नारसरिया, लक्ष्मी पाटोदिया, सुशीला पोद्दार, रेखा जैन, बीना बूबना, विद्या अग्रवाल, छाया अग्रवाल, प्रीति बंका, जया विजावत, अरुणा गुप्ता शामिल थे।

## 15 जिलों में 17 मार्च को होगी ओलावृष्टि, ऑरेंज अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड के 24 में से 15 जिलों में शुक्रवार 17 मार्च को ओलावृष्टि होगी। इसकी सबसे ज्यादा मार किसानों पर पड़ेगी। खेत में लगी गेहूं, सरसों, दलहन, फल एवं सब्जियों पर इसका विपरीत असर पड़ेगा। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि राज्य के पूर्वी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र ने जो रिपोर्ट जारी की है उसमें कहा गया है कि पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट मौसम केंद्र रांची की ओर से जारी किया गया है। झारखंड के इन जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# मैट्रिक परीक्षा देने जा रही छात्रा को हाइवा ने कुचला, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के दीपाटोली के आर्मी कैंट के नजदीक हाइवा ने स्कूटी में जोरदार धक्का मार दिया, जिसमें परीक्षा देने जा रही छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक छात्रा का नाम सिमरन है और उसके पिता आर्मी में हवलदार हैं। सिमरन अपने नाना के साथ परीक्षा देने जा रही थी। उसी समय यह हादसा हुआ। छात्रा के पिता की पोस्टिंग हिमाचल प्रदेश में है। हिमाचल में पोस्टिंग होने की वजह से पूरा परिवार रांची के दीपाटोली आर्मी कैंप के पास ही रहा कर रहा था। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही खेल गांव और सदर थाने की टीम दोनों ही एक साथ मौके पर पहुंची। हालांकि सिमरन की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि उसके नाना सड़क पर घायल पड़े हुए थे। उन्हें आनन-फानन में पुलिस के द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं, मौके से पुलिस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है और हाइवा को जब्त कर थाने ले गई।

**एग्जाम खत्म होते ही पार्टी मनाती सिमरन** : बुधवार को सड़क हादसे में जिस सिमरन की मौत हुई, उसके मौत से गेतलातू (गौतम ग्रीन सिटी) में मातम छा गया। उसे पता नहीं कि अब उसके जीवन का एग्जाम ही खत्म हो जाएगा। सिमरन ने अपने सहेली को बताया था कि बोर्ड एग्जाम खत्म होने के सभी सहेलियों के साथ पार्टी करेगी, लेकिन उसकी हसरत अधूरी रह गई। सिमरन के नाना राजेंद्र प्रसाद का इलाज चल रहा है। सिमरन के पिता सतीश कुमार आर्मी में हैं और छुट्टी बिताकर कर हाल ही में गए हैं।

## खबर एक नजर में

### गवर्नर से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

रांची। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमण्डल की ये शिष्टाचार मुलाकात रही। मुलाकात के क्रम में राज्य के विकास के साथ ही व्यापार-उद्योग की बेहतरी के विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई। इस दौरान चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव अभिषेक रामाधीन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सीसीएल सीएमडी मिले सीएम से, दिया आमंत्रण

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद ने मुलाकात की। श्री प्रसाद ने आगामी 26 मार्च 2023 को कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित होने वाले कोल इंडिया मैराथन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया। इस अवसर पर पीएम प्रसाद ने राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण दिया। मौके पर सीसीएल के नोडल पदाधिकारी एसके झा उपस्थित थे।

### अग्निवीर भर्ती की तारीख अब 20 मार्च

**रांची।** सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए बढ़ाई गई रजिस्ट्रेशन की तारीख, इस तिथि तक कर सकते हैं आवेदनझारखंड के सभी 24 जिलों के पात्र अग्निवीर उम्मीदवारों के सामान्य प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करने की तारीख को बढ़ा दिया गया है। अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए 20 मार्च तक बढ़ा दी गई है।।

### पुरी पीठाधिश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य आज रांची में

**रांची।** पूज्यपाद पुरी पीठाधिश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज आज रांची पधार रहे हैं। दरअसल, स्वामी निश्चलानंद जी महाराज हरमू मैदान में आयोजित विराट धर्मसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा अशोक बड़ाईक ने शंकराचार्य के सेल सिटी में निवास व्यवस्था व 17 मार्च को सुबह दीक्षा कार्यक्रम और संध्या की सेल सिटी वॉलीबॉल ग्राउंड में आयोजित धर्म सभा की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरज सिंह, शिशिर ठाकुर, नवीन झा, पंकज सिन्हा आदि जुटे हुये हैं।

### प्रो अंजना बर्खास्त, निर्मला कॉलेज में हंगामा

**रांची।** राजधानी रांची के निर्मला कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजना को कॉलेज प्रबंधन की ओर से बर्खास्त किए जाने के बाद कॉलेज परिसर में छात्राओं ने जमकर हंगामा किया। छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। निर्मला कॉलेज की छात्राओं ने प्रोफेसर अंजना को वापस बहाल करने की मांग के साथ प्रबंधन पर अपनी नाराजगी जताई। वहीं इस पर प्रिंसिपल ने बताया कि प्रोफेसर अंजना हमेशा मैनेजमेंट के खिलाफ काम करती थी] जिसके लिए उन्हें पहले भी नोटिस दिया गया था। इसके बावजूद उनका रवैया वही रहा।

### आरयू के कर्मियों ने रजिस्ट्रार का किया घेराव

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय और उसके अधीनस्थ कालेजों के कर्मचारियों ने बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार मुकुंदचंद्र मेहता का घेराव किया। सातवें वेतनमान के भुगतान की मांग को लेकर कर्मियों ने रजिस्ट्रार का घेराव किया था। इसके बाद रजिस्ट्रार से वार्ता हुई और उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि 15 दिनों के अंदर सभी कर्मचारियों का वेतन निर्धारण कर सरकार को भेज दिया जाएगा। इसके बाद झारखंड राज्य विश्वविद्यालय महाविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री पवन जेडिया ने कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर सातवें वेतनमान निर्धारण की प्रक्रिया पूरी कर सरकार के पास नहीं भेजी गई तो समस्त कॉलेजों में तालाबंदी की जाएगी। मौके पर अम्बरीश कुमार, रोहित कुमार, ललित उरांव, ए अख्तर, गोविंद झा, ए प्रियदर्शी, सुनील पासवान और प्राण ठाकुर समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### उपभोक्ताओं को जागरूक करना जरूरी : दीपक

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि उपभक्ताओं को जागरूक करना आवश्यक है। श्री प्रकाश बुधवार को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में वर्ल्ड उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकार, कर्तव्य, उपभोक्ताओं की शिकायत, खाद्य सुरक्षा, ऑनलाइन शॉपिंग, साइबर अपराध जैसे विभिन मुद्दों जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ता यह जानें कि बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लिए उनके क्या हक और अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना जरूरी है। श्री प्रकाश के साथ सांसद जेबीएल नरसिम्हा तथा फौजिया खान भी उपस्थित थे।

### देश के पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण हो : आदित्य

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को राज्यसभा में शिक्षा विभाग से संबंधित सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि देश के पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण तथा जल जंगल, जमीन के साथ पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों का ब्योरा उपलब्ध करायें। इस पर शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्कूल पाठ्यक्रमों में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने के लिए जल और संसाधन संरक्षण सहित पर्यावरण जागरूकता को शामिल करना प्राथमिकताओं में है। पर्यावरण के संबंध में पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणालियों और भारत की भविष्य की आकांक्षाओं का समावेश, पर्यावरण के लिए सम्मान का समावेश इसमें शामिल है। उन्होंने बताया कि बीएड कार्यक्रमों में भी पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता का उचित एकीकरण समाहित है। इस संबंध में मंत्रालय द्वारा मिशन लाइफ लॉन्च किया गया है।

# भागवत से प्राप्त होती है भाव व भक्ति की शिक्षा: पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हुटुप गौशाला में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि मानव जीवन का परम कल्याण समर्पण में है। भागवत के हर चरित्र में, प्रत्येक प्रसंग से हमें निष्कपट प्रेम, निश्छल भाव और भक्ति की शिक्षा प्राप्त होती है। पंडित नीरज कृष्ण ने कहा कि हर किसी की कामनाएं अनंत हैं और इस कामनाओं का निपटारा करना चाहते हैं, तो तीव्र भक्ति से श्रीनारायण रूपी भगवान श्री कृष्ण का ध्यान करें। उनकी भक्ति करेंगे, तो सभी कामनाओं की पूर्ति होगी। अगर कोई कामना नहीं भी है, तो भगवान अपने भक्तों को बिना मांगे बहुत कुछ दे देते हैं। पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने ब्रम्हा की उत्पति की चर्चा करते हुए कहा कि श्रीनारायण ने ब्रम्हा को सृष्टि बनाने को कहा। उन्होंने ब्रम्हा को चार श्लोक भी बताये, जिसका इस्तेमाल अगर जीवन में अपनाया जाये तो जीवन धन्य हो जायेगा। श्री नारायण ने ब्रम्हा को बताया है कि सृष्टि से पहले भी मैं था, अभी भी हूं और सृष्टि के नष्ट होने के बाद भी मैं रहूंगा। श्री गोपीकृष्ण सेवा संस्थान रांची के तत्वावधान में आयोजित यह कथा 18 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

## इन्फ्लूएंजा से बचने के लिए कोविड प्रोटोकॉल अपनाएं : रिम्स निदेशक



**रांची।** इन्फ्लूएंजा एच3एन2 तेजी से फैल रहा है। कई राज्यों में बुखार, सांस संबंधित गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ी है। हेल्थ एक्सपर्ट भी इन्फ्लूएंजा से बचने के लिए कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करने की अपील कर रहे हैं। इससे इन्फ्लूएंजा से बहुत हद तक बचा जा सकता है। इसे लेकर बुधवार को रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि अस्पताल में इन्फ्लूएंजा की चपेट में आने वाले मरीजों के लिए बेड चिन्हित कर रखा गया है। 12 बेड ट्रॉमा सेंटर में जबकि 12 बेड आइसोलेशन वार्ड में रिजर्व रखा गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति में इन्फ्लूएंजा के हल्के लक्षण हों तो एंटीबायोटिक की जरूरत नहीं पड़ती है। पैरासिटामोल से इलाज संभव है। हालांकि बीमारी की गंभीरता को देखते हुए कुछ मामलों में एंटीबायोटिक दवा दी जाती है।

**इन्फ्लूएंजा से बचने के लिए अपनाएं ये हैं उपाय** : खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को एक टीशू पेपर/कोहनी से ढकें। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बचें। भीड-भाड़ वाले क्षेत्रों में मास्क का उपयोग करें। बार-बार हाथ धोना चाहिए और स्वांस की बीमारी से पीड़ित मरीज के संपर्क में आने से बचें।

# डीआइजी ने डीएसपी के साथ अपराध की समीक्षा बैठक की, दिये कई टिप्स

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआइजी अनूप बिरथरे ने बुधवार को जिले के डीएसपी के साथ बैठक की। बैठक में डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि इस साल जिले में क्राइम घटा है। क्राइम कंट्रोल और विधि- व्यवस्था के साथ ही रिकवरी के मामले में भी रांची पुलिस अव्वल नजर आ रही है। डीआइजी कार्यालय में डीआइजी ने पुलिसकर्मियों को आम लोगों से संपर्क बढ़ाने तथा उनमें विश्वास पैदा करने के लिए कई टिप्स भी दिए। डीआइजी ने डीएसपी से विभिन्न थानों में तैनात प्रत्येक पुलिसकर्मी तथा अधिकारियों से परिचय लेकर उनकी प्रोफाइल के बारे में पूछा।

**मीटिंग में पेंडेंसी जल्द ही निबटाने व अपराधियों को नहीं बख्शने के निर्देश** : अनूप बिरथरे ने प्रत्येक थाना स्तर पर घटित अपराधों की जानकारी लेने के साथ ही लंबित मामलों को लेकर भी पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने पुलिस वेलफेयर संबंधी मामले, अपराधों की रोकथाम के लिए आम जनों से संपर्क बढ़ाने, संपत्ति चोरी के मामलों में जांच की गति को तेज कर शीघ्र ही मामले का निस्तारण करने, तस्करों पर लगाम कसने तथा एनडीपीएस के मामलों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से गश्त करने के बारे में भी कहा। डीआईजी ने एनडीपीएस के मामलों को पकड़ने के लिए स्थानीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। बैठक में साइबर डीएसपी यशोधरा, सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार, सिटी डीएसपी दीपक कुमार, हटिया डीएसपी राजा मित्रा समेत बेड़ो व खलारी के डीएसपी उपस्थित थे।

## दो बीएसएफ कर्मियों को उम्रकैद और एक को 10 साल कैद की सजा मिली

# रांची के दारोगा ने 8 घंटे में गैंगरेप का किया था खुलासा, अब 8 साल बाद आरोपी को मिली सजा

**पॉक्सो एक्ट के तहत महिला को मिला इंसाफ**

**तत्कालीन रेल एसपी असीम विक्रांत मिंज के निर्देश पर मधुपुर थानेदार ने की थी कार्रवाई**

कुबेर सिंह



तत्कालीन दारोगा अर्जुन तिवारी

**रांची।** चलती ट्रेन में एक 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में 8 साल बाद हावड़ा की अदालत ने सजा सुनायी है। अदालत ने दो बीसएफ जवानों को उम्रकैद और एक को 10 साल कैद की सजा सुनायी है। अभियुक्तों पर 1-1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। हावड़ा कोर्ट के न्यायाधीश सौरभ भट्टाचार्य ने यह सजा सुनायी है। अभियुक्तों द्वारा जुर्माने की राशि नहीं जमा करने पर अतिरिक्त दो साल और एक साल की सजा काटनी होगी। इन आरोपियों को सजा दिलाने में रांची में रहनेवाले एक दारोगा अर्जुन तिवारी की मेहनत है। अर्जुन तिवारी ने उस समय तत्कालीन रेल एसपी असीम विक्रांत मिंज के निर्देश पर 8 घंटे में मामले का खुलासा करते हुए बीएसएफ के एक जवान मंजरिष त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया था। वर्तमान में अर्जुन तिवारी रिटायर्ड हो गए हैं।

### सीआइडी आइजी ने कहा : डिफिकल्ट केस था पुलिस के समक्ष

उस समय रेल एसपी रहे और वर्तमान में सीआइडी आइजी असीम विक्रांत मिंज ने कहा कि वह घटना आज भी मुझे याद है। सच में वह केस बहुत ही डिफिकल्ट था, क्योंकि आरोपी सेना से जुड़ा था लेकिन मधुपुर जीआरपी ने कड़ी मेहनत करने के बाद आखिरकार आरोपी को सजा दिलाने में कामयाब रही।

### आइएएस अधिकारी की बेटी के साथ चलती ट्रेन में की गयी थी हैवानियत

जानकारी के अनुसार गत 27 दिसंबर 2015 को हावड़ा स्टेशन पर टिकट कटाकर एक आइएएस अधिकारी की 13 वर्षीया किशोरी हावड़ा-अमृतसर मेल में सवार हुई। ट्रेन में सेना के जवानों के लिए अलग बोगी होने की वजह से उसमें मौजूद जवानों पर भरोसा कर किशोरी उस बोगी में जाकर बैठ गयी। आरोप है कि बोगी के अंदर मौजूद दो बीएसएफ जवानों ने पहले किशोरी को शराब पिलायी और तीन लोगों ने उससे दुष्कर्म किया। इस बीच हावड़ा से मधुपुर जीआरपी को किशोरी के ट्रेन में होने की खबर मिली। मधुपुर स्टेशन पर जीआरपी ने किशोरी को अपने कब्जे में लिया। इसके साथ ही बीएसएफ के एक जवान को हिरासत में ले लिया गया। घटना के बाद भागे दो बीएसएफ जवानों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। किशोरी की मेडिकल जांच कराने पर उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इसके बाद उसे हावड़ा लाया गया। हावड़ा जीआरपी में मामला दर्ज होने के कारण हावड़ा अदालत में मामले की सुनवाई चली। इनमें से अभियुक्त बालक राम यादव और संतोष कुमार को पोक्सो एक्ट के तहत उम्रकैद की सजा सुनायी गयी। वहीं मंजरिष त्रिपाठी को अदालत ने 10 साल कैद की सजा सुनायी है।

## सूचना आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी अवमानना याचिका पर सुनवाई 29 मार्च को

**रांची।** सूचना आयोग में आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित धनंजय कुमार झा की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता की ओर से सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका की भी सुनवाई इस जनहित याचिका के साथ करने का आग्रह किया गया। इस पर हाईकोर्ट ने धनंजय कुमार झा की जनहित याचिका के साथ ही राजकुमार की अवमानना याचिका की भी सुनवाई निर्धारित करते हुए अगली सुनवाई 29 मार्च को तय की है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के लिए समय देने का आग्रह किया। खंडपीठ ने सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिनों का समय दिया। बता दें कि राजकुमार की ओर से इस जनहित याचिका में हस्तक्षेप याचिका दायर की गयी है। कहा गया है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2020 में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का अंडरटेकिंग दिया था लेकिन अब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है।

# खबर मन्त्र

रांची.गुरुवार .16 मार्च 2023

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


## नाटु-नाटु की जय

यह देश को गौरव प्रदान करने वाला क्षण है। भारतीय फिल्म आरआरआर' के तेलुगु गीत नाटु नाटु' ने अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है, वहीं तमिल भाषा के वृत्तचित्र द्द्यद एलिफेंट व्हिस्परर्स' (नाटा हाथी) ने डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट' श्रेणी में भारत के लिए पहला ऑस्कर जीता। गीतकार चंद्रबोस ने केवल नमस्ते' कहकर पुरस्कार पाने की खुशी जाहिर की। गौरतलब है कि डैनी बॉयल द्वारा निर्देशित ब्रिटेन की फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर' का गीत जय हो' सर्वश्रेष्ठ मूल स्कोर' व मूल गीत श्रेणियों में अकादमी पुरस्कार जीतने वाला पहला हिंदी गीत है। इसके संगीतकार एआर रहमान हैं और इसके बोल गुलजार के हैं। पुरस्कार की घोषणा से पहले नाटु नाटु' के गायक काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने जोरदार प्रस्तुति दी। गीत की प्रस्तुति के लिए आयोजकों ने मंच पर गाने के सेट को दिखाने की कोशिश की। इस गीत की शूटिंग यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में हुई है। फिल्म आरआरआर' के मुख्य कलाकार जूनियर एनटीआर और राम चरण यहां बंद गले का काला सूट पहने नजर आए। फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली बैंगनी रंग का कुर्ता और पारंपरिक धोती पहने नजर आए। द एलिफेंट व्हिस्परर्स' की निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस और निमार्ता गुनीत मोंगा ने रेड कार्पेट पर भारतीय रंग बिखेरा। मोंगा गहरे गुलाबी रंग की पारंपरिक बनारसी साड़ी पहने और गोंजाल्विस भारी कढ़ाई वाली एक ड्रेस पहने नजर आईं।

वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स' की निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए इसे अपनी मातृभूमि भारत' को समर्पित किया। निश्चित ही यह देश के लिये गौरवान्वित करने वाला क्षण है।

## स्वच्छ ऊर्जा पर जोर

बढ़ता वैश्विक तापमान कोई ख्याली घोड़ा नहीं है, जिसका हौवा किन्हीं गैर-सरकारी संगठनों ने खड़ा किया हो और जिसको भारत इसलिए नजरअंदाज कर दे कि उच्च आर्थिक वृद्धि दर और तेजी से बढ़ती प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत के साथ अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की दौड़ तेजी से जीती जा सकेगी। ऐसा करने पर भारत को उस जगह चोट लगेगी जहां सबसे अधिक पीड़ा होती है। नेचर क्लाइमेट चेंज नामक पत्रिका के एक हालिया अध्ययन के मुताबिक यदि विश्व में उच्च स्तर का वैसा ग्रीन उत्सर्जन होता रहा जैसा कि अब हो रहा है तो एशियाई क्षेत्र में बैंकॉक, हो-चि मिन्ह और मनीला के अलावा चेन्नई और कोलकाता ऐसे शहर हैं जिनपर अगली सदी की शुरूआत से पहले बहुत अधिक खतरा बन जाएगा। उच्च खतरा श्रेणी में आने वालों में, पश्चिमी उष्ण प्रशांत महासागरीय द्वीप और हिंद महासागर का पश्चिमी इलाका भी है। यह निष्कर्ष समुद्र की जल-सतह में उत्तरोतर अंतर को अल नीनो कारक से जोड़कर, इसके प्रभाव से बदलते जा रहे मौसम से निकाला गया है। इसलिए, मौसमी बदलाव वह तत्व हैं, जिन्हें यदि भारत नजरअंदाज करेगा तो आगे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। स्वच्छ ऊर्जा बनाना भारत की मुख्यधारा ऊर्जा नीति का अंग नहीं रहा। सबसे ज्यादा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन करने वाले मुल्कों में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है, इस पायदान को लेकर वह खास चिंतित नहीं है। कोई हैरानी नहीं कि भारत के कुल बिजली उत्पादन में 70 फीसदी हिस्सा जीवाश्म ईंधन से पैदा होता है। फिलहाल सतत ऊर्जा का योगदान 10 प्रतिशत ही है और आने वाले सालों में ऊर्जा मांग में बढ़ोतरी एक दशक तक प्रति वर्ष 6 फीसदी की दर से होने की आस है। अपनी स्वच्छ ऊर्जा क्षमता में भी तेजी से वृद्धि सुनिश्चित करनी पड़ेगी।

## फलाहार का असर

**विचार-प्रवाह**

**जग्गी वासुदेव**

**आप** को थोड़ी प्रतीक्षा करनी है और धीरे-धीरे खाना है। हमारे अंदर एक जैविक घड़ी होती है। मान लीजिये, आप अपना सामान्य, पका हुआ भोजन खाने में 10 - 12 मिनट लेते हैं और अगर आप सिर्फ फल खा रहे हैं तो जैसे ही 10 -12 मिनट का समय पूरा होगा, आप का शरीर कहेगा, आप ने पर्याप्त खा लिया है। इसीलिये, आप को जागरूकता पूर्वक ज्यादा खाना है, क्योंकि शरीर यह नहीं देखता कि कितना खाया है, वह बस समय देखता है। अगर आप सिर्फ फलों का भोजन ले रहे हैं और आप बहुत ज्यादा सक्रिय हैं, तो आप को दिन में तीन बार भोजन करने की आवश्यकता पड़ सकती है। यदि आप छह से आठ घंटे सोते हैं तो बाकी के 16 से 18 घंटे के समय के लिये तीन बार सिर्फ फल खाना आप के लिये पर्याप्त है। लेकिन पेट तो दो घंटे में ही खाली महसूस करेगा। इसलिए आप को बड़ी ऊर्जा और खाली पेट की आदत डालनी पड़ेगी। ये वो समय है जब आप का दिमाग सबसे बढ़िया काम करेगा और एक मनुष्य के रूप में आप सबसे अच्छा काम करेंगे।

आप चाहे ज्यादा दिमागी काम करते हों या शारीरिक गतिविधि, फलाहार आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आप नहीं जानते कि आजकल बाजार में मिलने वाले फलों में क्या-क्या भरा होता है। ये थोड़ी समस्या है। मैंने देखा है -जिस तरह के देशी फल हम बचपन में खाते थे, वैसे ये फॉर्म में उगाये गये फल नहीं होते। जो फल हमें आजकल मिल रहे हैं, वे ज्यादा बड़े हैं, ज्यादा गोलाकार हैं और ज्यादा अच्छे दिखते हैं, लेकिन वे बोटॉक्स की तरह हैं।

**कार्टून वर्ल्ड**




**लेटर टू एडिटर**

### शर्मनाक घटना

**देश** की राजधानी में जापानी महिला पर्यटक के साथ होली के अवसर पर कुछ युवाओं द्वारा की गई शर्मनाक घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र सरकार एवं सभी राज्य सरकारों द्वारा द्द्यअतिथि देवो भवद्ध की संकल्पना को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार की जा रही हैं। ऐसे में किसी विदेशी पर्यटक के साथ घटित अप्रिय घटना मन को विचलित करने वाली है।

**-रंधीर कौसिक, मुरी**

### तापमान की चुनौती

**एक** अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने अपने अध्ययन में चेताया है कि सन? 2030 तक मई-जून में गर्मी ज्यादा बढ़ जाएगी और लोगों को उसे सहन करना मुश्किल होगा। वहीं लू से मरने वालों की संख्या में वृद्धि होगी। वैज्ञानिक मानव द्वारा प्रकृति के अत्यधिक दोहन को लेकर चेतावनी देते रहे हैं। आज ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र के पानी का स्तर बढ़ रहा है।

**- सुभाष कुमार, रांची**

# रुस से बढ़ी तेल आपूर्ति के बीच हमारी नीति






**- ए के भट्टाचार्य**

> यह अपने आप में एक पहेली भी है और चिंता का विषय भी है कि रूस आज भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है और इसके बावजूद किसी रिफाइनर ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि रूसी कच्चे तेल की कीमत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लिखित बिक्री मूल्य से अधिक क्यों है? इस बास्केट में केवल दो तरह का कच्चा तेल होता है सॉर ग्रेड यानी ओमान और दुबई एवरेज तथा स्वीट ग्रेड यानी ब्रेंट डेटेड।

**बीते** कुछ महीनों में रूस के कच्चे तेल का आयात तेजी से बढ़ने के साथ ही देश की तेल अर्थव्यवस्था में भी महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है। हालांकि ऐसा लगता नहीं कि इन बदलावों ने ऐसी किसी बहस को जन्म दिया हो कि सरकार तथा तेल कंपनियों को कीमतों के निर्धारण की वर्तमान व्यवस्थाओं और प्रणालियों को नई हकीकतों के मुताबिक समायोजित करना चाहिए।

रूस अब भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा देश बन चुका है। उसने इराक, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर छोड़ दिया है। अमेरिका जो चौथे स्थान पर आ गया था, वह अब भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति के मामले में पांचवें स्थान पर है। रूस के कच्चे तेल अथवा यूरल की आपूर्ति में इजाफा फरवरी 2022 में यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होने के बाद हुआ।

अमेरिका और यूरोप के देशों ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया जिसके बाद यूरल को वैकल्पिक बाजारों का रुख करना पड़ा। भारत के लिए यह एक अवसर था क्योंकि यूरल की कीमत अन्य कच्चे तेलों से 20-30 फीसदी कम थी। भारत ने समझदारी भरी कूटनीतिक पहल के साथ इसका पूरा फायदा उठाया और रूस से तेल का आयात बढ़ा दिया। इस बीच वह पश्चिम की ओर से किसी प्रतिक्रिया से भी बचा रहा।

भारत को रूस से कच्चे तेल की आपूर्ति से कैसे फायदा पहुंचा? मार्च 2022 में जब भारत ने रूसी यूरल का आयात शुरू किया, तब भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में इसकी हिस्सेदारी केवल 1.4 फीसदी थी। दिसंबर 2022 तक यह बढ़कर भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में 28 फीसदी का हिस्सेदार हो गया।

इससे भारत के कच्चे तेल के स्रोतों में बहुत विविधता आ गई। निश्चित रूप से नीतिगत विशेषज्ञ इसे देश की ऊर्जा सुरक्षा में एक जरूरी इजाफा मानेंगे। पश्चिम एशिया पर भारत की निर्भरता में कमी एक स्वागतयोग्य कदम है क्योंकि भारत करीब दो तिहाई तेल आयात वहीं से करता रहा है। यह भी स्पष्ट हो रहा है कि भारतीय तेल बास्केट में रूसी तेल की हिस्सेदारी अभी कम नहीं होने वाली है।

परंतु क्या इस विविधता से देश की कच्चा तेल खरीदने की कुल लागत में भी कमी आई है? याद रहे कि रूसी यूरल इंडियन क्रूड ऑयल बास्केट की तुलना में 20-30 फीसदी तक सस्ता पड़ता है। भारतीय रिफाइनरी भी कच्चे तेल की आयात लागत कम होने से लाभान्वित हुईं और उनकी अपेक्षाएं भी काफी बढ़ गईं। हालांकि सरकार द्वारा जारी आयात के ताजा आंकड़ों से इसे झटका लगा है।

तथ्य यह है कि रूसी कच्चा तेल आयात करने की भारत की लागत यूरल की पहले की अंतरराष्ट्रीय कीमतों से निरंतर ऊंची रही और 11 से 50 फीसदी का यह अंतर भी काफी अधिक रहा है। इतना ही नहीं भारतीय रिफाइनरी द्वारा आयातित यूरल की लागत और कच्चे तेल के इंडियन बास्केट की कीमत में भी शायद ही कोई अंतर हो।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या रूस से आयातित यूरल के परिवहन की लागत और उसका बीमा इतना अधिक हो सकता है कीमत में होने वाली बचत को निष्क्रिय कर दे। या फिर कुछ अन्य कारक भी हैं जो भारत की तेल रिफाइनरी को मूल्य में कमी का लाभ अर्जित नहीं करने दे रहे हैं?

यह अपने आप में एक पहेली भी है और चिंता का विषय भी है कि रूस आज भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है और इसके बावजूद किसी रिफाइनर ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि रूसी कच्चे तेल की कीमत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लिखित बिक्री मूल्य से अधिक क्यों है?

दुर्भाग्य की बात यह है कि ऐसी अस्पष्टता तेल क्षेत्र में कीमतों के निर्धारण में भी शामिल है। उदाहरण के लिए कागज पर तो भारतीय तेलशोधक कंपनियां पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें तय करने के लिए मुक्त हैं लेकिन हकीकत में ये कीमतें अक्सर सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों से प्रभावित रहती हैं।

ऐसे में भले ही कच्चे तेल के भारतीय बास्केट की कीमत जून 2022 के 116 डॉलर प्रति बैरल से घटकर दिसंबर 2022 में 78 डॉलर प्रति बैरल रह गई। मार्च 2023 के लिए जरूर यह थोड़ा बढ़कर 83 डॉलर प्रति बैरल हुई लेकिन पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमत पर इस गिरावट का असर नहीं दिखा।

कहा गया कि कम खुदरा कीमतों का लाभ ग्राहकों को न देकर रिफाइनरों और बाजार को अतीत में हुए लाभ की भरपाई करने का अवसर प्रदान किया गया। ऐसे में कहा जा सकता है कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को बाजार से जोड़ने की जो बात कही जाती है वह काफी हद तक अभी भी कागजों पर ही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारतीय रिफाइनरी इस बात को कैसे स्पष्ट करेंगी कि आखिर उनकी प्रसंस्करण लागत में ज्यादा गिरावट क्यों नहीं आई जबकि उनके द्वारा परिशोधित किए जाने वाले कच्चे तेल में रूसी यूरल की हिस्सेदारी लगातार बढ़ती रही? इस विषय पर स्पष्टता आवश्यक है ताकि यह तय हो सके कि क्या रिफाइनरी का अंडर रिकवरी का दावा उचितहै।

देश के नीति निमार्ताओं को एक और बड़ा प्रश्न हल करना है। कच्चे तेल के भारतीय बास्केट की कीमत के आधार पर ही पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें तय की जाती हैं। इस बास्केट में केवल दो तरह का कच्चा तेल होता है सॉर ग्रेड यानी ओमान और दुबई एवरेज तथा स्वीट ग्रेड यानी ब्रेंट डेटेड। इन दोनों किस्मों के 75.62 और 24.38 के अनुपात से औसत तैयार किया जाता है।

ध्यान दीजिए कि ऐसे आकलन में रूसी कच्चे तेल अथवा यूरल का कोई उल्लेख नहीं किया जाता है। यह सच है कि रूसी यूरल पिछले एक साल से ही भारत के आयात बास्केट में सबसे बड़ा कच्चा तेल बना है लेकिन क्या वक्त नहीं आ गया है कि कच्चे तेल की भारतीय बास्केट की कीमतों के निर्धारण को लेकर नए सिरे से काम किया जाए? आदर्श स्थिति में तो एक डायनामिक बास्केट होनी चाहिए जो भारतीय रिफाइनरों द्वारा प्रसंस्करण के लिए आयात की जाने वाली कच्चे तेल की विभिन्न किस्मों को दशार्ते हों। सरकार को तेल कीमतों में सुधार को हमेशा अपने एजेंडे में ऊपर रखना चाहिए। निश्चित तौर पर उस समय इन्हें एजेंडे में और ऊपर होना चाहिए जब हालात कुछ ऐसे हों कि रूस देश का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया हो।

**खास बात**

## विलावल की कश्मीर पर नाकामी

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने अनजाने ही कश्मीर के सवाल पर पाकिस्तान की नाकामी को उजागर कर दिया है। वे न्यूयार्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कश्मीर का स्थायी राग अलापते-अलापते उनके मुंह से निकल गया कि कश्मीर के सवाल को अंजाम देना बहुत 'ऊंची चढ़ाई' है। इस बात को बिलावल के नाना जुल्फिकार अली भुट्टो अब से 51 साल पहले ही समझ गए थे, जब 1972 के शिमला समझौते में उन्होंने दो-टूक शब्दों में स्वीकार किया था कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विवाद है। द्विपक्षीय यानी इस विवाद का ताल्लुक सिर्फ भारत और पाकिस्तान से है। इसमें किसी तीसरे राष्ट्र या संयुक्त राष्ट्र संघ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों को टांग अड़ाने की जरूरत नहीं है।

यह वही जुल्फिकार अली भुट्टो हैं, जो कहा करते थे कि यदि हमें हजार साल भी लड़ना पड़े तो हम लड़ेंगे और कश्मीर को भारत से लेकर रहेंगे। पाकिस्तान के शोध संस्थानों और विश्वविद्यालयों में मेरे जब भी भाषण हुए, मैंने श्रोताओं से पूछा क्या पाकिस्तान हजार साल में भी कश्मीर को भारत से छुड़ा सकता है? तो सबकी बोलती बंद हो जाती थी। मुझे कई पाकिस्तानी कहते रहे कि कश्मीर हमारे लीडरों के लिए एक जबरदस्त कश्ती है। जो लीडर इसे जितने जोर से दौड़ाता है, वह अपना चुनाव उतने ही जोर से जीतता है लेकिन पाकिस्तान की आज जो हालत हो गई है, उसमें कश्मीर जैसा कोई मुद्दा रह ही नहीं गया है। पाकिस्तानी कश्मीरी ही नहीं, बलूच और पठान भी आजादी और अलगाव की मांग कर रहे हैं।

पाकिस्तान को कश्मीर मुद्दे पर न तो संयुक्त राष्ट्र संघ में कोई समर्थन मिल रहा है, और न ही अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में। इधर तुर्किये और मलेशिया ने थोड़ी चिल्लपों जरूर मचाई लेकिन कश्मीर के सवाल को अब सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने भी खूंटी पर टांग रखा है। बिलावल को अफसोस है कि फलस्तीन के मामले पर संयुक्त राष्ट्र संघ और महाशक्तियां कुछ न कुछ पहल करती रहती हैं लेकिन कश्मीर के मुद्दे पर ये सब चुप्पी खींचे रखते हैं।

बिलावल ने भारत के बारे में बोलते हुए गलती से उसे अपना द्द्यमित्रद्ध और अपना पड़ोसी भी कह दिया।

**विकास** और प्रगति के नये मापदंड स्थापित करता कर्नाटक बेंगलुरु मैसूर एक्सप्रेसवे, धारवाड़, विश्व का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफार्म हुबली।अन्य सरकारें जिन काम में दशक लगा देती है, एक दिन में एक राज्य को इतने सारे तोहफे डबल इंजन सरकार में ही संभव है।

**– अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री**

**आपके ट्वीट**

**कांटाटोली** और सिरम टोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने दोनों फ्लाईओवर के जंक्शन पर स्मूथ ट्रैफिक सिस्टम को लेकर निर्देश दिया। फ्लाईओवर के निर्माण को लेकर आ रही किसी भी तरह की अड़चनों को अविलंब दूर करें। **– हेमंत सोरेन**





**पीएम** का विदेश जाना और वहां अडानी को नए बिजनेस डील मिलना, कोई संयोग नहीं है।

मोडानी ने भारत की फॉरेन पॉलिसी को फॉरेन डील पॉलिसी बना दिया है।

**– राहुल गांधी**

# रूस-यूक्रेन संघर्ष : एक अंतहीन युद्ध की त्रासदी झेलती दुनिया



**सत्यनारायण गुप्ता**

रूस यूक्रेन युद्ध का एक वर्ष हो चला है ।इस युद्ध का कोई परिणाम किसी भी पक्ष के जीत या हार के रूप में अब तक नहीं आया है, लेकिन इसका दुष्परिणाम रुस और यूक्रेन में ही नहीं पूरी दुनिया में देखने को मिल रहा है। इस युद्ध में अब तक 8000 यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं और 13000 घायल हुए हैं ।एक करोड़ तीस लाख लोग बेघर हो चुके हैं। एक आकलन के अनुसार इस युद्ध में एक लाख यूक्रेनी सैनिक तथा दो लाख रूसी सैनिक मारे गए हैं ।कोरोना महामारी के कारण पहले से परेशान विश्व अर्थव्यवस्था को रूस यूक्रेन युद्ध ने कितना खोखला किया है, इसका आकलन अभी होना है।

24 फरवरी 2022 के हमले की शुरूआत के बाद रूसी सैनिक बहुत जल्दी राजधानी कीव के बाहरी इलाकों तक पहुंच गए। खेरसोन, मारियुपोल ,लाहमान सेवेरो, डोनत्सक आदि शहरों पर रूस ने कब्जा कर लिया ।90 हजार करोड़ रुपए का भवन, सड़कें और रेल ट्रैक नष्ट होने के बावजूद किएव को बचाने में यूक्रेन कामयाब रहा?। हालांकि यूक्रेन के डोनेत्सक, लुहान्स्क, जपोरिजिया एवं खेरसोन पर रूस का कब्जा है जहां अब भी युद्ध चल रहा है ।यूक्रेन के 17% हिस्सा अभी भी रूस के कब्जे में है। विशेषज्ञों के अनुसार रूस का एक लक्ष्य डॉनबास को आजाद कराना भी था लोहान्स्क और डोनेत्स्क को डॉनबास कहा जाता है। युद्ध से रूस ने क्राइमिया से रूसी सीमा तक एक जमीनी गलियारा स्थापित कर लिया है जिस पर 2014 में ही उसने कब्जा कर लिया था ।इससे पहले क्राइमिया तक पहुंचने के लिए कर्च जलसंधि पर बना पुल ही एकमात्र रास्ता था।

युद्ध छेड़ने के रूसी मकसद और उसके अंतिम लक्ष्य के संबंध में भले ही विचार भिन्न-भिन्न हों,लेकिन इतना तो तय है कि रूस युद्ध को इतना लंबा शायद ही खींचना चाहता था।

पश्चिमी देशों के परोक्ष समर्थन से ही सही यूक्रेन ने रूस को अब तक कड़ा टक्कर दिया है ।अगस्त 2022 में रूसी एयरबेस क्राईमिया में विस्फोट हुआ तथा अक्टूबर 2022 यूक्रेन ने क्राईमिया के पुल को उड़ा दिया ।जो कि रूस को क्राईमिया को रूस से जोड़ता है। नवंबर 2022 में यूक्रेन ने रूसी सैनिकों को खेरसोन से पीछे हटने को मजबूर किया। हालांकि रूस ने इसे अपनी एक रणनीति बतलाया। सितंबर 2022 में राष्ट्रपति पुतिन ने तीन लाख रिजर्व सेना को लामबंद करने का आदेश दिया तथा यूक्रेन के चार शहरों- दोनेत्स्क, लुहान्स्क, खेरसोन ,जापुरिजिया को रूस में विलय करने के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।

यूक्रेन पर अपने आक्रमण को रूस भले ही आक्रमण नहीं कहकर स्पेशल सैन्य ऑपरेशन कहता है ।किंतु विश्व के अधिकांश देश उसे आक्रमणकारी ही मानते हैं। यही कारण था कि संयुक्त राष्ट्र में रूस के विरुद्ध प्रस्ताव में 141 देशों ने उसके खिलाफ वोट दिया, जबकि भारत और चीन सहित 32 देश अनुपस्थित रहे और मात्र 7 देशों में रूस के पक्ष में मतदान किया। भारत में आयोजित जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में एक सर्व सम्मत बयान सिर्फ इसलिए जारी नहीं हो सका क्योंकि रूस यूक्रेन युद्ध के संबंध में सभी देशों का मत एक समान नहीं था। युद्ध की समाप्ति के लिए चीन द्वारा लाया गया 12 सूत्री शांति प्रस्ताव भी कोई प्रभाव नहीं डाल सका ।क्योंकि यह एकपक्षीय था और पश्चिमी देश चीन को रूस का समर्थक मानते हैं। इसलिए इस युद्ध का निकट भविष्य में अंत होता नहीं दिखता।

# क्रमिक विकास के मूल्यों को भूलता वैश्विक मानव समाज



**अंकिता**

**अनादिकाल** से मनुष्य समाज के क्रमिक विकास का मूल आधार ज्ञान ही रहा है। जैसे-जैसे भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक ज्ञान का विस्तार होता गया, मनुष्य समाज उत्तरोत्तर विकास की सीढ़ियां चढ़ता गया। ज्ञान का अर्थ हुआ, जानना। अर्थात उस विषय की सच्चाई को जानना। जब हम स्पष्टता से किसी विषय को जान लेते हैं तो उस विषय में विश्वास के साथ निर्णय ले कर कार्य कर सकते हैं। आज का कार्य कल आने वाले विकास का कारण बन जाता है और इस तरह कार्य-कारण का ऐसा चक्र चल निकलता है जिससे विकास की गाड़ी सतत गतिशील रहती है। किन्तु किसी भी विषय की वास्तविक सच्ची जानकारी के लिए निष्पक्ष मन की जरूरत होती है। जितने भी शोध कार्य किए जाते हैं उनका परिणाम सच के नजदीक तभी आता है जब वे निष्पक्ष मन द्वारा संचालित होते हैं। भौतिक ज्ञान का क्षेत्र इसे समझने के लिए सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है।

जिस पर आधारित कार्य में आप सफल नहीं हो सकते और विफलता आपको दोबारा सोचने पर बाध्य कर देती है और आप नए सिरे से विषय का सच्चा ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित हो जाते हैं। यदि आप रोगी का इलाज कर रहे हैं तो रोग नियंत्रित नहीं होगा, यदि कोई भी अन्य भौतिक कार्य कर रहे हैं तो वह सही नहीं होगा। आप दोबारा गलती सुधार कर ही आगे बढ़ सकते हैं, और इसके लिए जितना भी समय लगे आपको इंतजार करना पड़ेगा।

तमाम वैज्ञानिक विकास इसी स्तर के ज्ञान के क्रमिक विकास पर निर्भर रहता हुआ आगे बढ़ा है। इसी तरह सामाजिक ज्ञान के आधार पर ही राजनीतिक, आर्थिक और नैतिक विकास का सफर तय हुआ है। मनुष्य समाज चिरकाल तक सुखी, शांत और समृद्ध जीवन जीने की इच्छा रखता है। इसके लिए किसी को ज्यादा सिखाने की भी जरूरत नहीं होती, यह उसकी स्वाभाविक वृत्ति ही है। किन्तु ऐसा जीवन जीने के लिए प्रयास दो तरह से किए जा सकते हैं, एक तो केवल अपने लिए व्यवस्था बनाने के लिए संघर्ष करने का मार्ग है। इस रास्ते पर चल कर हमें दूसरे से छीनने में भी कोई दोष नहीं दिखाई देगा। तो हम छीना झपटी वाला समाज बना लेंगे और सुख-शांति के बदले दुःख और अशांति ही पैदा कर लेंगे। और हमारी समृद्धि भी एक-दूसरे के लिए दुःख और अशांति पैदा करने के साधन इकठ्ठा करने में ही खप जाएगी। इसीलिए दुनिया खेमों में बंटी है। रोज बड़े-बड़े हथियार तैयार हो रहे हैं।

जिन देशों ने गुलामी झेली है वे स्वाभाविक तौर पर इस विषय में अधिक संवेदनशील हैं और हथियारों की दौड़ में अग्रणी होना चाहते हैं। वैश्विक स्तर पर सामूहिक सोच विकसित करके ही इस दिशा में कोई पहल करने के बारे में सोचा जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ हालांकि इस तरह की वैश्विक कल्याणकारी कुछ पहल कर भी रहा है किन्तु सशस्त्र संघर्षों को रोकने के बारे में असमर्थ ही प्रतीत होता है। इसलिए किसी देश को भी अंतरराष्ट्रीय संघर्ष की दौड़ से रोकने का कोई तर्क बचता नहीं है। क्या ही अच्छा हो यदि धीरे-धीरे सभी देशों की सेनाओं को संयुक्त राष्ट्रसंघ के हवाले करके घटाते-घटाते सीमित संख्या तक लाया जाए और देशों को अपनी-अपनी सीमाओं की रक्षा करने के लिए पुलिस ही पर्याप्त हो, यदि कोई देश वैश्विक सहमति से बनी व्यवस्था का उल्लंघन करने की जिद पकड़ ले तो उसके विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ की सेना द्वारा ही कार्रवाई की जाए।

(प्रशिक्षु छात्रा संत जेवियर कॉलेज रांची)


संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
**अविनाश ठाकुर***

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### लंबित कांडों को करें निष्पादित : एसपी



**रामगढ़।** एसपी पीयूष पांडे द्वारा बुधवार को मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान उन्होंने थाना व ओपी प्रभारियों को लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि जिला को अपराध मुक्त बनाने के लिए लंवित कांडों का त्वरित निष्पादन जरूरी है। यदि लंवित कांडों का तेजी से निपटारा हो तो उसमें शामिल अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई हो सकेगी। जिससे आपराधिक घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। इसलिए विभिन्न थाना व ओपी के प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में लंवित कांडों के शीघ्र निष्पादन पर ध्यान दें । गोष्ठी में विभिन्न थाना व ओपी के प्रभारी शामिल थे।

### सीसीएल के सीएमडी से मिले आशीष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन बरका-सयाल के क्षेत्रीय सचिव सह अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद से मुलाकात की। इस दौरान सीसीएल द्वारा दिये गये उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति पर सीएमडी को बधाई भी दी। साथ ही भुरकुंडा कोलियरी भूमिगत खदान को चालू करने को ले यूनियन की ओर से ज्ञापन सौंपा। मौके पर सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने आश्वासन दिया कि जल्द ही भुरकुंडा भूमिगत खदान को चालू किया जाएगा। मुलाकात के दौरान ड आशीष कुमार ने सीएमडी को बलकुदरा लोकल सेल चालू कराने को ले भी ध्यान आष्ट कराया। इस बीच सीएमडी व डॉ.आशीष कुमार के बीच कई बिन्दुओं पर सकारात्मक वार्ता भी हुई। मुलाकात करने वालो में ड आशीष कुमार के साथ यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष नकुल प्रसाद, श्याम महतो शामिल थें।

### मुखिया ने उपायुक्त को दिया पत्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने डीसी को पत्र सौंप पंचायत क्षेत्र में रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन द्वारा स्वीकृत व अनुमोदित विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वयन करवाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। इसमें राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा से नायक टोला, आजाद नगर, भुंइया टोला, शिव नगर होते हुए बीटीटीआई मुहल्ला तक सड़क निर्माण हनुमान मंदिर से जुबिली कॉलेज होते हुए बिरसा नगर तक पुलिया व सड़क निर्माण, नायक टोला हनुमान मंदिर से पुराना थाना मुहल्ला तक पुलिया व सड़क निर्माण, दुंदुवा मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय तक पहुंच पथ का निर्माण, दुंदुवा से बिरसा नगर होते हुए चोरधरा के जुबिली मोड़ तक मिलान पथ सहित कई अन्य सड़कें शामिल हैं।

### छात्रवृत्ति को ले डीसी ने की बैठक

**रामगढ़।** प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को पोस्ट मैट्रिक एवं प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत वर्तमान में कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत शेष सभी बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी योग्य संस्थानों का निबंधन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा सभी को जानकारी दी गई कि झारखंड राज्य और राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षिक संस्थानों द्वारा ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु तिथि को 20 मार्च 2023, शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु छात्र छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि को 24 मार्च 2023 तक एवं संबंधित शैक्षणिक संस्थान के आईएनओ द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदनों के सत्यापन की तिथि को 25 मार्च 2023 तक विस्तारित किया गया है।

### नल जल की दी गयी जानकारी

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के मास्टर ऑफ सोशल वर्क एवं समाजशास्त्र के छात्र छात्राओं द्वारा रामगढ़ प्रखंड के गंड़के गांव में समाजशास्त्र विभागध्यक्ष डॉ रश्मि एवं सहायक प्रो संगीता कुमारी के संयुक्त नेतृत्व में सरकार द्वारा संचालित नल जल योजना एवं सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का गांव में सर्वे किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा लोगों को योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देने का कार्य किया गया। डॉ रश्मि ने बताया कि इस मुख्यमंत्री नल जल योजना के तहत सरकार का लक्ष्य सभी घरों में पाइप जलापूर्ति सुनिश्चित करना है।

### बड़कागांव में छात्रों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानी

बड़कागांव। सरकार द्वारा ऑफलाइन सिस्टम को हटाकर ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू इसलिए किया गया था कि आवेदकों को सरकारी बाबू के आगे नतमस्तक एवं सरकारी कार्यालयों का चक्कर से बचा जा सके। इन दिनों बड़कागांव प्रखंड में जाति, आवासीय,आय एवं अन्य ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने में आवेदकों एवं अभिभावकों को पसीना छूट रहा है। तीन चार महीने पहले ऑनलाइन किया प्रमाण पत्र भी लोगों का निर्गत नहीं हो रहा है। जबकि नियम है कि ऑनलाइन की तारीख से 30 दिनों के अंदर प्रमाण पत्र निर्गत हो जाना है। जो अभिभावक या छात्र कर्मचारी, अंचल, निरीक्षक एवं जिलाधिकारी कार्यालय का चक्कर लगाते है उन्हीं का प्रमाण पत्र बन रहा है। उनका प्रमाण पत्र बनता ही नहीं है जो इन कार्यालयों का चक्कर नहीं लगा पा रहे हैं। इन दिनों अंचल कार्यालय में छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ रही है। छात्र स्कॉलरशिप अप्लाई के लिए प्रमाण पत्रों का ऑनलाइन महीनों पहले करा चुके हैं। मुखिया, प्रज्ञा केंद्र, राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, सीओ के पास चक्कर लगाते लगाते परेशान हो रही है।

# बरही में निकली मंगला जुलूस की झांकी

**रामभक्तों के जय बजरंगबली और जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान रहा क्षेत्र**
**इंस्पेक्टर ने सभी अखाड़ा समितियों को किया पुरस्कृत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** रामनवमी पर्व में धार्मिक रीति रिवाजों के अनुसार मंगला जुलूस कार्यक्रम का आयोजन भव्यरूप से रामभक्तों ने किया। मंगला जुलूस की झांकी बरही चौक चौराहों से निकलकर सम्पूर्ण क्षेत्र में भ्रमण किया।लोग महावीरी पताके के साथ मंगला जुलूस में शामिल होकर शहर में जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान करते रहे। मंगला जुलूस को लेकर पुलिस की गतिविधियां भी तेज रही। जिसमे सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल व दंडाधिकारी नियुक्त किए गए थे। मंगला जुलूस में शामिल लोग पारंपरिक तरीके से करतबबाजी भी करते देखे गए। जुलूस में पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार दल बल के साथ जुलूस की निगरानी में लगे रहे। पुलिस जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जुलूस के आगे पीछे मुस्तैद रहे।उल्लेखनीय है कि हजारीबाग में रामनवमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।जुलूस के दौरान उत्साही राम भक्त भी पूरी अनुशासन में रहे। कहीं भी पुलिस को मशक्कत नहीं करना पड़ा। भगवा झंडा के साथ निकला जुलूस शहर के प्रमुख सड़कों से होते हुए अपने गतंव्य स्थान पर पहुंची और पुन :निर्धारित मार्ग से वापस लौट गयी।साथ ही विभिन्न क्लब के युवा करतब दिखाकर अपनी क्षमता प्रदर्शित करते दिखाई दिए।

बरही एसडीओ, एसडीपीओ समेत प्रशासनिक पदाधिकारी रहे मौजूद :

मंगला जुलूस के दौरान बरही एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, पु.नि. सह थाना प्रभारी ललित कुमार जगह जगह मंगला जुलूस में रामभक्तों के साथ शामिल हुए। उन्होंने रामभक्तों से कहा कि रामनवमी त्योहार में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवंत रूप से दिखना चाहिए।मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सचिव अमित कुमार साहू, उपाध्यक्ष कपिल केशरी, कोषाध्यक्ष बलराम केशरी, महासमिति के संरक्षक तापेश्वर साव, भगवान केशरी, महावीर मण्डल अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता, बजरंग अखाड़ा अध्यक्ष राजू निषाद, अंजनी अखाड़ा अध्यक्ष सुनील साहू, हनुमान सेना अध्यक्ष राजेश केशरी, बाराटांड हनुमान सेना अध्यक्ष अनुज रविदास, रितेश गुप्ता, छोटेलाल शर्मा सैकड़ो रामभक्त शामिल थे।



### रामनवमी समिति के अध्यक्ष बने बिट्टू, सचिव राकेश

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर में राम नवमी पूजा के लिए दुर्गा मंदिर मे बैठक किया गया । बैठक में राम नवमी पूजा के अवसर पर नशा ना करने का निर्णय लिया गया । दुर्गा मंदिर में कंचनपुर राम नवमी समिति का अध्यक्ष और अन्य पद का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष पद बिट्टू राज कुशवाह और उपाध्ययक्ष रितिक प्रसाद सचिव राकेश कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुशवाहा, को मनोनीत किया गया, बैठक में उपस्थित पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक राणा, जगत किशोर, पंकज कुमार, दीपक कुमार, उमेश गुप्ता, भोला ठाकुर, कृपाल महतो, उप मुखिया प्रकाश कुशवाहा उपेंद्र ठाकुर, दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अवैध खनन पर तत्काल रोक लगायें थाना प्रभारी : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** अवैध खनन के विरुद्ध हो रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। अवैध खनिजों के परिवहन, अवैध मुहानों से हो रहे खनन आदि के विरुद्ध हो रहे कार्यों कि थानावार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से जांच अभियान चलाने वह किसी भी तरह के अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने व अन्य उपबंध करने के संबंध में कई निर्देश दिए वही उपायुक्त ने सभी को नियमित रूप से अवैध मुहानों की पहचान कर उन्हें अच्छे तरीके से बंद करने का निर्देश दिया।

अवैध रूप से हो रहे खनिजों के परिवहन संबंधित मामलों को लेकर उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर अवैध खनिजों के परिवहन, ओवरलोडेड वाहनों आदि की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अवैध रूप से हो रहे बालू के उठाव पर रोक लगाने के उद्देश्य से तैयार किए जा रहे डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में बालू घाटों से संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर डीएसआर संबंधित प्रतिवेदन जल्द से जल्द जिला खनन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### मिनी गन फैक्ट्री चलाने के 7 आरोपी को 10 साल की सजा

हजारीबाग। व्यवहार न्यायालय के अपर न्यायाधीष सात बीके पांडेय की अदालत ने अवैध मिनी गन फैक्ट्री के संचालन करने वाले सात आरोपियों को दोषी करार देते हुए दस साल की सश्रम कारावास और 25-25 हजार रूपए की जुमार्नें की सजा सुनाई है। अदालत ने एसटी संख्या 142/22 में आरोपी मो. नसीम पिता मो. इसराफिल, हजरतगंज मुंगेर, मो. समीम अख्तर पिता अलिमुद्दीन, बोकारो, सोनु आलम पिता समीर आलम, मुंगेर, मो. मुस्ताक पिता गुलाम मुस्तफा, बोकारो, मो. इमरान पिता मो. हसीम रजा, मो. इमरान पिता हारून, मुंगेर, मो. अख्तर पिता मो. सोबराती, बोकारो को आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-ए), 26(2), 35 के तहत दोषी करार देते सजा सुनाई है। बताते चले कि यह घटना 13 नवम्बर 2021 की है। विष्णुगढ़ पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत रोड़ के किनारे जंगल में अवैध रूप संचालित मिनी गन फैक्ट्री संचालित किया जा रहा है। जिसमें बिहार के मुंगेर जिले के कारिगरों को बुलाकर अवैध रूप से छोटे व बड़े हथियारों का निर्माण किया जा रहा था। छापामारी के दौरान सौ से अधिक छोटे-बड़े हथियार जब्त करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस वाद में सूचक, अनुसंधानकर्ता, सार्जंट मेजर सहित 9 साक्षियों का बयान दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक भरत राम एवं बचाव पक्ष से जवाहर प्रसाद ने दलील पेश की थी।

### जॉनसन टाइल्स के वाइस प्रेसिडेंट द्विवेदी ने शोरूम का किया निरीक्षण

**रजरप्पा।** जॉनसन टाईल्स के वाईस प्रेसिडेंट एंड नेशनल हेड मनोज द्विवेदी बुधवार को चितरपुर रेलवे ओवरब्रिज समीप वैष्णवी कॉम्प्लेक्स स्थित जॉनसन टाईल्स शोरूम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कि जॉनसन ने लंबे समय से निरंतर नवाचार के दर्शन में एक मजबूत विश्वास रखा है ताकि हम उन श्रेणियों के भविष्य को आगे बढ़ा सकें जिनमें हम काम करते हैं। टाइलिंग के व्यवसाय में अग्रणी के रूप में, एच एंड आर जॉनसन (भारत) ने हमेशा अपने विश्व स्तरीय उत्पादों और नवाचारों के साथ जीवन शैली को परिभाषित करने की सीमाओं को आगे बढ़ाने की कोशिश की है। स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और सुरक्षा के लिए चिंता जैसे जीवन शैली के प्रमुख तत्वों पर ध्यान देने के साथ, जॉनसन अपनी अनूठी पेशकशों जैसे जर्म-फ्री ग्लेज्ड विट्रिफाइड लार्ज फॉर्मेट टाइल्स और स्लैब के साथ उपभोक्ताओं के टाइल चुनने के तरीके को बदल रहा है, जो तकनीकी रूप से बेहतर विकल्प हैं। जॉनसन ने टाइलों की एक नई पीढ़ी की श्रेणी पेश की है जो दाग-मुक्त और रोगाणु-मुक्त भी हैं। उन्होंने आगे संचालक पवन कुमार को व्यवसाय बढ़ाने को लेकर मार्गदर्शन दिया।

## रामनवमी महासमिति के फिर अध्यक्ष बने छोटू वर्मा



रामगढ़। श्री रामनवमी महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष छोटू वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार अपराह्न किला मंदिर के प्रांगण में महासमिति के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए नामों पर चर्चा के साथ रामनवमी को भव्यता और धूमधाम से मानने पर चर्चा हुई। उक्त जानकारी देते हुए महासमिति के मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने कहा कि नए अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु आयोजित इस बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एकमत होकर अध्यक्ष पद के लिए छोटू वर्मा के नाम का मनोनयन किया था। जिसपर सभी ने एक स्वर में अपनी सहमती जताते इसका स्वागत किया । इस प्रकार एक बार पुनः छोटू वर्मा को महासमिति का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। जिनका स्वागत बैठक में उपस्थित प्रो.संजय सिंह,छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह,दीपक मिश्रा,रविंद्र शर्मा,धर्मेंद्र साव भोपाली,विशाल जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। श्री रामनवमी महासमिति अध्यक्ष चुने जाने पर छोटू वर्मा ने उपस्थित पदाधिकारियों सहित सभी रामभक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस महापर्व को भव्यता और शांतिपूर्वक मानने हेतु हम सभी दृढसंकल्पित हैं। सभी सरकारी निर्देशों का अनुपालन करते हुए हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी श्री रामनवमी को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित रामभक्तों की टोलियां झांकी के रूप में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराएगी। जिसकी जिम्मेवारी सक्षम पदाधिकारियों को दी जा चुकी है जो सभी कमिटी के सदस्यों के सहयोग से अपना कार्य शुरू कर चुके हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा की हमारे वोलेंटियर्स झांकियों को सुजसज्जित और शांतिपूर्ण तरीके से निकलने के लिए हमेशा प्रशासन के संपर्क में रहेंगे ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हो।

# वृद्धों की फ्री मेडिकल जांच की गयी

**आरोग्यम हॉस्पिटल वृद्धा आश्रम ओल्ड एज होम में लगा कैंप**
**प्रति तीन महीने में वृद्धा आश्रम में लगेगा मेडिकल कैंप : हर्ष अजमेरा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा बुधवार को एस.पी.कोठी के सामने स्थित ओल्ड एज होम वृद्धा आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धों के लिए फ्री मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया। कई वृद्ध बीमार मरीजों का उचित चिकित्सीय जांच, पैथेलॉजिकल टेस्ट के बाद मुफ़्त में जरूरत की दवाई भी उपलब्ध कराया गया।

आरोग्यम हॉस्पिटल की ओर से यहां पहुंचे डॉ.शक्ति तिवारी और महिला चिकित्सक डॉ. अनन्या ने अनचाहें दर्द को झेल रहें सभी वृद्धों का इलाज किया। कैंप का विधिवत उद्घाटन हजारीबाग जिले के सिविल सर्जन डॉ.एस.पी.सिंह और जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ.कपिल मुनी और रेड क्रॉस के अधिकारी नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ.एस.पी.सिंह ने कहा की वृद्धा आश्रम के वृद्धों के जरूरत पर आरोग्यम हॉस्पिटल द्वारा फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जाना समाज के लिए बहुत ही सराहनीय पहल है । डॉ.कपिल मुनी ने भी आरोग्यम हॉस्पिटल के इस पहल की सराहना की और समाजहित में इसे बेहद कारगर कदम बताया। आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया की आरोग्यम हॉस्पिटल प्रबंधन अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के प्रति पूरी तरह सजग है और समाज के जरुरतमंदों के बीच पहुंचकर जरूरी स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, मुफ़्त पैथोलॉजिकल जांच और दवाई वितरण के साथ समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागृति लाने को लगातार कार्य कर रही है। हर्ष अजमेरा ने वृद्धा आश्रम के वृद्धों के सम्मान में हर तीन महीने में ओल्ड एज होम परिसर में इस प्रकार के शिविर के आयोजन की निरंतरता को बनाए रखने की बात कही। कैंप को सफल बनाने में आरोग्यम हॉस्पिटल के मार्केटिंग से जुटे राजीव रंजन सिंह, रवि सिंह, राजन सोनकर, टेक्निकल स्टॉफ रुकसाना, गणेश, अनूप, असलम, तबरेज, सपना, अख़्तर, प्रदीप समेत अन्य शामिल हैं ।

## एक नजर में

### अल्पसंख्यक स्कूलों के शिक्षकों को वेतन जल्द

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में प्रारंभिक अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों का भुगतान जल्द होगा। आवंटन काफी पहले आ गया था, लेकिन वेतन का भुगतान रुका हुआ था। डीईओ स्तर से आवंटन बांटने के लिए संचिका पर काउंटर साइन नहीं किया गया था। डीएसई स्तर पर संचिका आगे बढ़ा दी गई थी। शिक्षक इस कश्मकश में थे कि कहीं आए हुए आवंटन की राशि लैप्स न हो जाए। चूंकि आधा मार्च बीत चुका था। वैसे भी जिले के 17 प्रारंभिक अल्पसंख्यक विद्यालयों के 57 शिक्षकों की होली और शब-ए-बारात फांकाकशी में गुजरी थी। ऐसा लग रहा था कि कहीं रामनवमी में भी उनके वेतन का भुगतान होगा कि नहीं। इस संदर्भ में जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण ने बताया कि उन्होंने बुधवार को संचिका पर काउंटर साइन कर दिया है। इस तरह अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों के वेतन भुगतान का रास्ता साफ हो गया है।

### आग से मचान जल कर खाक, बचे जानवर

केरेडारी । कंडाबेर गांव निवासी मुमताज मियां के मचान में आग लगने से मचान पर रखा पुआल और मचान पूरी तरह जल गया साथ ही मचान में बंधे छह जानवर भी आग के चपेट में आने से झुलस गए! घटना 15 मार्च दोपहर की है। घटना के संदर्भ में कंडाबेर मुखिया दिनेश साव ने बताया कि मुमताज मियां के मचान में एका एक अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण मचान और मचान पर रखा पुआल और मचान जल गया। मचान में बंधे छह गाय बैल भी आग के चपेट में आने से झुलस गए जिसे पशुपालन विभाग के कर्मियों को बुलाकर इलाज कराए।आग लगने की सुचना ग्रामीणों ने हमें दिया जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने जेसीबी से आग को बुझाने का काम किए। आग लगने से किसान मुमताज मियां को आर्थिक क्षति हुआ है, चारा खिलाने के लिए आफत आ गई है।

### स्व तालेश्वर महतो को दी गयी श्रद्धांजलि



हजारीबाग। एसडी मेमोरियल हाई स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय तालेश्वर महतो के पुण्यतिथि पर संस्थापक के पुत्र जितेश्वर प्रसाद मेहता के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रमंडलीय अध्यक्ष हेल्थ एवं पूर्व उपविजेता हजारीबाग विधानसभा के डॉआर सी प्रसाद मेहता एवं विद्यालय परिवार, सामाजिक कार्यकर्ताओ दानदाताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। डॉ मेहता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि विद्यालय स्कूल कॉलेज बनाना मनुष्य को मानवता सीखने वाला मंदिर है उन सभी विद्यालय निर्माताओं एवं विद्यालय निर्माण में दानदाताओं भाइयों बहनों को मैं नमन वंदन करता हूं। पुण्यतिथि समारोह में मुख्य रूप से जितेश्वर मेहता राजेश कुमार दास अभिषेक कुमार लालेश्वर मेहता वसंत नारायण मेहता कमलेश्वर मेहता, भूपेंद्र कुमार, रेशमी देवी, चंचला देवी, किरण देवी, रेणु देवी, रिना कुमारी किशोरी कुमार प्रभात प्रसाद सुषमा कुमारी इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### प्रगतिशील प्रोड्यूसर कंपनी की बैठक में कई निर्णय

**बड़कागांव।** प्रगतिशील प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निर्देशक मंडल की बैठक राजेश्वर महतो की अध्यक्षता में की गई बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया के अंतिम मार्च को बड़कागांव प्रगतिशील प्रोड्यूसर कंपनी के शेयर धारी प्रत्येक बोर्ड ऑफ मेंबर्स 40 40 शेयर धारक गांव में किसानों को जागरूक करके जुड़ेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हम सभी निर्देशक मंडल मिलकर बड़कागांव प्रखंड के सभी गांव में जाकर किसानों को जागरूक करते हुए 25-25 की संख्या में किसान क्लब मेंबर बना जाएगा साथ ही खरीफ फसल को देखते हुए किसानों का सूची बनाकर जमीन के अनुसार किसानों का सूची बनाया जाएगा कि कौन किसान कितना धान किस किस कंपनी का लगाते हैं इसका भी सूची बनाएंगे किसानों का उत्पादक को अच्छे मूल मिले इसके लिए एक क्रय केंद्र बनाया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश्वर महतो ,कामेश्वर महतो ,ईश्वर महतो, किशोर कुमार भारती, छोटू महतो ,देव लाल महतो ,सुनील कुमार ,उर्मिला देवी, दिनेश महतो, शंकर प्रसाद ,सुभाष बेदिया, कंपनी के सीईओ राजेश्वर प्रजापति, अकाउंटेंट दीपक कुमार इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गोसाईबलिया रामनवमी पूजा समिति का गठन

**बड़कागांव।** रामनवमी पूजा को लेकर गोसाईबलिया देवी मंडप के प्रांगण में चंदन पुरी की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस बैठक में चंदन पुरी के द्वारा सभी धर्मों का मान और सम्मान करने की बात कही गई तथा हिंदू-मुसलमान की एकता का मिसाल देने की बात कही गई। चंदनपुरी द्वारा की गई अध्यक्षता एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में राम नवमी पूजा समिति का गठन किया गया,जिसमे अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, सचिव अरविंद गिरी, कोषाध्यक्ष मोतीलाल गिरी, संरक्षण उमेश प्रजापति, उग्रसेन गिरी, सुरेश रजक, प्रमोद गिरी, कुलदीप वर्मा, रमेश गिरी, श्याम साव, रमेश गिरी, कृष्णा सहित अन्य शामिल किए गए।

### मधुमखियों ने राहगीरों को किया घायल

**दारू।** प्रखंड मुख्यालय भवन के मुख्य गेट के बाहर खड़े बड़े पेड़ पर दर्जनों मधुमखियों के छत्ते है। इन छत्तों के मधुमखियों ने बुधवार की दोपहर तीन बजे काफी आतंक मचाया और आने जाने वाले राहगीरों पर जबरजस्त हमला कर दिया जिसमे दर्जनों बच्चे , महिला व अन्य लोग घायल हो गए। मधुमखियों ने राहगीरों पर अचानक से इस तरह का हमला कर दिया जिस कारण वे कुछ समझ नही पाए और मधुमखियों की चपेट में आ गए।मधुमखियों के डर से लोग इधर उधर भागने लगे कुछ लोग जमीन पर गिर गए और चीखते चिल्लाते रहे पर कोई भी उनकी मदद को नही आया। यहां के आसपास के दुकानदार ने अपने दुकान के शटर गिरा दिया जिस कारण कई लोग बाहर फंस गए और मधु मखियों ने उन्हें बड़ी बुरी तरह काट दिया। हजारीबाग के एक युवक को बहुत बुरी तरह मधुमखियों ने काट दिया और वह सड़क पर गिर गया। एक युवक ने हिम्मत दिखाते हुए उसे ओढ़ने के लिए दर्री दिया तब उसकी जान बची। एक घंटे तक मधुमखियों ने आने जाने वाले लोगों को अपना शिकार बनाया। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ पर दर्जनों छत्ते लगे हुए है ग्रामीणों ने कई बार इसे हटाने की गुहार बीडीओ, सीओ सहित कई जनप्रतिनिधियों से लगाई पर किसी ने भी इसे हटाने का प्रयास नही किया गया जिस कारण आये दिन यहां ऐसी घटना घटती रहती है।

### बीडीओ व बीपीओ पर मनमानी का आरोप

इचाक। प्रखंड के बीडीओ और मनरेगा बीपीओ पर जनप्रतिनिधियों ने मनमानी करने का आरोप लगाया है। प्रखंड के नव निर्वाचित मुखिया अब यह कहने लगे हैं कि प्रखंड मुख्यालय में भ्ष्टार्चार अपने चरम पर है।उनका कहना है कि यहां बिना चढ़ावा के अब कोई काम नहीं होता है। इनका कहना है कि योजना पर पैसे नहीं देने से काम का आवंटन ही नहीं होता या यह कह कर टाल-मटोल की जाती है कि जिले से इस पर रोक की चिट्ठी निर्गत है। सरकार द्वारा तरह-तरह की योजनाएं चलायी जाती है। इनमें से एक मुख्यमंत्री स्वजन पेंशन योजना चलायी गई है। इस योजना में 60 वर्ष की उम्र वाले लोगों को पेंशन देने का प्रावधान है। इस योजना में भी लोगों को चढ़ावा देना पड़ता है। मनरेगा में भी सरकार कई तरह की योजना चला रही है। जैसे हरित क्रांति, बिरसा मुण्डा, पोटो खेल मेदान, आम बगवानी आदि में भी कमीशनखोरी चलन में है।जनप्रतिनिधियों के कहना है कि आम बगवानी योजना की यदि जांच की जाए तो कहीं आम का पौधा नजर नही आएगा। सिंचाई के आभाव में पौधे पूरी तरह से सुख चुके हैं।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस ने 120 किलो जावा महुआ को किया नष्ट

**राहे।** ओपी क्षेत्र के सीरीडीह गांव में राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध रूप से संचालित शराब भट्ठी और 120 किलो जावा महुआ को नष्ट किया। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि अवैध रूप से संचालित शराब भट्ठी के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

### पिठोरिया महावीर मंडल का चुनाव संपन्न

**पिठोरिया।** महावीर मंडल का चुनाव अनिल केसरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। चुनाव में महावीर मंडल पिठोरिया का अध्यक्ष कृष्णा नायक को चुना गया। बैठक में अनिल केसरी, दीपक चौरसिया, विनोद रजक, सतीश रजक, चंद्रिका प्रसाद, रामानंद प्रसाद, धनुषधारी प्रसाद, श्रवण गोप, शिवदास वर्मा, मिथिलेश प्रसाद, जितेंद्र साहू, नितेश गोप, बबलू महतो, शिव जयसवाल, नितेश ठाकुर, शिवप्रसाद गोप, ब्रजकिशोर साहू, बबलू महतो, रवि महतो, संदीप चौरसिया, सुधांशु नाथ मिश्रा, दीपक कुशवाह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विवेकानंद सेवा संघ ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**सिकिदिरी।** रामकृष्ण मिशन आश्रम के सहयोग से रोटरी क्लब ऑफ रांची के ने डीमरा गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में डीमरा, मुनगाडीह समेत आस पास के गांव के 200 से अधिक महिला-पुरुष व बच्चों ने अपने स्वस्थ का जांच कराया। जांच के बाद ग्रामीणों के बीच दवाई का वितरण किया गया। डॉ पीके गुप्ता के नेतृत्व में सभी मरीजों की जांच की गई। उन्होंने लोगों से मच्छर दानी का प्रयोग करने, दूषित पानी से होने वाली बिमारियों की जानकारी दी। चिकित्सीय दल में दीपशिखा कुमारी, बबिता कुमारी, रोटरी क्लब के अनुराधा जयसवाल, सरोज भगत,बी झा, राजेश प्रशांत, भूपेन्द्र योगी, जीतेन्द्र कुमार महतो, बिंदेश बेदिया, सावना बेदिया, बिनेश्वरी कुमारी आदि शामिल थे।

### पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक आज

**पिपरवार।** पिपरवार थाना परिसर में रामनवमी और सरहुल शांतिपूर्ण तरीके से मानने को लेकर आज गुरुवार 16 मार्च को अपराहन 4:00 बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बैठक में सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि, यूनियन प्रतिनिधि, राजनैतिक पार्टी, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार सहित सभी डीजे संचालक एंव पूजा समिति के सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की जाती है।

### बेड़ो : डोरंडा पिपरटोली में निकला सरहुल जुलूस

**बेड़ो।** प्रकृति पर्व सरहुल पर डोरंडा पिपरटोली गांव में बुधवार की शाम जुलूस निकाला गया। इससे पूर्व सरना स्थल में विधिवत पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना किया गया। वही गांव के बच्चे महिलाएं व पुरुष जुलूस में शामिल हुए और मांदर की थाप पर पारंपरिक लोक नृत्य कर खूब झूमे। मौके पर आइंदा पहान,किनुवा पहान देवी पुजार, श्रीकांत कुमार,अमित उरांव देवेंद्र उरांव,नरेश भगत सोमनाथ उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### अनगड़ा के हेसल में लगा नेत्र चिकित्सा शिविर

**अनगड़ा।** आंगनबाड़ी केंद्र हेसल में केयर नेटरम अरगनाइजेशन के तत्वाधान में मुखिया कविता देवी के सहयोग से नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन मुखिया कविता देवी तथा रामवृक्ष महतो ने फीता काट कर किया। शिविर में34 मरीजो का नेत्र का जांच किया गया तथा उसका निशुल्क इलाज किया गया। नेत्र जांच एव इलाज गौरंगा डे सुधा कुमारी निर्मला कुमारी उर्मिला कुमारी के देख रेख मे किया गया। मौके पर पंस सदस्य शिला देवी बलराम मुन्डा रामपोदो महतो रामेश्वर महतो चन्दन महतो कृष्णा भगत इत्यादि उपस्थित थे।

### टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत मरिज को लिया गोद

**सिल्ली।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत सीएचसी सिल्ली में बुधवार को टीवी मरीजों को गोद लिया गया एवं दवाई कीट दी गई । निश्चय मित्र दंत चिकित्सक डॉ विनिता कुमारी ने संजय अहिर नामक टीवी मरीज को गोद लिया मरीजों को गोद लिया। मौके पर मरीज को फूड बास्केट (पोष्टिक आहार) दिया गया ताकि मरीज को स्वस्थ होने में मदद मिले। यह फूड बास्केट 6 महिने तक दिया जाएगा। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी सिन्हा, रंजीत कुमार, नैंसी, कमल कुमार दे, संजय कुमार महतो, शबाना नुसरत समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# विधायक ने 57 करोड़ से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** विधायक सुदेश महतो ने बुधवार को राहे प्रखंड के नावागांव बजरंगबली चौक के समीप राहे-हाहे सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये।पथ निर्माण विभाग से 26 किलोमीटर सड़क का 57 करोड़ से चौड़ीकरण ओर मरम्मतीकरण किया जाना है। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुये विधायक ने कहा कि सरकार गांव और बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। गांव के लोग दवाई और पढ़ाई से महरूम हो रहे हैं। हमारा प्रयास बेहतर शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने को लेकर है।



पढ़ाई को लेकर वृहद पैमाने पर तैयारी की जा रही है। निशुल्क बस सेवा, निःशुल्क कोचिंग सेवा, स्मार्ट क्लास, आदि की तैयारी की गई है। केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई प्रखंड में करने की तैयारी सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधा को लेकर कई बदलाव देखने को मिलेंगे। शिलान्यास समारोह में क्लासिक इंजीकोम के धनजंय सिंह, दीपक सिंह, प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश महतो, प्रभारी संजय सिद्धार्थ, रंग बहादुर महतो, प्रकाश सिन्हा, रमापति मुंडा, मुखिया पांडू मुंडा, ग्रामप्रधान द्रोण सिंह मुंडा, रीना देवी, किरीटी महतो, जलेश्वर महतो जगन्नाथ मुखर्जी, प्रमोद सिंह,सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कॉलेज ड्रेस नहीं पहनकर जाने से परीक्षा देने पर रोक

**मांडर।** मांडर कॉलेज मांडर में कॉलेज का ड्रेस पहनकर नहीं पहुंचने वाले सौ से अधिक बीए, बीकॉम के विद्यार्थियों को सेमेस्टर पांच की मिड सेम की परीक्षा देने पर रोक लगा दिया गया। कॉलेज प्रबंधन ने तीन मार्च को ही छात्र छात्राओं को ड्रेस कोड का सख्ती से पालन करने व कॉलेज में ड्रेस पहनकर ही आने का निर्देश जारी किया था, पर प्रबंधन के आदेश की अवहेलना करते हुए सौ से अधिक छात्र बगैर ड्रेस के ही परीक्षा में शामिल होने पहुंचे गए, जिसको लेकर कॉलेज प्रशासन ने सख्ती दिखाई और उन्हें परीक्षा में बैठने नहीं दिया। इससे नाराज छात्रों ने कॉलेज के प्राचार्य के समक्ष हंगामा भी किया। हंगामे की सूचना पर मांडर पुलिस कॉलेज पहुंची थी। बाद में छात्रों की गुहार पर कॉलेज प्रशासन की ओर से बुधवार को आयोजित परीक्षा के लिये नई तिथि निर्धारित की गयी और 20 मार्च को पुनः परीक्षा लेने की घोषणा की गयी। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ इंदिरा कुमारी व परीक्षा नियंत्रक डॉ कालीचरण उरांव ने कहा कि 20 मार्च को भी सभी छात्रों को हर हाल में परीक्षा के लिए ड्रेस कोड का पालन करना होगा।

## दो बाइकों की आपस में भिड़ंत, एक की मौत, दो गंभीर रूप से घयाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के राय निर्मल महतो चौक व दिनेश होटल के बीच दो बाइक आपस में भिड़ंत हो जाने से तीन युवक गंभीर रूप से घयाल हो गया। घटना लगभग 7:30 की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार घयाल महेंद्र महतो (35वर्ष) बचरा के तरफ से डुन्डु अपना घर आ रहा था। उसी क्रम नाबालिक युवक अपने बाइक पर ट्रिपल लोड होकर दोस्तो के साथ तिरु फॉल के तरफ से बचरा अपने घर की ओर जा रहा था।

इसी क्रम में दिनेश होटल के पास आपस मे भिड़ंत हो गया। दो बाइक आपस मे भिड़ंत हो जाने से तीन युवक गंभीर रूप से घयाल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही खलारी पुलिस एसआई संदीप कुमार ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर आनन फानन व स्थानीय युवक पंकज महतो के मदद से क्षेत्रीय हॉस्पिटल बचरा पहुंचाया गया। सूचना के अनुसार दुर्घटना में एक युवक की मौत हॉस्पिटल में इलज कर क्रम हो गया। वही एक और युवक हालात दैनीय है।

## रामगढ़ विधायक ने ओरमांझी में मेरु दुध फैक्ट्री का किया उदघाटना



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के बरवे में बुधवार को नये मेरू दुध फैक्ट्री का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनिता चैधरी ने स्वीच ऑन कर किया। उन्होंने कहा कि मेरू फार्म फ्रेस दुध फैक्ट्री, सफेद क्रांति को बढावा देने के साथ क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। वहीं संचालक सुरेश साहू ने बताया की फक्ट्री में मेरू फार्म फ्रेस पैकिंग दुध के अलावा मिठा दही, लस्सी, पनीर आदि निर्माण होगें। उन्होंने कहा इसके निर्माण में गुणवक्ता पर किसी प्रकार की समझौता नहीं की जायेगी। मुख्य रूप से पदमश्री मुकुंद नायक, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, उपमेयर संजीव विजयवर्गीय व जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा आदि ने क्षेत्र के गोपालकों के लिए भी लाभ होने की संभावना जताया। मौके पर अनिल टायगर, रणधीर चैधरी, कुमार शषांक, विकास गुप्ता, विजय कुमार, अजय साहू, केशव कमलेश, संतोष साहू, सुरेश बैठा, मिथलेश तिवारी, बलराम महतो सहित काफी संख्या गणमान्य लोग उपस्थित थें।

## रामनवमी डोल मेला सुकुरहुटू के अध्यक्ष बने राजकुमार महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**कांके।** सुकुरहुटू कांके में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाने हेतु और ऐतिहासिक राम जन्मोत्सव डोल मेला के भव्य आयोजन हेतु राम भक्तों की बैठक हुई। जिसका संचालन दीपक कुमार ने किया। जिसमें अध्यक्ष प्रभात भूषण ने पिछले साल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। साथ ही पुरानी कमिटि को भंग कर नई कमिटि का गठन का प्रस्ताव दिया। जिसमें भगवान श्री राम और राम भक्त हनुमान के जयकारों के बीच सर्व सम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजकुमार महतो,उपाध्यक्ष-बालचंद्र मुंडा, बेनीलाल महतो, नागेश्वर महतो, दीपक महतो, सतीश कुमार,सचिव -उनील महतो, सहसचिव - रूपलाल महतो,मीडिया प्रभारी-सचिन दास गोस्वामी, कोशाध्यक्ष-मनोज महतो, सह कोशाध्यक्ष नरेश महतो, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कुमार, पन्नालाल महतो, शिवकुमार संतोषी, रोहित राज मुख्य संरक्षक- चुनिदर महतो, अजय बैठा, अनन्तराम महतो, रामलखन मुंडा, अनिता मुंडा, प्रभात भूषण, शत्रुधन महतो, पारस नाथ महतो, रामचरण मुंडा, मनोज साहू, उमेश साहू, रीना देवी, राजू साहू, चंदन बैठा, हरिनाथ साहू, प्रदीप ठाकुर, जय प्रकाश, मुख्य संयोजक- नागेंद्र महतो का चयन किया गया।

## गांव के हर घर में विकास की रोशनी को पहुंचाना प्राथमिकता : नेहा तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पांचों प्रखंडो में स्वीकृत योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मांडर विधानसभा में गांव के हर घर में विकास की रोशनी को पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 50 विभिन्न योजनाओं के लिए वे सरकार का आभार व्यक्त करती हैं। उन्होंने कहा कि, वह पूर्व मंत्री, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की द्वारा मांडर प्रखंड के प्रत्येक गांव-टोले को विकसित करने के उनके अभियान को ही गति देने का प्रयास कर रही है। मांडर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में 8 धूमकुरिया भवन निर्माण के लिए 85 लाख



87 हजार 976 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 42 गांव में सरना, जाहेरस्थान, हड़गड़ी एवं मसना के संरक्षण एवं विकास योजना के लिए जनजातीय क्षेत्रीय विकास उपयोजना के अंतर्गत 3 करोड़ 4 लाख 54 हजार 174 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। मांडर के नारो, लोयो, टांगरबसली, सकरा, बूढाखुखरा, पचपदा, सकरपदा, ब्राम्बे एवं गुदगुड़जाडी में सरना स्थल सौंदर्यीकरण के अलावा बेड़ो के खरदेवरी में सरना स्थल घेराबंदी एवं मसना स्थल घेराबंदी का भी काम होगा। इसके अलावा लापुंग के डुरु, कोयसारा, उनिकेल, बेड़ो के पहाड़ कंडरिया, जरिया नहरटोली एवं भसनंदा, इटकी के सेमरा, चान्हो के चोरया व चामा, मांडर के तिगोई अम्बाटोली व सुरसा, लापुंग के लतरातू, दरंदा, तिगरा एवं दादगो, बेड़ो के मुरतो और तुतलो सहित 42 गाँव में सरना, हड़गड़ी एवं मसना के संरक्षण जैसे योजनाओं को पूरा करने के लिये राशि स्वीकृत की गयी है। साथ ही चान्हो प्रखंड के चोडा, सोपारम नवाटोली, लोयो, चोरेया और महुआटोली में आधुनिक धूमकुड़िया भवन का निर्माण किया जायेगा। सभी निर्माण कार्यों और विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में सम्बंधित ग्राम सभा, लाभुक समिति और ग्रामीणों की भागीदारी होगी। इन सभी योजनाओं का पूरा आमलोग पूरे मन से अपना पूरा योगदान दें।

## सीसीएल के आश्वासन के बाद रैयतों की अनिश्चित कालीन धरना स्थगित, 6 महिने का समय मांगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन के तहत चुरी के रैयतों ने नौकरी की मांग को लेकर 15 मार्च की सुबह छः बजे से देश के दूसरी सबसे बड़ी भूमिगत खदान को बंद कर दिया। रैयतों के द्वारा चुरी खदान काम काज सिर्फ तीन घण्टा बंद होते ही, एनके सीसीएल अधिकारी हरकत में आ गये। सीसीएल की सीआईएसएफ के छावनी पूरे चुरी परियोजना में लगा दिया। रैयतों की अनिश्चित कालीन बंदी व सब्र के बांध टूट जाने के बाद सीसीएल का छलावा वाला पेपर एक बार फिर से ग्रामीण रैयतों को दिखा कर समझा दिया गया कि सीसीएल को 6 महीने का समय दिया जाय। छः माह के अंदर सीसीएल चुरी के रैयतों को नौकरी दे देगी। बताया गया कि 20 रैयतों की नौकरी के लिये सीसीएल मुख्यालय पहले ही भेजा गया था। जिनमे से सिर्फ 05 रैयतों की नौकरी लगी है। बाकी रैयतों की नौकरी के लिए छः माह का समय मांगा गया। धरना में रैयत ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में से रतिया गांझू, राजेश महतो, अशोक महतो, प्रकाश पर्जापति, अशोक प्रजपति, नागेसर महतो, तरुण महतो, विजय मुंडा राय मुखिया आदि थे।

## सरहूल पर्व मनाने को लेकर बैठक

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर में सरहूल पर्व मनाने को लेकर सरना क्लब में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भुनेश्वर उरांव और संचालन अरुण उरांव ने किया। बैठक में सरहूल पर्व धूमधाम से मानने को लेकर विचार विमर्श किया गया और पुरानी कमेटी को निरष्त कर नई कमिटि का गठन किया गया। सर्व सहमति से सरहुल पर्व समिति के अध्यक्ष निर्मल उरांव, उपाध्यक्ष मानेश्वर भगत, संदीप टाना भगत, ललीता कुमारी, सचिव बालेश्वर उरांव, उपसचिव बालकंत उरांव, कोषाध्यक्ष अरुन उरांव, सहकोषाध्यक्ष अमित उरांव सहित कई कार्यकारणी सदस्य का नाम चयन किया गया। बैठक में सरहुल पर्व समिति के सदस्यों ने 24 मार्च को भव्य शोभा यात्रा परंपरागत तरीके से निकालने का निर्णय लिया। इस मौके पर टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी, मानेश्वर भगत, बालेश्वर, निर्मल उरांव, मनिकांत उरांव, शिवशंकर साव रामदयाल उराव, संदीप भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

## लापुंग के सेमला और पोकटा में सरहुल की निकली भव्य शोभायात्रा

# आदिवासी सदियों से प्रकृति पूजक : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के पोकटा, सेमला कुसुमटोली, सेमला डांड़टोली, सेमला तथा कोंयसारा सहित कई गांवों में प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। मांदर की थाप पर सैकड़ों युवक युवतियां झूम उठे। लापुंग प्रखंड के कोंयसारा, सेमला डांड़टोली सेमला कुसुमटोली तथा सेमला गांव के आदिवासियों ने गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की तथा बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो भी कार्यक्रम में अलग-अलग भाग लेते हुए मांदर की थाप पर झूम उठे। सन्नी टोप्पो ने सरना स्थल में विधिवत पूजा अर्चना की और लोगों को प्रकृति पर्व सरहुल की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी सदियों से प्रकृति पूजक रहे हैं। आज झारखंड में सरहुल पर्व पर आदिवासियों की एकजुटता एक मिसाल प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया बिरसमणी देवी और विधायक प्रतिनिधि रुपेश पाठक सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### ये लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

वहीं सेमला गांव में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया बिरसमनी देवी, पहान वीर मुंडा, पुजार बिरसा उरांव, भंडारी महादेव मुंडा, समाजसेवी और विधायक प्रतिनिधि रुपेश पाठक, योगेश उरांव, मंगा मुंडा, जलेश्वर उरांव, नंदकिशोर मुंडा पचु मुंडा, सिताराम बडाईक बलदेव उरांव तथा मुखिया प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह आदि थे।

उधर पोकटा गांव में सरहुल शोभायात्रा के दौरान बांसटोली और रामाटोली की शोभायात्रा जुलूस पोकटा गांव पहुंची। यहां पाहन चेरेंगा मुंडा, पुजार चंदा मुंडा, लच्छु उरांव, समाजसेवी विवेक कुमार, कोका पाहन सहित कई लोगों ने बांसटोली तथा रामाटोली की टीम का स्वागत किया। बतौर मुख्य अतिथि मुखिया सुमिला मिंज तथा बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व जमींदार के वंशज और हिंदू वाहिनी सेना के रांची महानगर के अध्यक्ष लाल रितुराज नाथ शाहदेव शोभायात्रा में शामिल हुए।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ**
**(जिला नजारत शाखा)**

-:: आम सूचना ::-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 23–रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 के निमित्त चुनाव कार्य हेतु विभिन्न प्रकार के सामग्री आपूर्ति एवं अन्य कार्य यथा– स्टेशनरी, टेन्ट, लाईट, साउण्ड, अल्पहार, भोजन, मजदूरी, विडियोग्राफी, सी०सी०टी०वी, प्रिंटिंग सामग्री/प्रिंटिंग/फोटोकॉपी तथा अन्य किसी प्रकार का कार्य निर्वाचन के निमित आपके द्वारा किया गया हो तो उससे संबंधित सभी आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपना–अपना अभिश्रव तैयार कर सूचना प्रकाशन की तिथि से 02 (दो) दिनों के अन्दर जिला नजारत शाखा, रामगढ़ में निश्चित रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। ताकि भुगतान हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

ह०/–
नजारत उपसमाहर्त्ता,
रामगढ़।

PR.NO.292652 District(22-23):D



**कार्यालय**
**समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा**
**(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**
**(P.R No.- 291211)**

आम सूचना

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र–2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रकियात्मक कार्रवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (**P.R No.- 291211**) के क्रम में पूर्व में निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क० | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 20.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 24.03.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 25.03.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह०/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.292650 Lohardaga(22-23):D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह**
**( अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा गिरिडीह।)**
ई-मेल:– dwo.giridih@gmail.com

आवश्यक सूचना

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना वर्ष– 2022–23 हेतु आवेदन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना।

ऑनलाईन आवेदन करने की समय सीमा:–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 21.02.2023 | 20.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 10.03.2023 | 24.03.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 10.03.2023 | 25.03.2023 |

नोट :– आवेदन करने की प्रक्रिया:– बेबसाइट https://ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

PR.NO.292669 Welfare(22-23):D
जिला कल्याण पदाधिकारी, गिरिडीह।



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**प्राचार्य का कार्यालय,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज**
**Email :principalitidtg@gmail.com**
Skill India

सूचना संख्या 130 /डालटनगंज, दिनांक–14.03.2023

**प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला सूचना**

RDSDE झारखण्ड रांची के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में दिनांक–20.03.2023 (दिनसोमवार) को PM नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 10:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc.) एवं गैरतकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) का अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in/पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहूँचकर पंजीयन करा सकते है।

अतः पलामू जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेनेवाले नियोक्ता एवं बेरोजगार अभ्यर्थियोंको मेला स्थल पर Covid-19 के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी अद्यतन SOP के तहत मॉस्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग के साथ Social Distance का पालन करना अनिवार्य है।

नोट:–अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, सतबरवा, डालटनगंज एवं जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी प्राचार्य,
औ०प्र०सं०, डालटनगंज

PR 292711 Labour Employment and Traning(22-23).D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**



**नाम–सुरज मछुवा, उम्र–16 वर्ष, रंग– सॉंवला, ऊँचाई–05 फीट 5 ईंच, पहनावा–हरा रंग का शर्ट और नीला रंग का जीन्स पैन्ट पहना हुआ है।**

उपरोक्त लापता लड़का सुरज मछुवा, पे0–विशेवर मछुवा, सा0–लुँगटु, थाना–तमाड़, जिला–रॉंची है, जो दिनांक –21.02.2023 को घर से बिना बताए कहीं निकला जो आजतक अपने घर वापस नहीं आया जिसके संबंध में तमाड़ थाना, सनहा संख्या–12/23, दिनांक–26.02.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलता हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, बुण्डू रॉंची। –9431706144
थाना प्रभारी, तमाड़, रॉंची। –9431706193

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची।

PR.NO.292712 Police(22-23):D

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा का सफल संचालन को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने गिरिवर+2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा हॉल में जाकर जांच किया। और परीक्षार्थियों को हिदायत देते हुए कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा दे। अपना भविष्य चोरी करने में बर्बाद ना करें। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक से परीक्षा संचालन के विषय में जानकारी प्राप्त किया। उपायुक्त ने पूरे पलामू जिला में परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए संबंधितों को निर्देश दिया।

### जिलास्तरीय पड़ोस युवा संसद 20 को

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र, पलामू के तत्वाधान में आगामी 20 मार्च को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रभारी जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शहर के पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार (न्यू टाउन हॉल) में होना तय हुआ है। इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से कुल 1600 युवा भाग लेंगें। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जी20, वाई20, International Year of Millets, समकालीन सामाजिक-आर्थिक विकास के मुद्दों के बारे में शिक्षित करने के लिए (जैसे मिशन लाइफ), स्थानीय और वैश्विक समुदायों का सामना करना और उन्हें ऐसे मुद्दों पर मन्तव्य रखने का मौका देना है।

### परशुराम सेना भार्गव के प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने पर रामनिवास तिवारी को बधाई



**बिश्रामपुर पलामू।** पलामू जिला के बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव निवासी राम निवास तिवारी को राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव की दिल्ली इकाई ने झारखंड प्रदेश इकाई के निर्देशन में झारखंड प्रदेश का प्रवक्ता नियुक्त किया है। झारखंड प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए रामनिवास तिवारी ने बताया विशेष मुद्दों पर बोलने के लिए संगठन ने प्रवक्ता का पद दिया है झारखंड में संगठन को शक्तिशाली बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे तथा संगठन के नियम पर चलकर ब्राह्मण का समाज में परिवेश स्थापित कर क्रांति का संचार करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने के बाद विश्रामपुर विधानसभा के युवा प्रत्याशी विकास दुबे भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता चंद्रशेखर दुबे कांग्रेस के कद्दावर नेता अमृत शुक्ला ग्रामीण चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डीपी शुक्ला भारतीय जनता पार्टी पलामू सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडे विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडे कांग्रेस के 20 सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार शुक्ला संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल के निर्देशक एनके तिवारी झारखंड पत्रकार संगठन के पलामू जिला अध्यक्ष योगेंद्र कुमार मिश्रा भारतीय जनता पार्टी विश्रामपुर के मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी विश्रामपुर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रोहित कुमार तिवारी पंचायत के पूर्व मुखिया श्यामा देवी पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य रासबिहारी तिवारी बिश्रामपुर प्रखंड के युवा समाजसेवी कौशल तिवारी महिला नेत्री नूतन देवी भारतीय जनता मजदूर सेल के पलामू जिला महामंत्री मुकेश कुमार पाठक सहित अन्य लोगों ने तिवारी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया।

### नौडीहा बाजार - मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा ली जानेवाली मैट्रिक की गृह विज्ञान की परीक्षा नौडीहा बाजार के श्याम विहारी सिंह 10+2 हाई स्कूल नामुदाग मे शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जिसमें 88 विद्यार्थी ने उपस्थित हुए जिसमें 3 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर दंडाधिकारी के रूप मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया परीक्षा की कदाचार मुक्त एवम शांतिपूर्ण तरीका से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र के 500 गज के परिधि मे 144 धारा लागू किया गया। केंद्राधीक्षक अजित कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान विद्यार्थी व वीक्षक के द्वारा मोबाइल फोन, कैल्कुलेटर जैसी उपकरण वर्जित है। मौके पर दंडाधिकारी, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक मोहमद जसमुदीन अंसारी ,वीक्षक विजय कुमार रवि, अरुण कुमार गुप्ता सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

### समाजसेवी मो मजहर की मां का निधन, शोक

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी बाजार निवासी पूर्व वार्ड सदस्य समाजसेवी मो मजहर की मां शमसुन बेगम 70 वर्ष का निधन मंगलवार की देर शाम हो गया। वह अपने घर मे ही आखिरी सांस ली। इनके निधन की खबर सुनकर देवरी स्थिति उनके आवास पर लोगों का तांता लगा गया। बुधवार को देवरी कब्रिस्तान में नमाज जनाजा अदा की गई और वहीं सुपुर्द ए खाक किया गया, उनके निधन पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, बसपा नेता शेर अली, भाजपा नेता अशोक सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, एजाज हुसैन, जिप सदस्य राजू मेहता, मुखिया मनोज भारती, पूर्व मुखिया रामाशंकर चौधरी, प्रमोद सिंह, गुड्डु सिंह, देवरी मुस्लिम समाज के सदर निजाम खान, सचिव इरफान खान, शमीम खान, वकील अहमद, जुबैर अहमद, देवरी ओपी प्रभारी इन्द्रदेब राम, कार्तिक उरांव, अखिलेश यादव, नगेंद्र सिंह, रमेश कुमार, धनंजय समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### मारपीट मामले में प्राथमिकी, पिस्टल बरामद

**पाटन पलामू।** आपसी विवाद एवं मारपीट की घटना में चार लोगों पर पाटन थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पाटन के किशुनपुर ओपी क्षेत्र के बरडीहा गांव निवासी कुंदन दुबे के साथ मारपीट की गई। इस मामले में कुन्दन दुबे ने प्रियांशु तिवारी, छोटू तिवारी, शिव साव एवं रोहित कुमार के ऊपर पाटन थाना में मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शिव साव एवं रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं एक बाइक भी जब्त किया गया है। जिसकी डिकी से एक पिस्टल भी पुलिस ने बरामद किया है। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि मामले कि जांच कि जा रही है।

### विहिप पूरे जिले में धूमधाम से मनायेगा राम और हनुमान जन्मोत्सव



**मेदिनीनगर।** जिला कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद के पलामू विभाग सह जिला पालक मनोज पोद्दार एवं बजरंग दल के प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर की उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद पलामू के जिला समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ और संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति युक्त सभी, प्रखंड, गांव और शहरी मुहल्ले में राम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। प्रांत, विभाग और जिला के मेदनी नगर में निवास करने वाले सभी अधिकारी जिला के कम से कम पांच कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से सामिल होंगे। हनुमानोत्सव भी सभी प्रखंड, समिति युक्त गांव और शहरी मुहल्ले में किया जाएगा। बैठक में विभाग सह जिला पालक मनोज पोद्दार, प्रांत बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर, विभाग मंत्री कुमार गौरव, विभाग बजरंग दल सह संयोजक संदीप कुमार दास, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, बजरंग दल जिला संयोजक विवेक चौबे, बालोपासना सह प्रमुख विकाश कुमार कश्यप, धमार्चार्य राजेंद्र मिश्र, सुरक्षा प्रमुख नवेंदु त्रिपाठी, गोलू सोनी, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, प्रचार प्रसार प्रामख सुरेश वर्मा, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, समरसता सह प्रमुख शशि भूषण मिश्र,मंदिर मठ प्रमुख संजय प्रजापति इत्यादि की सहभागिता रही।

## गनौरी बाबू का नाम पलामू जिले के कोने-कोने में विख्यात है : महापौर

# मदन मोहन रोड का नाम परिवर्तित कर गनौरी लाल अग्रवाल रोड किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मदन मोहन रोड का नाम बदल कर गनौरी लाल अग्रवाल रोड किया गया। जिसका उद्घाटन मेयर अरुण शंकर, वार्ड पार्षद नवीन कुमार गुप्ता लाल बाबू व अन्य ने शीला पट का अनावरण कर किया।

इस मौके पर महापौर शंकर ने कहा कि गनौरी लाल अग्रवाल पलामू जिला के एक चर्चित अधिवक्ता थे। जिनका नाम जिले के कोने कोने में विख्यात है। आज भी लोग उनके नामों से भली भांति परिचित हैं। लेकिन उनके निधन हो जाने के बाद इस जिला में कोई उनकी पहचान की चीज नहीं है जिनका पहचान को कायम रखने के लिए नगर निगम द्वारा मदन मोहन रोड को गनोरी लाल अग्रवाल रोड का दर्जा दिया गया है। जो कि यह रोड अब उनके ही नामों से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि वे अधिवक्ता होने के साथ ही साथ मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज द्वारा भी इस निगम क्षेत्र को कई धरोहर चीजें दिया गया है। जिसका सदुपयोग आम जनता कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में विकास की योजना बनाकर विकास को जनता को सुपुर्द किया जा रहा है।

**›› मेयर अरुण शंकर ने कहा, नगर निगम क्षेत्र में विकास की योजना बनाकर विकास को जनता को सुपुर्द किया जा रहा है**

इस मौके पर विनोद अग्रवाल, डॉ विकाश चन्द्र अग्रवाल, डॉ आनन्द कुमार, डॉ सत्यजीत गुप्ता,सुधीर सिंह पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका, गोविंद सांवरिया,कृष्णा महलका, किरण देवी, हिमांशु अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भगत सिंह के आदमकद प्रतिमा का होगा अनावरण : डॉ मेहता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा है की शहीद ए आजम भगत सिंह के भव्य और आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। विधायक डॉ मेहता बुधवार को पत्रकारों से मुखातिब थे। पांकी कपूरी चौक स्थित में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक डॉ मेहता ने कहा कि 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर भगत सिंह के आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण किया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई भाजपाई विधायक के साथ थे।

# सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन औषधि दिवस मनाया गया

### मरीजों को केवल जेनेरिक दवा ही लिखें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र : सिविल सर्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** सरकार के निर्देश के आलोक में पलामू जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन औषधि दिवस का आयोजन अर्बन पीएचसी नई मोहल्ला में किया गया। जनऔषधि दिवस के अवसर पर जेनेरिक दवा के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने शपथ लिया कि सभी लोग जेनेरिक दवा का उपयोग करेंगे। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने बताया कि जेनेरिक दवा काफी अच्छी और सस्ती होती जो काफी कारगर है। मरीजों को इसका स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर जेनेरिक दवा को छोड़कर अन्य दवा नहीं लिखा जाना चाहिए। सभी संस्थान जेनेरिक दवा का उपयोग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक डाटा मैनेजर बीटीटी, एएनएम, सी एच ओ और सहिया उपस्थित थे।

# राज्य में खनिज संपदा की लूट मची है और इसमें पलामू अव्वल : भुनेश्वर मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पूरे झारखंड में वन खनिज संपदाओं की लूट मची हुई है। जिसे जहां मौका मिल रहा है वह लुटने से बाज नहीं आ रहा है। जिसमें पलामू जिला सबसे एक नंबर में है। कुछ बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने परिसदन में कहीं। उन्होंने कहा कि पत्थर खनन का लूट मचा हुआ है। जिसमें सरकारी भूमि वन विभाग की भूमि, गैरमजरूआ भूमि, गरीबों की खतीयानी भूमि को भी बिना ग्रामसभा किए लीज पर दिया जा रहा है। पलामू जिला के नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम कुहकू कला में खतियानी रैयत के भूमि पर लीज दे दिया गया। जिस पर अभी मुकदमा भी चल रहा है। तीन घरों को ध्वस्त कर दिया गया और घर के अंदर ही सारा सामान दब गया। लेकिन अभी तक उन लोगों पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। यहां तक की लीज के जमीन के पास ही दो दो जलाशय योजना भी सरकार के द्वारा बना हुआ है। फिर भी लीज मिल जाना सरकारी तंत्र और बड़े पदाधिकारियों की मिलीभगत है। पूरे पलामू जिला में नौडीहा बाजार, छतरपुर, हरिहरगंज रामगढ़ चैनपुर इलाकों में लूट मचा हुआ है। लुट पर हाईकोर्ट ने अवैध लीज पर खनन की जांच करने के लिए सरकार के पदाधिकारियों को प्रतिनिधि बनाया है। जांच कर उत्खनन को रद्द कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज सेवानिवृत्त पदाधिकारी से करानी चाहिए। क्योंकि कहीं न कहीं इस सब में सरकारी तंत्र की भी मिलीभगत है। ऐसी स्थिति में यह जांच भी संदेह के घेरे में होगा। मेहता ने कहा कि झारखंड में खनन के साथ ही साथ बालू का भी लूट मचा हुआ है। बालू को टेंडर सरकार अभिलंब करे या ग्रामसभा को उसकी जिम्मेदारी दे दे। पलामू एसपी नौडीहा बाजार मामले में अभिलंब लीजधारक अपराधियों पर एफ आई आर दर्ज कर परिवार को उचित मुआवजा दिलाने का काम करे और उपायुक्त को चाहिए कि अवैध तरीके से लिया गया लीज को रद्द करे। उन्होंने कहा कि यदि अवैध लीज को रद्द नहीं किया गया तो बाध्य होकर 18 मार्च के बाद उपायुक्त पलामू के समक्ष आमरण अनशन पर बैठेंगे। और 14 अप्रैल से पूरे झारखंड में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी गांव गांव घूम कर लोगों को गोलबंद कर आंदोलन को तेज करने का काम करेगी।

इस मौके पर रुचिर तिवारी, सूर्यपत सिंह, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, नौजवान संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, नसीम राइन, सोनू अहमद, बिजय कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

## श्रीराम और बजरंगबली की जयघोष से गूंजा इलाका, भक्ति में लीन हो गया शहर

ऐतिहासिक होगा रामनवमी : जुगल किशोर



काफी संख्या में श्री महावीर नव युवकदल जनरल के पदाधिकारी व सदस्य और सैकड़ों की संख्या में राम भक्तों उपस्थित थे। ढोल नगाड़े, के साथ आकर्षक तरीके से मंगलवारी जुलूस निकाला गया।

मेदिनीनगर। पूरे देश की तरह पलामू जिला में भी रामनवमी पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पलामू जिला में श्री महावीर नवयुवक दल जनरल पूरी तैयारी के साथ रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए लगी हुई है। जिसकी शुरूआत प्रथम मंगलवारी शोभा यात्रा निकालकर किया गया। पूरे धूम धाम के साथ पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शिवाला घाट की स्थित शिव मंदिर के प्रांगण से रामनवमी पर्व के अवसर पर निकलने वाले मंगलवारी जुलूस का आगाज किया गया। इस अवसर पर मेदिनीनगर के कई रामनवमी समितियों ने भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाला। मौके पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर के अलावा जिसका नेतृत्व जुगल किशोर चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर जुगल किशोर चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू हर बार रामनवमी पर्व के अवसर पर मिसाल कायम किया है। इस वर्ष भी कुछ ऐसा ही यहां के राम भक्त राम भक्तों के सहयोग से कर दिखाया जाएगा। जिससे लोग बरसो बरसो तक याद रखेंगे।

# जगुआर के जवान ने ट्रेनिंग के दौरान लगायी फांसी, डीएसपी पर प्रताड़ित करने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**




जवानों को समझाते पलामू एसपी। यहीं जवान ने फांसी लगायी।

**नीलांबर पितांबरपुर।** झारखंड जगुआर के जवान अनीश कुमार वर्मा (33 वर्ष) ने बुधवार की सुबह ट्रेनिंग के दौरान फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना पलामू जिले के लेस्लीगंज स्थित जैप 8 परिसर में हुई। जवान की मौत के बाद साथी जवान ने आईआरबी के डीएसपी दीपक कुमार पर गंभीर आरोप एवं चरित्र हीनता का आरोप लगाए हैं। उनके अलावा स्थानीय पुलिसकर्मी जो ट्रेनिंग देते थे उन पर भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इधर सूचना मिलने के बाद जमशेदपुर के बागबेड़ा से मृत जवान के परिजन पलामू के लिए रवाना हो गए हैं। इधर घटना की सूचना पाकर पलामू एसपी सह जैप 8 कमांडेंट चंदन कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे सभी जवानों को समझाया और मामले को शांत करा कर विभागीय जांच कर उचित करवाई करने की बात कहीं। बताते चलें कि जवान अनीश कुमार वर्मा वर्ष 2013 में आईआरबी में बहाल हुए थे। 23 जनवरी से अनीश लेस्लीगंज स्थित जैप 8 में प्रशिक्षण ले रहे थे।

### एमपी से बिहार की ओर जा रहे विदेशी शराब से भरे कंटेनर को नावाबाजार पुलिस ने पकड़ा



**नावाबाजार।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ में नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा में नावाबाजार पुलिस ने विदेशी शराब से भरा एक कंटेनर को पकड़ा है। पुलिस को देखते ही कंटेनर के चालक और खलासी भाग गए। हालांकि नावाबाजार पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी बताने से परहेज कर रहीं हैं। जानकारी के अनुसार एमपी से एक कंटेनर शराब लेकर औरंगाबाद बिहार के तरफ जा रही थी। इसी दौरान नावाबाजार पुलिस ने संदेह के आधार पर कंटेनर को रोककर जाच करने लगी तभी मौका मिलते ही कंटेनर के चालक और खलासी भागने में सफल रहे। पुलिस ने जब कंटेनर की जांच किया तो उसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब की पेटी थी। पुलिस शराब से लदा कंटेनर को जब्त कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारों की मानें तो जब्त शराब लाखों रुपए मूल्य के है।

### अग्निवीर योजना के तहत वायुसेना में होंगी भर्तियां

**मेदिनीनगर।** अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना में नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अग्निवीरवायु के लिए पंजीकरण 17 मार्च 2023 को 10:00 बजे से शुरू होगी और 31 मार्च 2023 को 17:00 बजे तक अंतिम आवेदन प्राप्त किया जाएगा। भारतीय वायु सेना में नियुक्ति को लेकर सेना के कमान अधिकारी विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी पलामू जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में 17 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक विजिट करेंगे। इस संबंध में विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी ने बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अग्निवीर को लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक और अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में जाकर छात्र-छात्राओं से मिलकर संवाद करेंगे।

# भगत तेंदुआ स्थित गोदाम से 30 बोरी चावल की चोरी



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव के समीप एनएच 98 किनारे स्थित शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी भोला प्रसाद गुप्ता के गोदाम का मंगलवार की रात ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 30 बोरी चावल की चोरी कर ली। बुधवार की सुबह गोदाम खोलने आए मुनीब अनिल साव ने गोदाम के बाहर दो बोरी चावल गिरा हुआ पाया। बाद में देखा कि गोदाम का मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। इसकी जानकारी उसने गोदाम मालिक को दी। वहीं सूचना के बाद प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार, एसआई शिवशंकर उरांव तथा एएसआई संजय कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचकर गोदाम का निरीक्षण किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि पुलिस गहनता से छानबीन कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर की पता करने में जुटी हुई है।

## कांशीराम राजनेता व समाजसुधारक थे : शेर अली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** दलित, शोषित, आदिवासी और ओबीसी के अधिकारों के संघर्ष करने वाले और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 89वी जयंती पार्टी कार्यालय में मनाई गई। इस मौके पर बसपा कार्यकर्ताओं ने उनके तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बसपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व बसपा प्रत्याशी शेर अली ने कहा की बीएसपी के संस्थापक जिन्हें बहुजन नायक यह साहेब के नाम से जाना जाता है वह एक कुशल राजनेता और समाज सुधारक थे जिन्होंने भारत मे जाति व्यवस्था के निचले भाग अछूत समूहों सहित बहुजनों, पिछड़ी यह निचली जाति के लोगों के उत्थान और राजनीतिक लामबंदी के लिए काम किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि पुनित अम्बेडकर ने मान्यवर साहब के संघर्षों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया व कहा की कांशीराम जी ने पार्टी को स्थापित करने के लिए अपना विशेष योगदान दिया, उन्होंने कहा की 2024 में देश का गरीब मजदूर ,किसान व देश हर नागरिक बदलाव चाहता है इसके लिए पार्टी और कांशीराम के विचार धारा को अपनाना होगा।

मौके पर बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय भारती, पूर्व प्रदेश उपाध्याच हरी यादव पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बीरेंद्र राम, प्रणव सुमन, श्रवण राम सुमंत कुमार, नुरुल खान, जुल्फिकार अली, वकील सिद्दीकी, सद्दाम कादरी, रमेश प्रजापति, गणेश चौधरी, सुमित पासवान, गुड्डु सिंह, अमित यादव समेत कई लोग शामिल थे।

### इप्टा के 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी जोरों पर



**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में भारतीय जन नाट्य संघ 'इप्टा' की सांस्कृतिक टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। विदित हो कि है कि भारतीय जन नाट्य संघ 'इप्टा' का 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 'नीलाम्बर-पीताम्बर लोक महोत्सव' के नाम से पलामू जिला में दिनांक 17 से 19 मार्च-2023 तक होना निर्धारित है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि यह पलामूवासियों के लिए सौभाग्य की बात है 'इप्टा' का राष्ट्रीय सम्मेलन पलामू जिला में हो रहा है। बताते चलें कि बिहार के बेगुसराय से आये राष्ट्रीय स्तर के कलाकार लक्ष्मी प्रसाद यादव ने एक के बाद एक तीन प्रेरक गीत प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। उनकी जादुई आवाज ने बच्चों व शिक्षकों को बहुत ही जल्दी कार्यक्रम से जोड़ दिया। 'ये सितारों आओ गायें अमन छा जाने के गीत' के संदेश ने सबको झूमा दिया। हारमोनियम पर निर्भय सिंह, नाल पर श्रीराम व कोरस में उमेश साह, हरिओम, लक्ष्मण तथा पलामू इप्टा के प्रेम प्रकाश,सुरेश सिंह व मनीष खूब जमे। सोशल एक्टिविस्ट पंकज श्रीवास्तव, पत्रकार विनय भूषण व प्रेम प्रकाश ने आयोजन के बारे में जानकारियां दीं। विद्यालय की शिक्षिका निशा व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने कार्यक्रम के त्वरित संयोजन में सराहनीय भूमिका निभायी।

# हीरो मोटोकार्प ने लांच की 'सुपर स्प्लेंडर एक्स टेक'

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** हीरो मोटोकार्प डाल्टनगंज के अधिकृत विक्रेता आनंद ऑटो बाइक्स, रेड़मा में नई एज सुपर स्प्लेंडर 125सीसी की विधिवत लॉन्चिंग कंपनी के टीएसएम अभिषेक सोनी के हाथों सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर आनंद ऑटो बाइक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आकर्ष आनंद समेत सैकड़ों नए-पुराने ग्राहक तथा कर्मचारीगण मौजूद थे। अपने ग्राहकों को एक स्टाइलिश, रोमांचक और सबसे आधुनिक रेंज पेश करने के लिए अपने बेहद लोकप्रिय TEC पोर्टफोलियो को और मजबूत करते हुए, मोटरसाइकिल और स्कूटर्स बनाने वाली दुनियां की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकार्प ने सुपर स्प्लेंडर XTEC को लॉन्च किया है। एमडी आकर्ष आनंद ने बताया कि आइकॉनिक स्प्लेंडर फैमिली के भरोसे पर बनाई गई है। यह बाइक्स 125 सीसी सेगमेंट में कंपनी के उत्पादों की व्यापक रेंज में नया संकलन है। आनंद ने बताया कि युवाओं की तेजी से बदलती आवश्यकताओं को ध्यान मे रखकर बनाई गई यह नई मोटरसाइकिल अपनी स्टाइल, कैनेक्टविटी और सुविधाजनक फीचर्स के साथ उन्हें आकर्षित करती हैं। यह ग्राहकों के लिए एक सुपर पंच है। सुपर पॉवर, सुपर माइलेज और सुपर कंफर्ट से लैस नया वेरिएंट अब टेक्नोलॉजी के मामले में भी नई ऊंचाइयां छूं रहा है। उन्होंने कहा कि नई सुपर स्प्लेंडर TEC मे कई फीचर्स आते हैं जैसे लो फ्यूल इंडिकेटर के साथ फुल डिजिटल स्पीडोमीटर और सर्विस रिमाइंडर एवं मैलफंक्शन इंडिकेटर, कॉल और एसएमएस अलर्ट के साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी इसे ज्यादा सुविधाजनक बनाती है। बेहद अनूठे तरीके से डिजाइन किए गए हाई एंटेसिटी पोजीशन लैंप के साथ एलईडी हैंडलैंप, और नए ड्यूल टोन स्ट्राइप्स मोटरसाइकिल के पूरे लुक को ज्यादा आकर्षक बनाते हैं। 68किलोमीटर/लिटर का जबरदस्त माइलेज सुपर स्प्लेंडर TEC को एक परफेक्ट परफॉर्मर बनाता है। दो वैरिएंट में लॉन्च की गई सुपर स्प्लेंडर XTEC रू 84,268(ड्रम वैरिएंट) और रू 88,218 (डिस्क वैरिएंट) मे सारे देश मे हीरो मोटोकॉर्प डीलर्स के पास उपलब्ध हैं (एक्स शोरूम दिल्ली)। रंजीवजीत सिंह, चीफ ग्रोथ ऑफिसर (सीजीओ), हीरो मोटोकॉर्प, ने कहा, 'हीरो मोटोकॉर्प मोटरसाइकिल और स्कूटर्स के अपने पोर्टफोलियो में आधुनिक, तकनीकी रूप से उन्नत सबसे बेहतरीन TEC प्रोडक्ट्स की रेंज लेकर आई है और देश के मोटरसाइकिल सवारों के दिलों मे अपने लिए एक विशेष जगह बनाई है। हमे विश्वास है कि आइकॉनिक सुपर स्प्लेंडर का नया संस्करण टू व्हीलर्स की हमारी TEC रेंज को और अधिक आकर्षक बनाएगा। मौके पर महाप्रबंधक श्याम रंजन उपस्थित थे।

# गति कम करने के लिए चियांकी में लगा ड्रम बैरियर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत चियांकी रिलायंस पेट्रोल पंप और डीएवी स्कूल के पास वाहन को कम गति करने के लिए ड्रम बैरियर लगाया गया। जिले के एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर जिला ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कई जगह पर बैरियर लगवाया। यह बैरियर वाहन की तेज गति को कम करने में सहायक होगा। रामजीत ने बताया की जो वाहन तेज गति में चलते हैं। उनसे दुर्घटना रोकने के लिए जिले के एसपी के निर्देश पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए बेरियर लगाया। जिला ट्रैफिक प्रभारी सिंह ने बताया कि दुर्घटना स्पीड के कारण ही होती है। उन्होंने सभी गार्जियन से अपील किया कि 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों को बाइक ना दें। उनके पास कोई समझदारी नहीं होता है और वह तेज गति से बाइक चलाते हैं। इससे ज्यादा दुर्घटना होती है।

# चंदवा के अभिजीत प्लांट में मैनपॉवर व स्क्रैप कंपनी के बीच भिड़ंत

## फेज 2 से उठाव को लेकर चल रहा था बैठक, जमकर हुई तीखी नोंक-झोंक व झड़प, लात घुंसे तक पहुंचा मामला

- लिक्विडेटर कंपनी के प्रतिनिधि के बुलावे पर बैठक में गए थे मैन पावर कर्मी
- स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होने के बाद से विवादों में घिरा है अभिजीत प्लांट


बैठक के दौरान कंपनी के लोग व मैन पॉवर कर्मचारी।


झड़प के बाद मौजूद भीड़।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के अभिजीत प्लांट में बुधवार को मैन पावर संघ की नई कमिटी के लोगो व स्क्रैप उठाव कर रही कंपनी मित्तल आयरन स्टील लिमिटेड के प्रतिनिधि पीएसीएल चंडीगढ़ के एमपीएस राणा के लोगो, उनके सफेदपोश समर्थकों के बीच तीखी नोंक-झोंक व झपड़ हो गयी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। घटना के संबंध में मैन पावर कर्मचारी संघ के लोगो ने बताया कि फेज वन में कटिंग पूरा होने के बाद दूसरे फेज में कटिंग का काम शुरू होना है। उसी के निमित स्क्रैप कटिंग कर रही लिक्विडेटर कंपनी के लोग मैन पावर कर्मियों के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक कर रहे थे। इसी बीच मैन पावर के कर्मचारी संघ नई कमिटी के लोगो ने अबतक उठाव किये गए स्क्रैप को लेकर सवाल उठाया। इसी दौरान नोंक-झोंक होने लगी, इसी क्रम में मैन पावर कर्मचारी संघ की नई कमिटी व पुरानी कमिटी के बीच बहस शुरू हो गयी। बात बढ़ते बढ़ते लिक्विडेटर के प्रतिनिधि तक पहुंच गई व दोनो पक्षो के बीच नौबत हांथापाई तक जा पहुंची। वहां पर मौजूद सुरक्षा बलों एवं प्रबुद्धजनों ने समझा बुझा कर मामला शांत कराया।

### स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होने के बाद से विवादों में घिरा है अभिजीत प्लांट

अभिजीत प्लांट के दिवालिया घोषित होने के बाद बैंकर्स के कर्ज भुगतान को लेकर स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होने के बाद से प्लांट विवादों में घिर गया है। एनसीएलटी कोर्ट द्वारा प्लांट को स्क्रैप घोषित किये जाने के बाद पहले फेज में स्क्रैप कटिंग का काम लेने वाली लिक्विडिटर के द्वारा मित्तल आयरन स्टील लिमिटेड द्वारा अपने प्रतिनिधि पीएसीएल कंपनी के एमपीएस राणा के लोगो व उनके सफेदपोश समर्थकों पर कॉरपोरेट लूट को अंजाम देने का आरोप लगता आ रहा है। लगातार विरोध व विवाद सामने आ रहे हैं। विस्थापित ग्रामीण व मैन पॉवर कर्मचारी केन्द्रीय जांच एजेंसी के माध्यम से जांच कराने की मांग भी कर रहे हैं।

### लिक्विडेटर कंपनी के प्रतिनिधि के बुलावे पर गए थे कर्मी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लिक्विडेटर कम्पनी के प्रतिनिधि के द्वारा मैन पावर कर्मचारियों के साथ बैठक बुलाई गई थी। बैठक में एमपीएस राणा, एसके गर्ग, प्लांट हेड बीसी साहू भी मौजूद थे। बैठक में मेन पावर कर्मचारी संघ की नयी कमिटी के लोगो द्वारा स्क्रैप कटिंग का हिसाब किताब मांगा गया। कहा कि पहले चरण में फेज-2 से केवल लूज मेटेरियल का उठाव करना था, लेकिन गलत तरिके से किमती संयत्रों का उठाव किया गया है। जिस पर लिक्विडेटर कम्पनी के प्रतिनिधि राणा के द्वारा बोला गया कि हिसाब किताब लेने वाले तुम कौन होते हो, जिसके बाद मैंने पॉवर कर्मचारी भड़क गए व दोनों पक्ष में भिड़ंत हो गई। अगर समय पर पुलिस बीच-बचाव में नहीं आती तो मामला खून खराबे तक भी पहुंच सकती थी।

### कई खेमे में नजर आ रही है

बता दें अभिजीत प्लांट के मैन पावर कर्मचारी संघ की नयी कमिटी गठित होने के बाद से ही कर्मचारियों में फुट देखने को मिल रही है व संघ कई खेमे में नजर आ रही है। पुरानी कमिटी नई कमिटी को एक सिरे से खारिज करती दिख रही है वहीं नई कमेटी पुरानी कमिटी के ऊपर मिली भगत का आरोप प्रत्यारोप लगा रही है।

### बैठक में ये लोग थे मौजूद

बैठक में एमपीएस राणा, सुरेन्द्र कुमार गर्ग, प्लांट हेड वीसी साहू, आरबी सिंह, दीपक पांडेय, मोहफिल खान, तौफिक खान, मजहर खान, अफसर खान, नौशाद खान, आशिक खान, समीद खान, कालेश्वर कुमार, चंद्रदेव उरांव, दिनेश उरांव, अमर राम, नौशाद आलम, पप्पू खान, मुस्ताक खान, लक्ष्मण यादव, वशी अहमद, सुरेंद्र उरांव, समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## अवैध लोहा लदा टेम्पू जब्त, चार गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद और उनकी उनकी टीम ने चोरी किया हुआ पांच टन लोहा, दो गैस सिलेंडर लदा टेंपो जप्त किया है। वहीं मौके पर चार लोगो को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। जिसमें बालूमाथ थाना एस.आई धीरज कुमार एएसआई संजय कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। जहां बालूमाथ-रांची मुख्य पथ पर स्तिथ ओवर ब्रिज के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक टेंपो में लगा 5 टन अवैध लोहा और लोहा काटने के लिए रखा दो गैस सिलेंडर जप्त किया गया। वहीं मौके पर से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें मोहम्मद असगर आलम उर्फ निहाल 30 वर्ष पिता स्वर्गीय मोहम्मद तय्यब,मोहम्मद शकील 32 वर्ष पिता स्वर्गीय मोहम्मद कलीम, इश्तियाक अहमद उर्फ बलकन्हा 42 वर्ष पिता स्वर्गीय हबीबुल्लाह खान, मुजफ्फर खान 45 वर्ष पिता स्वर्गीय मुस्तकीम खान सभी ग्राम धाधु थाना बालूमाथ शामिल है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 45/23 धारा 379,414/34 भादवी के तहत मामला दर्ज करते हुए सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को लातेहार मंडल कारा भेज दिया गया।

# मगध कोलियरी के भु-रैयतों की मांगों को लेकर बालूमाथ उप-प्रमुख ने लिखा जीएम को पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

- प्रभावित भू-रैयतों को पुनर्वास की व्यवस्था समेत अन्य सभी लाभ यथाशीघ्र दिए जाए: कामेश्वर राम
- आवेदन में उप प्रमुख ने बताया है कि सीसीएल द्वारा अधिकृत की गई भूमि, गैरमजरूआ के बदले में लाभुकों को उचित मुआवजा के साथ नौकरी दिया जाये।



**लातेहार/बालूमाथ।** बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम ने सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के जीएम के.के सिन्हा को पत्र लिखकर भु-रैयतों की मांगों से अवगत कराया है। दिए गए आवेदन में उप प्रमुख ने बताया है कि सीसीएल द्वारा अधिकृत की गई भूमि, गैरमजरूआ के बदले में लाभुकों को उचित मुआवजा के साथ नौकरी दिया जाए। साथ ही पेड़-पौधे, कुआं, तालाब के भी बदले मुआवजा दिया जाए। मगध परियोजना के प्रभावित भू-रैयतों को पुनर्वास की व्यवस्था यथाशीघ्र की जाए। रोजगार हेतु मगध परियोजना क्षेत्र से निकलने वाले कोयला ढुलाई स्थानीय ट्रकों से 50% एवं स्थानीय हाईवा से 40% का आरक्षण की व्यवस्था की जाए। ट्रकों से होने वाले ढुलाई के बदले में मिलने वाले भाड़ा को तेतरियाखांड कोलियरी के तर्ज पर लागू किया जाए। मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा का पालन करते हुए सीसीएल द्वारा जितने भी कोयला संबंधित कार्य ट्रांसपोर्ट, लोडिंग और लिफ्टिंग जैसे कार्य मगध परीयोजना से जुड़े विस्थापित परिवारों को प्रति 75% कर दिया जाए, रैयतों के द्वारा अपने भूमि के बदले नौकरी व मुआवजा की मांग की जाती है तो सीसीएल के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जाता है कि नौकरी मुआवजा की राशि झारखंड सरकार के पास जमा कर दी गई है। इसकी सत्यता की जांच करते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही की जाए, पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। साथ ही उप-प्रमुख ने कहा कि अगर उपरोक्त मांगों पर आगामी 20 मार्च तक पहल नहीं किया जाता है, तो सभी ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे। वही आवेदन की प्रतिलिपि देश के प्रधानमंत्री, कोयला मंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, पुलिस महानिरीक्षक, उपायुक्त लातेहार, सीएमडी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी बालूमाथ एवं मगध परियोजना पदाधिकारी को भी दी गई है।

## चापानल व जलमीनार खराब होने से ग्रामीण परेशान


खराब जलमीनार दिखाते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोंटी पंचायत के टुंडाहुटु ग्राम स्थित कुसुम टोला में चापानल और पिछले कई माह से जलमीनार खराब रहने के कारण ग्रामीणों की को समस्या हो रही है। ग्रामीण सुमन देवी, हरयारिन कच्छप, उजरेन कच्छप, करूणा कच्छप, अनिशा कच्छप, मगडाली कच्छप, ज्योति, निराशो, सतन, गुड़िया, पवन, विजय, लवकुश सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि कुसुम टोला ग्रामीणों को पेयजल सुविधा सहित अन्य दैनिक कार्य के लिए चापानल के साथ सोलर जलमीनार लगाया गया था। विभागीय उदासीनता के कारण पिछले कई माह से खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण ग्रामीणों को प्रतिदिन दूर जाकर पेयजल सहित अन्य कार्यों के लिए पानी की व्यवस्था करना पड़ता है। वहीं लगा जलमीनार भी खराब है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा की गरमी भी दस्तक दे दी है। जिससे और भी समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने सम्बंधित विभाग सहित साथ प्रखंड प्रशासन से खराब पड़े जलमीनार व चापानल को अविलंब मरम्मत कराकर पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

## श्रीराम नवमी महोत्सव को को लेकर बैठक



**चंदवा।** देवी मंडप प्रांगण में श्री रामनवमी पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर मंदिर समिति के सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए चंदवा वासियों से सहयोग लेने हेतु एक समिति का गठन किया गया। उक्त समिति पूरे चंदवा शहर में घूम कर इस कार्यक्रम की सफलता हेतु लोगों का अंशदान प्राप्त करेगी। इसके अलावा मंदिर के साप्ताहिक भोग, रखरखाव एवं मेंटेनेंस हेतु एक माहवारी अंशदान देने हेतु भी लोगों से आह्वान किया गया एवं समिति बनाई गई। मंदिर के रखरखाव एवं साप्ताहिक भोग हेतु अंशदान बढ़ाने के लिए पूरे चंदवा शहर के लोगों से आह्वान किया गया। मंदिर के रखरखाव हेतु माहवारी दान देने हेतु इच्छुक श्रद्धालु जन समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव से संपर्क कर अपना अंशदान दे सकते हैं।

## प्रशासन ने चलाया वाहन जांच अभियान

### नियमों का पालन करने को लेकर चालकों को दी गई हिदायत

खबर मन्त्र संवाददाता


वाहनों का जांच करते प्रभारी व पुलिस बल के जवान ।

**मनिका।** मनिका थाना के समीप लातेहार जिला के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार दिन बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत, थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां पर दो पहिया वाहन में हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी बुक और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट, आपत्तिजनक पदार्थ समेत इत्यादि कागजातों के जांच किए गए। वहीं जांच के उपरांत कमी पाए जाने पर लगभग दर्जनों से अधिक वाहनों को पुलिस ने पकड़ा। मौके पर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए सभी वाहनों के चालान काटे जाएंगे जिसके बाद वाहनों को छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना जैसी घटनाओं पर रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार वाहनों के जांच किए जा रहे हैं और सभी वाहन चालकों को हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करना, यातायात के नियमों का पालन करना, शराब पीकर वाहन नहीं चलाना, हेलमेट पहनकर बाइक चलाना, समेत इत्यादि नियमों का पालन करने हेतु सख्त हिदायत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर वाहन चालक यातायात के नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गए तो पुलिस के द्वारा वाहनों के चालान काटने के साथ-साथ चालकों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी इसलिए सभी वाहन चालक अपनी सुरक्षा हेतु हमेशा यातायात के नियमों का पालन करें। मौके पर थाना प्रभारी व पुलिस बल के कई जवान उपस्थित थे।

### पुलिस ने चलाया एंटी क्राईम चेकिंग अभियान


चेकिंग अभियान चलीती पुलिस

**चंदवा।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के उदेश्य से लातेहार एसपी अंजनी अंजन के आदेश व डीआईओ संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार चंदवा पुलिस के द्वारा इंदिरा गांधी चौक व चंदवा थाना प्रवेश द्वार के समक्ष सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान दर्जनो की संख्या में दो पहिया व चार पहिया वाहनो की जांच की गयी, जांच के क्रम में कई वाहनो को नियमो का उलंघन करते पकड़ा गया। जिन्हे परिवहन नियमो का पालन करने का निर्देश दिया गया। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि नाबालिग के द्वारा वाहन चलाये जाने, तेज गति व शराब पीकर वाहन चलाने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है जिस कारण लोगो को जानमाल की क्षति उठानी पड़ रही है। इसी पर विराम लगाने को लेकर उक्त अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अभी निरंतर जारी रहेगा।

## बरवाडीह: पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान


अभियान के दौरान जांच करते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

- अपराध नियंत्रण को लेकर अनवरत जारी रहेगा चेकिंग अभियान : श्रीनिवास सिंह

**बरवाडीह।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने मुगीर्डीह पुलिस पिकेट के समीप बुधवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों के कागजात आदि की जांच की गई। बगैर हेलमेट, बगैर कागजात और यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के वाहनों को जप्त कर इसकी रिपोर्ट जिला परिवहन पदाधिकारी को सौंपी गई। वहीं पुलिस के वाहन जांच अभियान से बचने के लिए चालकों ने पकड़े जाने पर कई बहाने बनाए। लेकिन किसी को बख्शा नहीं गया। जानकारी के अनुसार वाहन जांच के दौरान पुलिस ने करीब दो दर्जन से अधिक बाइक को पकड़ा। जिनके चालकों द्वारा बगैर यातायात नियमों का पालन किए वाहन चलाया जा रहा था। अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। कई वाहन चालक पुलिस के अभियान को देख रास्ता बदलकर भागते नजर आए।

### नियमों का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं : थाना प्रभारी

इधर थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट जरुर पहनें और जान को जोखिम में जाने से बचाएं। उन्होंने अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर हेलमेट जांच मुहिम अनवरत जारी रहने की बात कही है।

# बारियातू में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


परीक्षा देते छात्र।

**बारियातू।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित इंटर की परीक्षा के लिए प्रखंड में बनाए गए दो परीक्षा केंद्र आदर्श मध्य विधालय बारियातू व राजकीय कृत मध्य विधालय साल्वे में बुधवार को द्वितीय पाली में अनुशासनबद्ध शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। आदर्श मध्य विधालय बारियातू में इंटर इंग्लिश ए की परीक्षा में 182 परीक्षार्थी मे एक अनुपस्थित उपस्थित रहे। जबकि हिन्दी ए में 112 में 109 उपस्थित रहे तीन अनुपस्थित रहे। इधर राजकीय कृत मध्य विधालय साल्वे के केन्द्राधीक्षक जयप्रकाश कुमार ने बताया कि 207 परीक्षार्थी में 206 उपस्थित एक अनुपस्थित रहे। इंग्लिश ए की परिक्षा में 160 परीक्षार्थी में 159 उपस्थित रहे एक अनुपस्थित रहे। जबकि हिन्दी ए की परिक्षा में 47 परीक्षार्थी में सभी शामिल रहे। बनाए गए दोनों परीक्षा केंद्र मे दंडाधिकारी चंदन कुमार, प्रभात उरांव, केंद्राधीक्षक अनिता देवी, जयप्रकाश कुमार, वीक्षक संजिव कुमार, यमुनाधर मिश्र,शंभु राम, अमित कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, नागेन्दर प्रसाद सहित कई वीक्षक अहम भूमिका निभा रहे थे।

## चार करोड़ से लगे 30 सोलर वॉटर एटीएम जिससे नहीं निकलता एक भी बूंद पानी

# वाटर एटीएम जल मीनार शोभा की वस्तु बनकर रह गई

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले भर में वॉटर एटीएम को अच्छी तरह से देखरेख नहीं होने के कारण बीते एक वर्ष से वॉटर एटीएम जलमीनार महज शोभा की वस्तु बनी हुई है। लाखों रुपये से बनी वॉटर एटीएम जलमीनार करीब एक वर्ष से बन्द पड़ी है। बता दें कि इस वाटर एटीएम में आरो सुविधा उपलब्ध है। लेकिन विभाग के तरफ से किसी तरह की देखरेख नहीं की जा रही है। देखरेख के अभाव के कारण वाटर एटीएम बंद पड़ा हुआ है। जिससे लोग मजबूरन पानी बोतल खरीदने को मजबूर है। वही मध्यम वर्ग के लोग जहां-तहां के पानी पीते हैं जो प्यूरिफाई नहीं रखता है। लाखों रुपये की लागत से जलमीनार का निर्माण कराया गया था। ताकि हर किसी व्यक्ति को स्वच्छ पानी मिल सके। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कभी भी इस वाटर एटीएम जल मीनार से एक बूंद पानी नहीं मिल सका। प्रखंड मुख्यालय होने के कारण हर दिन यहां पर पानी की खपत ज्यादा है। लेकिन फिर भी पदाधिकारी देखकर ही रह जाते हैं। लेकिन किस कारणवश यह बन्द है, कोई बताने वाला नहीं है। बताते चलें कि जिले में विशेष सहायता मद (एसीए) से लगाए गए 30 वाटर एटीएम से चुल्लू भर पानी नहीं मिल रहा है। इसके लिए 3 करोड़ 92 लाख, 71 हजार 470 रुपए खर्च कर दिए गए हैं। एक वाटर एटीएम की लागत 13 लाख 9 हजार 49 रुपए है। इसमें आरओ भी लगा हुआ है। इसका संचालन सोलर आधारित है। प्रावधान के मुताबिक एसीए मद की राशि केंद्र सरकार की होती है, जिसे अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में किया जाता है। संवेदक ने जो प्राइस बिड जमा किया है। उसके मुताबिक एक वाटर एटीएम, आरओ, यूवी, चिल्लर बेस्ड की कीमत 9 लाख 42 हजार 820 रुपए व डीप बोरिंग, पंप , पैनल, स्ट्रक्चर, कंट्रोलर व वॉटर स्टोरेज की लागत 3 लाख 66 हजार 229 रुपए दर्शायी है। जिसपर अधिकारियों ने भी सहमति दी है। पूर्व उपायुक्त द्वारा कार्यालय ज्ञापांक - 152 दिनांक 10 अगस्त 2021 को जारी आदेश में कहा गया है कि विशेष केंद्रीय सहायता मद अंतर्गत जिला स्तरीय समिति से प्राप्त अनुमोदन के तहत स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी जा रही है।

### लातेहार जिले में इन जगहों पर लगाए गए हैं वाटर एटीएम


शोभा बनी वाटर एटीएम जल मीनार।

सीआरपीएफ कैंप गारू, अरूणोदय नेतरहाट, नया पुलिस लाइन लातेहार, मारोमार फॉरेस्ट गेस्ट हाउस सदर अस्पताल लातेहार, सीआरपीएफ 214 बटालियन डालडा फैक्ट्री, जी/214 बटालियन सीआरपीएफ सरयू कैंप, ई/133 सीआरपीएफ कैंप मनिका, 11 बटालियन सीआरपीएफ कैंप मंडल, गनईखाड़ गारू, बीएन/11 सीआरपीएफ मोरवाई कैंप, बीएन/11 सीआरपीएफ किनामांड, बीएन/11 सीआरपीएफ कैंप मटलौंग, लातेहार थाना, चंदवा थाना, बालूमाथ थाना, समाहरणालय लातेहार कैंटीन, मननडीह, बुकरू बालूमाथ, लातेहार प्रखंड कार्यालय, चंदवा प्रखंड कार्यालय, बालूमाथ प्रखंड कार्यालय, बारियातू प्रखंड कार्यालय, हेरहंज प्रखंड कार्यालय, मनिका प्रखंड कार्यालय, बरवाडीह प्रखंड कार्यालय, गारू प्रखंड कार्यालय, महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय, लातेहार कृषि विभाग, लातेहार वन विभाग व अमझरिया पुलिस पिकेट चंदवा में लगाया है। प्रखंड कार्यालय में लगाया गया एक भी वाटर एटीएम चालू हालत में नहीं है।

## जयंती पर याद किये गये नेता जयवर्धन सिंह


जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता ।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के निवासी रहे और भाजपा के कद्दावर नेता स्वर्गीय जयवर्धन सिंह की जयंती बुधवार को भाजपा मंडल कमेटी के द्वारा मनाई गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित पार्टी के मंडल कार्यालय में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय जयवर्धन सिंह की जन्म जयंती मनाते हुए जयवर्धन सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि और श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। मौके पर उपस्थित पार्टी के नेता और कार्यकताओं ने जयवर्धन सिंह के भारतीय जनता पार्टी को प्रखंड के साथ-साथ पूरे जिले में मजबूत बनाने को लेकर दिए गए योगदान और क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष को भी याद किया और अपने-अपने विचारों को व्यक्त करने का काम किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनरेगा के सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता कतरू प्रजापति, राजीव कु.सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, युवा मोर्चा महामंत्री पारस जयसवाल, राजीव कुमार सिन्हा, दीपक तिवारी और नंनदेव सिंह समेत कई लोग मौजूद थे। वहीं इसके पूर्व सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता बैजनाथ प्रसाद उर्फ बैजू के असमय मृत्यु पर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने दुख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति को लेकर भी प्रार्थना की।

# इंडिया ने किया अभ्यास, कुलचा पर रही नजर



एजेंसी

**मुंबई।** कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या सहित भारतीय क्रिकेट टीम के कई सदस्यों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला से पूर्व बुधवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास शुरू किया, लेकिन सभी की निगाहें कलाई के दो स्पिनरों कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल पर टिकी रही, जिनका अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए आलराउंडर रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर से मुकाबला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में कुलदीप और चहल अपनी गुगली, फ्लिपर और लेग ब्रेक का कमाल दिखाकर इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे। कुलदीप और चहल दोनों ही बल्लेबाजी करने में माहिर नहीं हैं। हालांकि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को टेस्ट स्तर पर बल्लेबाजी में कुछ हद तक सफलता मिली है। वाशिंगटन और जडेजा की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में अच्छी पकड़ है लेकिन अगर स्पिन कौशल की बात की जाए तो कुलदीप और चहल उनसे आगे हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण मुंबई में होने वाले पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे और इस मैच के लिए कार्यवाहक कप्तान पंड्या उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने सफेद गेंद से दो घंटे से अधिक समय तक अभ्यास किया। जिन अन्य खिलाड़ियों ने अभ्यास में भाग लिया उनमें तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, जयदेव उनादकट, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर तथा बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन शामिल थे। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए लेकिन कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप और गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे, थ्रोडाउन विशेषज्ञ राघवेंद्र और नुवान सेनेविरत्ने उपस्थित थे। बल्लेबाजी में नंबर पांच और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारियों के लिए भारत की पहली पसंद केएल राहुल ने भी अभ्यास में भाग नहीं लिया। उन्हें नागपुर और नयी दिल्ली में खेले गए पहले दो टेस्ट मैचों के बाद अंतिम एकादश में जगह नहीं दी गई थी। श्रृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किए गए पंड्या ने गेंदबाजी का अभ्यास किया।



## अय्यर ऑस्ट्रेलिया के वनडे श्रृंखला से बाहर

**मुंबई।** भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ के निचले हिस्से की चोट के फिर से उभरने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए 11 मार्च को अय्यर के वनडे से बाहर होने की खबर सामने आई थी। पता चला है कि मुंबई का यह कलात्मक बल्लेबाज चकाचौंध से भरी आईपीएल में भी भाग नहीं ले पाएगा। अय्यर आईपीएल में केकेआर का नेतृत्व करते हैं। वह फिलहाल रिहैबिलिटेशन (इलाज और चोट से उबरने की प्रक्रिया) के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है।

## टीम अब शांति से आराम कर रही है : लतीफ

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ 24 मार्च से शुरू होने वाली टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम की घोषणा की है। बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी जैसे खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। नियमित कप्तान बाबर आजम की जगह अब शादाब खान अफगानिस्तान के खिलाफ टीम की कमान संभालते नजर आएंगे। इसी दौरान पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लेकर विवादित बयान दिया है। दरअसल उन्होंने रेस्ट इन पीस पाकिस्तान टीम बुलाकर बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। उनके इस बयान को पाकिस्तानी क्रिकेट बोर्ड ने भी अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने साफ तौर पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और चयनकर्ताओं को निशाने पर लिया है।

## पहले राउंड में सिंधु हुई बाहर, यी ने दी मात

**बर्मिंघम।** भारतीय स्टार पीवी सिंधू की खराब फॉर्म ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंमियनशिप में भी जारी रही। वह बुधवार को चीन की झांग यी मैन से सीधे खेलो में हारकर पहले राउंड में बाहर हो गई। दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक मेडल विनर सिंधू को 39 मिनट तक चले महिला सिंगल मुकाबले में 17-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस साल तीसरा अवसर है जबकि सिंधू पहले राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई। वह जनवरी में मलेशिया ओपन में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हार गई थी और उसी महीने इंडियन ओपन में भी पहले राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई थी।

## शरीर टूटा, हौसला नहीं

**मुंबई।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बुधवार को स्विमिंग पूल में स्टिक के सहारे चलते नजर आए। सड़क हादसे में बाल-बाल बचने के बाद अब यह लेफ्ट हैंड बैटर तेजी से उबर रहा है। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो में पंत की चोटिल पीठ साफ तौर पर देखी जा सकती है।

## निकहत और लवलीना से होंगी काफी उम्मीदें

**नयी दिल्ली।** भारत गुरुवार से शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में महिला मुक्केबाजी में अपने बढ़ते रुतबे के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा तो उसे निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन से काफी उम्मीदे होंगी। बाएं घुटने की चोट से उबर रहीं छह बार की चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज एमसी मेरीकोम की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियन निकहत और ओलंपिक ब्रोंज मेडल लवलीना 12 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। दोनों मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के बीच नए वजन वर्गों में अपने पैर जमाने की कोशिश करेंगी।दुनिया की चौथे नंबर की मुक्केबाज निकहत ने अपना वजन वर्ज 52 किलोग्राम से घटाकर 50 किलोग्राम कर लिया है। उन्होंने पिछले साल तुर्की में 52 किलोग्राम वर्ग में ही खिताब जीता था। दूसरी ओर लवलीना ने 69 किलोग्राम वेल्टरवेट वर्ग से अपना वजन बढ़ाकर 75 किलोग्राम मिडिलवेट वर्ग में किया है क्योंकि 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए उनके दोनों पसंदीदा वजन वर्ग को हटा दिया गया है। निकहत के लिए 50 किलोग्राम वर्ग में यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट होगा।

## बेंगलुरु की पहली जीत, यूपी को 5 विकेट से हराया

**मुंबई (एजेंसी)।** स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) में पहली जीत हासिल की है। टीम ने यूपी वारियर्ज को 5 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही बेंगलुरु ने लीग के प्ले ऑफ में प्रवेश की उम्मीदें कायम रखी हैं। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में बुधवार रात बेंगलुरु ने टॉस जीता और फील्डिंग करने का फैसला लिया। यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हेरिस-दीप्ति की अर्धशतकीय साझेदारी के दम पर 135 रन बनाए। 136 रनों का

### डब्लूपीएल : कनिका की कमाल पारी, पेरी को तीन विकेट

टारगेट बेंगलुरु ने 18 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। कनिका आहूजा ने सबसे ज्यादा 46 रन की पारी खेली। हीथर नाइट ने 24 रन का योगदान दिया। दीप्ति शर्मा को दो सफलताएं मिलीं। ग्रेस हेरिस, सोफी एक्लेस्टन और देविका वैद्य को एक-एक विकेट मिला। कनिका आहूजा (46 रन) और रिचा घोष (31 रन) ने 5वें विकेट के लिए 46 गेंद पर 60 रनों की उपयोगी साझेदारी की। इस साझेदारी ने टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इससे पहले, बेंगलुरु ने 60 पर चार विकेट गंवा दिये थे। बेंगलुरु का टॉप ऑर्डर फ्लॉप रहा। ओपनर सोफी डिवाइन (14 ) के बाद कप्तान स्मृति मंघाना शून्य पर आउट हो गयी।

**यूपी ने बनाये 135 रन:** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी की टीम 19.3 ओवर में 135 रन पर ऑलआउट हो गयी। टीम ने 31 रन पर 5 विकेट गंवा दिया थे। ग्रेस हेरिस (32 बॉल पर 42 रन) और दीप्ति शर्मा (19 बॉल पर 22 रन) ने पारी संभाली।

## टेस्ट रैंकिग: अश्विन की बादशाहत बरकरार विराट कोहली ने भी लगाई बड़ी छलांग



**नयी दिल्ली।** भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी आइसीसी की नई रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में हुआ और उन्होंने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को 10 रेटिंग अंकों से पीछे छोड़ दिया। रैंकिंग में उनके साथी बाएं हाथ के स्पिनर रविन्द्र जडेजा को एक स्थान का नुकसान हुआ है भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल को बीजीटी के बाद आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में काफी फायदा हुआ है। वह जहां गेंदबाजी में छह पायदान चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं, तो वहीं ऑलराउंडर्स की सूची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्ले से दमदार योगदान देकर लिस्ट में दो स्थान आगे बढ़ने के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में जडेजा और अश्विन शीर्ष दो स्थान पर हैं। चोट की वजह से टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में छठे से सातवें स्थान पर चले गए हैं।

**विराट कोहली ने टेस्ट रैंकिंग में लगाई बड़ी छलांग :** आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में बल्लेबाजों की लिस्ट में चोटिल ऋषभ पंत (नौवें) और रोहित शर्मा (10वें) शीर्ष 10 में शामिल भारतीय हैं। विराट कोहली सात स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। शुभमन गिल 17 पायदान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा करियर के सर्वश्रेष्ठ 815 रेटिंग अंक के साथ रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। डेरिल मिशेल भी करियर के सर्वश्रेष्ठ 800 रेटिंग अंक तक पहुंच गए। हालांकि वह रैंकिंग में सुधार नहीं कर सके और आठवें स्थान पर ही बने हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा 14 स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग में 15वें स्थान पर पहुंच गए।

## शतरंज : पहली बार खेलेंगे भारत के गुकेश

**स्टावंगर, नॉर्वे ।** नॉर्वे शतरंज के अब तक हुए 10वे संस्करण में भारत के 5 बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ही हमेशा से भारत का प्रतिनिधित्व करते आए है। अब तक इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में 8 बार आनंद तो दो बार पेंटाला हरीकृष्णा नें देश का नेत्तृत्व किया है पर अब नयी पीढ़ी के युवा ग्रांड मास्टर और शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण पदक विजेता डी गुकेश को पहली बार इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में मेजबान नॉर्वे के विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन, फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा, यूएसए के वेसली सो, हिकारु नाकामुरा और फबियानों करूआना, अजरबैजान के शाखिरयार ममेद्यारोव, नीदरलैंड के अनीश गिरि, नॉर्वे के आर्यन तारी और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक भाग लेंगे। इस बार यह टूनार्मेंट 29 मई से 9 जून के दौरान खेला जाएगा।

## भारत के लियोन नें जीता 38वां चेसऑर्ग फेस्टिवल का खिताब ,शीर्ष तीन पर सभी भारतीय

**जर्मनी।** भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर लियोन ल्यूक मेन्दोंसा नें 38वां चेसऑर्ग फेस्टिवल बैड वोरीशोफेन 2023 का खिताब जीतकर एक नया इतिहास बना दिया है। इससे पहले कभी यह खिताब किसी भी भारतीय द्वारा नहीं जीता गया था। इससे पहले भारत के परिमार्जन नेगी नें 2006 में इस टूनार्मेंट में चौथा स्थान हासिल किया था। हालांकि 9 राउंड के बाद 7.5 अंक बनाने वाले लियोन अकेले खिलाड़ी नहीं थे भारत के ग्रांड मास्टर विसाख एनआर भी 7.5 अंक बनाने मे कामयाब रहे पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर लियोन विजेता बने जबकि विसाख दूसरे स्थान पर रहे , बड़ी बात यह रही की इस टूनार्मेंट में कभी भी शीर्ष 3 में जगह ना बना पाने वाले भारतीय खिलाड़ी इस बार शीर्ष तीन स्थान पर रहे क्यूंकी 6.5 अंक बनाकर भारत के श्याम पी निखिल सात अन्य खिलाड़ियों को टाईब्रेक में पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर रहे ।

# सोन नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत

## हादसे की मुख्य अवैध खनन में खोदे गए गड्ढे में गिरना माना जा रहा है

एजेंसी

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर में बुधवार को सोन नदी में डूबने से एक किशोर और तीन बच्चों की मौत हो गई। हादसे की मुख्य वजह बालू के लिए अवैध खनन में खोदे गए गड्ढे में गिरना माना जा रहा है। घटना अजीमाबाद थाना क्षेत्र के अहिमन चक बालू घाट की है। मृतकों में अजीमाबाद थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी जय चौधरी का 6 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार, वीरेंद्र चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र अमित कुमार, बजरंगी चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार और रामराय चौधरी का 9 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार शामिल है। इसमें शुभम कुमार और रोहित कुमार चचेरे भाई हैं। इधर, मृतक अमित कुमार के शिक्षक लव कुमार ने बताया कि सुबह चारों एक साथ खेत में गए थे। खेत में जाने के बाद वे सब बैर तोड़ने चले गए। इसके बाद सभी अहिमन चक बालू घाट स्थित सोन नदी के किनारे चले गए। जहां पैर फिसल जाने के कारण चारों सोन नदी में गिर कर डूब गए। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। सूचना मिलते ही संदेश थाना इंचार्ज अवधेश, एसआई विजय कुमार एवं संदेश सीओ उमेश चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों के सहयोग से चारों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद संदेश थाना इंचार्ज अवधेश कुमार एवं संदेश सीओ उमेश चौधरी द्वारा एंबुलेंस कर चारों को आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने चारों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, शिक्षक लव कुमार ने बताया कि बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू खनन को लेकर सोन नदी के किनारे 40 फीट की कई गड्ढे खोदे गए हैं। बालू माफियाओं द्वारा गड्ढे खोदने के कारण ही इन बच्चों की डूबने से मौत हुई है। साथ ही उन्होंने इस घटना के बाद अवैध बालू खनन करने वाले बालू माफियाओं पर रोक लगाने की भी मांग की है। मृतक शुभम कुमार अपने तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां रंजू देवी व दो भाई सन्नी कुमार एवं आयुष कुमार है। वहीं, दूसरा मृतक अमित कुमार अपने दो भाई व एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां सुमांती देवी व एक भाई अंकित कुमार एवं बहन खुशी कुमारी है।



## दो पक्षों में मारपीट के कारन महिला की मौत

**सहरसा।** सहरसा में बुधवार को जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हुई, जिसमे एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। घटना सौरबाजार थाना क्षेत्र के सुहत गांव वार्ड नं 12 की बताई जा रही है। वहीं पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। मालूम हो कि मृतिका का नाम अकलिया देवी है जो सौरबाजार थाना क्षेत्र के सुहत गांव वार्ड नं 12 की रहने वाली है। छोटेलाल रति लाल, सुरेश, दिलखुश अपने और सहयोगियों के साथ मिलकर मृतिका के की जमीन पर रखा जलावन की लकड़ी को हटाने लगा और घर को तोड़ने लगा। जिसका मृतिका अकलिया देवी और उनके पति पारसमणि शर्मा ने विरोध कर रही थी। इ सी मामले को लेकर मारपीट की गई। जिसमें अकलिया देवी की सिर में चोट लग जाने से उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई।

## सीतामढ़ी : युवक ने चाकू घोंप कर उतारा मौत के घाट

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में एक युवक को 100 से ज्यादा बार चाकू मारकर हत्या की गई है। नफरत ऐसी कि उसके चेहरे पर भी चाकू से वार किए गए हैं। हत्या के बाद युवक के शव को झाड़ियों में पड़े कचरे के पास फेंक दिया। गांव के लोगों ने युवक का पहले गमछा और चप्पल देखा। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोज की तो झाड़ी में उसका शव मिला। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को सूचना दी। युवक के शव को जिसने भी देखा उसका दिल दहल गया। युवक की शादी डेढ़ महीने पहले ही हुई थी। मृतक के भाई ने मोहल्ले में रहने वाले एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है।

## बेतिया : करंट लगने से युवक की मौत

**बेतिया।** बेतिया में बुधवार को एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में दिख रहा है कि युवक बिजली के खंभे के पास फंसे ई-रिक्शा को धक्का मारकर निकाल रहा है। इसी दौरान उसे करंट लगता है। करंट ई-रिक्शा में भी आ जाता है। युवक की कुछ देर बाद मौत हो जाती है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरिवाटिका-बसंत बिहार रोड का है। युवक की पहचान जिले के बारी टोला निवासी कृष्णा कुशवाहा के पुत्र रोहित कुमार (29) के रूप में की गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## सात फेरे से पहले प्रेमी संग फरार हुई दुल्हन

**जमुई।** जमुई में सात फेरे लेने से ठीक पहले नाबालिग दुल्हन अपने प्रेमी संग फरार हो गई। वह मुंह धोने का बहाना बनाकर गई थी। बाहर प्रेमी इंतजार कर रहा था। दोनों मौका देखकर फरार हो गए। परिवार के मुताबिक दोनों के बीच 2 साल से अफेयर था। प्रेमी रिश्ते में भाई लगता है, इसलिए शादी के लिए वे राजी नहीं थे। मामला जिले के सिमुलतला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। दुल्हन के फरार होने की जानकारी बारातियों को लगी। उन्होंने घंटों तक बवाल मचाया। फिर बिना दुल्हन के वापस लौट गए। वहीं घटना के बाद परिजन ने थाना पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सड़क हादसा वृद्ध की मौत, तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा

**पूर्णिया।** पूर्णिया में बुधवार को बाजार से सामान खरीदकर वापस लौट रहा एक वृद्ध को किसी वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। तभी उसे लोगों ने सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में देखा और कसबा पीएचसी पहुंचाया। लेकिन उसने अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र सुरेश महलदार (70 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटना के बाद ड्राइवर वाहन लेकर भाग गए। कुछ लोगो ने सुरेश को सडक किनारे खून से लथपथ हालत में देखा और अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। परिजनो ने अज्ञात वाहन और ड्राइवर के खिलाफ थाना में मामला दर्ज करा दिया गया है। कसबा थाना इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन और ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## कब्रिस्तान में नवजात का शव गायब

**बेतिया।** बेतिया में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक कब्रिस्तान में छह महीना पूर्व दफनायी गयी महिला के शव का सिर नहीं है। वहीं एक नवजात बच्ची का शव गायब है। मामला पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के सगरौवा-बलिरामपुर मुख्य पथ स्थित कब्रिस्तान का है। यहां छह महीना पूर्व दफनायी गयी सगरौवा गांव निवासी शेख इस्लाम की पत्नी रहीमा खातुन के शव का सिर गायब हो गया है। साथ ही उसी गांव के शेख इजहार की नवजात बच्ची का शव गायब होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। बुधवार की दोपहर मामला सामने आया है। कुछ स्थानीय लोग खेत की तरफ गये हुए थे। इसी दौरान किसी की नजर सड़क से सटे कब्रिस्तान पर पड़ी। वहां दो-दो कब्रें खुदी हुई दिखाई दी। कब्र के पास जाकर देखा गया तो एक में महिला के शव से सिर नहीं था। दूसरी कब्र से शव ही गायब था। सूचना मिलते ही सगरौवा, महुअवा, बलिरामपुर, मर्जदवा, परसा आदि गांवों के लोग कब्रिस्तान पहुंचे।

## तीन साल की मासूम के साथ रेप

### खेल रही बच्ची को उठा कर ले गया, रेप के बाद वापस पहुंचाया, आरोपी भी नाबालिग

एजेंसी

**गया।** गया में तीन साल की मासूम के साथ बुधवार को दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी भी नाबालिग ही है। वह पीड़िता के पड़ोस में ही रहता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला डोभी थाना इलाके की है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए महिला थाना भेजा गया है। बच्ची अपने घर के पास ही खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस का ही एक नाबालिक लड़का बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर के एक कमरे में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। रेप के बाद बच्ची को उसके घर के दरवाजे पर छोड़ कर भाग गया। ब्लिडिंग होने की वजह से बच्ची लगातार रो रही थी। पीड़िता के माता पिता ने बच्ची की हालत देख सकते में पड़ गए। किसी तरह बच्ची ने इशारे में दुष्कर्मी के बारे में जानकारी दी। इस पर बच्ची के परिजन एवं ग्रामीणों ने नाबालिग दुष्कर्मी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।




### पुलिस अभिरक्षा में आरोपी

इस संबंध में डोभी थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तीन साल की बच्चे के साथ पड़ोसी के एक नाबालिक लड़के ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। नाबालिग आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं, पीड़ित बच्ची को पुलिस अभिरक्षा में गया महिला थाना भेजा गया है।

## पुलिस ने शराब तस्कर के पकड़ा



**गोपालगंज।** गोपालगंज के गोपालपुर थाना क्षेत्र के कोटनरहवां गांव के पास उत्पाद विभाग की टीम ने मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति के पास से 60 पीस देशी शराब बरामद किया है। बरामद शराब के बाद उत्पन्न विभाग की टीम ने मोटरसाइकिल जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। तस्कर की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के ढेबवा गांव निवासी शंभू तिवारी के रूप में की गई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बाइक से शराब की तस्करी किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम गोपालपुर थाना क्षेत्र के कोट नरहवा गांव के पास वाहन जांच लगा दी। इस दौरान बाइक सवार गिरफ्तार तस्कर गोपालपुर थाना क्षेत्र पहुंचा, तभी उत्पाद विभाग द्वारा उसे रोक कर तलाशी ली तो उसके शरीर में टेप के सहारे व 60 पीस देशी शराब बरामद किया गया।

## पेज एक का शेष

### बोकारो के लाल...

सागर का चयन पटना पाइरेट्स टीम के लिए हुआ था। सागर नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट हैं। 2020 में सेहतक में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले सागर भारतीय खेल प्राधिकरण गुजरात के अलावा हरियाणा, पंजाब में प्रशिक्षण ले चुके हैं।

### आठ नक्सलियों के...

**मिसिर बेसरा समेत कई पर प्राथमिकी :** एनआइए ने रांची शाखा में मिसिर बेसरा (एक करोड़ का इनामी), रघु, अश्विन, चंदन, मोछू, सुशांत, सागेन, कांडे होनहागा व सोनाराम होनहागा के विरुद्ध जुलाई महीने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

### कई क्षेतों में...

**बेअसर रही स्पीकर की अपील :** बजट सत्र के नौवें दिन सदन की कार्यवाही हंगामे के कारण चार बार स्थगित करनी पड़ी। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के लाख समझाने के बावजूद विपक्ष हंगामे से बाज नहीं आया। हंगामे और भाजपा विधायकों के वाकआउट के बीच ग्रामीण विकास विभाग का 8166 करोड़ का बजट पास हो गया। साथ ही पांच अन्य विभागों का बजट भी पास हो गया। इनमें ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभााग, पंचायती राज विभाग और भवन निर्माण विभाग का बजट शामिल हैं। विपक्ष की देखा-देखी सत्ता पक्ष के प्रदीप यादव, इरफान अंसारी व उमाशंकर अकेला भी वेल पर पहुंच गये। इससे पहले सत्ताधारी दल के विधायकों ने स्लोगन लिखा हुआ टी शर्ट पहनने पर कड़ा ऐतराज जताया। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने इस मुद्दे और व्यवस्था पर सवाल उठाया। वे इतना तक कह गये कि क्या कोई अंडरवियर पहनकर सदन में आये तो उसे छोड़ दिया जायेगा? उग्र प्रदीप वेल तक पहुंच गये।

### सदन में चुप...

**सत्तापक्ष ने दिया जवाब :** झारखंड में नियोजन नीति विपक्ष के सदस्य इस मुद्दे पर सीएम से बयान की मांग पर लगातार हमला कर रहे हैं। गेरुआ वस्त्र पहने विधानसभा सत्र में भाग लेने पहुंचे भाजपा विधायकों ने इस दौरान सरकार को 60-40 नाय चलतो का नारा लगाते हुए, इसे वापस लेने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। **माहौल बिगाड़ने का काम :** सत्तापक्ष ने कहा कि भाजपा के लोग राज्य में हंगामा खड़ा करके यहां नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करना चाहते हैं। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा के लोग पर्जी ट्विट कर बिगाड़ रहे हैं। वे लोग ड्रामा कर रहे हैं।

### लालू और राबड़ी...

ऐसे में उन्हें दोबारा गिरफ्तार किये जाने की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट जमानत आवेदन से सहमत है और सभी आरोपियों को जमानत दी जाती है। **हाथ उठाकर लालू ने भरी हाजिरी :** बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे लालू यादव मीडिया कर्मियों की नजर से बचने के लिए कोर्ट खुलने से पहले ही कोर्ट परिसर पहुंच चुके थे। सुबह 11 बजे विशेष सीबीआई न्यायाधीश गीतांजलि गोयल की अदालत में कार्रवाई शुरू हुई, तो सबसे पहले सभी आरोपियों को नाम लेकर बुलाया गया। इस दौरान लालू यादव, मीसा भारती और राबड़ी देवी ने अपनी बारी आने पर हाथ उठाकर हाजिरी लगायी।

### नेपाल-भारत से लेकर...

**कोई जिला भूकंप से सुरक्षित नहीं :** बिहार का कोई जिला भूकंप के खतरों से सुरक्षित नहीं है। राज्य के 38 में से आठ जिले जोन पांच में हैं। 22 जिले जोन चार में और आठ जिले जोन तीन के अंदर आते हैं। 15 जनवरी 1934 में खौफनाक भूकंप का मंजर बिहार ने देखा था। रिक्टर स्केल पर तब उसकी तीव्रता 8.4 आंकी गयी थी।

स्पीड न्यूज

## नुक्कड़ के खोपड़ी खाखर का निधन



**मुंबई।** अस्सी के दशक के लोकप्रिय धारावाहिक नुक्कड़ में खोपड़ी का यादगार किरदार निभाने वाले अभिनेता समीर खाखर का बुधवार तड़के मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 71 साल के थे। खाखर के ज्यादातर अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। उनके भाई गणेश खाखर ने बताया कि समीर खाखर को मंगलवार सुबह सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद मुंबई के उपनगर बोरीवली स्थित एमएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## गैंगस्टर बिश्नोई ने सलमान को दी धमकी

**जयपुर।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, जो वर्तमान में पंजाब की बठिंडा जेल में बंद है, ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को नई धमकी दी है, जिसमें कहा गया है कि अगर फिल्म स्टार चिंकारा शिकार प्रकरण पर माफी नहीं मांगते हैं, तो उनका अहंकार चूर-चूर हो जाएगा। बिश्नोई ने कहा, सलमान ने हमारे समाज को नुकसान पहुंचाया है। अगर वह बीकानेर के नोखा धाम में आकर माफी नहीं मांगते हैं, तो उनका अहंकार चूर-चूर हो जाएगा।

## सशस्त्र पुलिस बलों में 84,866 पद रिक्त

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सीआरपीएफ और बीएसएफ जैसे छह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में स्वीकृत पदों की कुल संख्या 10,05,520 है और उनमें से 84,866 पद रिक्त हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच महीने में सीएपीएफ में 31,785 कर्मियों की भर्ती की गई है।

## महिला के शव घर में मिले, बेटी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में एक 55 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई और उसके शव के कई टकड़े किये गये जो उसके घर की अलमारी और पानी की टंकी में पाए गए। इसके बाद पुलिस ने उसकी 23 वर्षीय बेटी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लालबाग इलाके में उसके घर की अलमारी के अंदर प्लास्टिक के थैले में लपेटे गये शव के कुछ हिस्से मिले जबकि अन्य हिस्से पानी की टंकी में फेंके पाए गए।

## बलूचिस्तान में विस्फोट में दो लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक व्यापारी के वाहन को इंप्रोवाइज्ड एक्स्प्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। मीडिया की एक खबर से बुधवार यह जानकारी मिली।

## पठान ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान ने शानदार प्रदर्शन के साथ दुनिया भर के सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे कर लिए हैं और इसके साथ ही ये भारत में अब तक की नंबर एक हिंदी फिल्म बन गई है। फिल्म निमार्ताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित पठान में जॉन अब्राहम, दीपिका पादुकोण, डिंपल कपाड़िया और आशुतोष राणा ने भी अहम भूमिका निभाई है।

# तीन पालियों में होगी सीयूइटी

## जेइइ, नीट में विलय की घोषणा दो साल पहले होगी : यूजीसी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-यूजी) इस साल दो के बजाय तीन पालियों में होगी, साथ ही संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) जैसी परीक्षाओं में इसके विलय की घोषणा प्रभावी वर्ष से कम से कम दो साल पहले कर दी जाएगी। इसे लागू करने से कम से कम दो साल पहले किया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी।

कुमार ने कहा कि यूजीसी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं कि सीयूईटी-यूजी परीक्षा बिना किसी परेशानी के संपन्न हो। उन्होंने कहा कि मैं सहमत हूं कि पिछली बार परीक्षा के दौरान कई खामियां सामने आईं, लेकिन इस साल सभी खामियों को दूर किया गया है। पिछली बार विद्यार्थियों को हुई परेशानियों को ध्यान में रखते हुए यह योजना बनाई गई है और हम यह सुनिश्चित करने को तैयार हैं कि उम्मीदवार केवल परीक्षा की चिंता करें, न कि खामियों की। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक योजना के तहत अतिरिक्त कंप्यूटर और परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था की गई है, ताकि कोई समस्या आने पर विद्यार्थियों को उन परीक्षा केंद्रों पर स्थानांतरित किया जा सके और परीक्षा रद्द न की जाये। कुमार ने कहा कि सामान्य परिपाटी से हटते हुए इस साल तीन पालियों में परीक्षा कराई जाएगी।



**अतिरिक्त कंप्यूटर व परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था : जगदीश कुमार**

सीयूईटी को इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में विलय के सवाल पर कुमार ने कहा कि यह निश्चित संभव हो सकता है। इसपर विस्तृत काम किया जा रहा है, लेकिन जब कभी भी इसका विलय किया जाएगा तो प्रभावी वर्ष से कम से कम दो साल पहले इसकी घोषणा की जाएगी, ताकि उसके अनुरूप विद्यार्थी अपनी तैयारी कर सकें।

गौरतलब है कि यूजीसी ने पिछले साल मार्च में घोषणा की थी कि सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन सामान्य प्रवेश परीक्षा से होगी, न कि 12वीं कक्षा में मिले अंकों के आधार पर।

गौरतलब है कि 14.9 लाख पंजीकरण के साथ सीयूईटी-यूजी देश की दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा बन गई थी और इसने जेईई मेंस को पीछे छोड़ दिया था, जिसमें करीब नौ लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। कुमार ने कहा कि इस साल अबतक 11.5 लाख पंजीकरण कराये जा चुके हैं। अंतिम तारीख 30 मार्च तक बढ़ाई गई है और हमें उम्मीद है कि आवेदनों की संख्या पिछले साल से अधिक होगी। जब उनसे पूछा गया कि परीक्षा के अंकों के सामान्यीकरण से कई अभ्यर्थी निराश होते हैं, क्योंकि उनके मूल अंकों में कटौती की जाती है जिससे वे अपने मनपसंदीदा कॉलेज में प्रवेश नहीं ले पाते, इस पर कुमार ने कहा कि इस प्रक्रिया में किसी भी त्रुटि को कमतर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस साल परीक्षा डेढ महीने के बजाय 10 दिनों में कराई जा रही है, ताकि अंकों के सामान्यीकरण में होने वाली त्रुटि को कमतर किया जा सके, क्योंकि लंबी अवधि में परीक्षा होने पर अधिक अंतर सामने आता है।

## कांग्रेस हमें हल्के में नहीं ले : टीएमसी

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों के मार्च से तृणमूल कांग्रेस के दूर रहने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस हमें हल्के में नहीं ले सकती। बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी के सूत्रों ने बताया कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी जिस तरह से ममता बनर्जी पर टिप्पणियां करते हैं, उसको लेकर टीएमसी का नेतृत्व खफा है। तृणमूल कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक एसके मिश्रा को लिखे गए उस पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किये जिसमें अडाणी समूह के खिलाफ लगे आरोपों की जांच करने की मांग की गई है। उसने संसद भवन से ईडी मुख्यालय की ओर निकाले गए विपक्षी दलों के मार्च में भी हिस्सा नहीं लिया। पुलिस ने इस मार्च को विजय चौक पर ही रोक दिया। पार्टी के इस रुख के बारे में पूछे जाने पर तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस हमें हल्के में नहीं ले सकती। एक तरफ उसके वरिष्ठ नेता ममता-अडाणी-मोदी संबंध का आरोप लगा रहे हैं और दूसरी तरफ यह उम्मीद करते हैं कि तृणमूल उनके साथ खड़ी होगी। कांग्रेस के जिस व्यक्ति ने यह टिप्पणी की, वह लोकसभा में पार्टी का नेता है। तृणमूल नेता ने चौधरी का नाम नहीं लिया, हालांकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने हाल ही में पश्चिम बंगाल की सागरदिघि विधानसभा सीट के उपचुनाव में ममता बनर्जी के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोला था। ममता की पार्टी के एक और वरिष्ठ नेता का कहना है कि उनका दल इस बात से अवगत है कि विपक्ष की दो प्रमुख पार्टियों के बीच तल्खी के चलते विपक्षी एकजुटता पर असर हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के अलावा दूसरे विपक्षी दलों के संपर्क में हैं। हमने समान विचारधारा वाले दलों को विश्वास में ले रखा है।

## मनी लॉड्रिंग मामले में झारखंड समेत तीन राज्यों में छापेमारी

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) के मॉडरेटर जबलपुर के पूर्व बिशप पीसी सिंह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड में छापे मारे। उनके परिवार के कुछ सदस्यों के आवासों पर भी छापे मारे गए। जानकारी के अनुसार, ईडी की कई टीमों ने जबलपुर, रांची और नागपुर सहित 10 परिसरों में छापेमारी की और कई आपत्तिजनक दस्तावेजों को जब्त करने का दावा किया। पिछले साल सितंबर में ईडी ने सिंह और उनके बेटे पीयूष पॉल के नाम वाली ईओडब्ल्यू की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद सिंह को 12 सितंबर को ईओडब्ल्यू द्वारा जबलपुर में आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले के संबंध में हिरासत में ले लिया गया था। छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता नीलेश लॉरेंस, जिसकी शिकायत के कारण ईओडब्ल्यू ने तलाशी ली थी, उनका आरोप है कि सिंह ने 2016 में सीएनआई की एक प्रमुख संपत्ति को पट्टे पर दे दिया था। सिंह पर बोर्ड की सहमति के बिना नागपुर डायोकेसन बोर्ड ऑफ एजुकेशन का नाम बदलने और खुद को उसका अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया था। उन पर जबलपुर डायोसिस में शैक्षणिक संस्थानों से धार्मिक संस्थानों में और अपने निजी इस्तेमाल के लिए फंड डायवर्ट करने का भी आरोप है। पिछले

**ईडी ने सीएनआई के मॉडरेटर जबलपुर के पूर्व बिशप पीसी सिंह के जबलपुर, रांची और नागपुर सहित 10 परिसरों में छापेमारी की और कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किया**



साल सितंबर में, ईओडब्ल्यू ने पाया था कि 2004-05 से 2011-2012 तक, सिंह ने कथित तौर पर समाज द्वारा संचालित विभिन्न स्कूलों से जबलपुर डायोसिस को 2.7 करोड़ रुपये से अधिक स्थानांतरित किए थे। उन पर 2009 में क्राइस्ट चर्च बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 15 लाख रुपये का ऋण लेने और एक निजी संपत्ति खरीदने के लिए इस्तेमाल करने का भी आरोप है। इस ऋण को स्कूल के खातों में कथित तौर पर धोखे से जबलपुर डायसिस को 'सुरक्षित ऋण' के रूप में दिखाया गया था। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि उसने और लुवी मैरी साठे नाम के एक अन्य व्यक्ति ने अपने नाम से सालीवाड़ा में क्राइस्ट चर्च स्कूल की एक शाखा खोलने के लिए संपत्ति खरीदी और इस ऋण के लिए ईएमआई का भुगतान स्कूल द्वारा किया गया।

## जम्मू-कश्मीर और पंजाब के 15 ठिकानों पर एनआईए का छापा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में कुल 15 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। न्यूज एजेंसी एएनआई पर आई रिपोर्ट के मुताबिक एनआईए ने जम्मू कश्मीर के 6 जिलों के 14 आतंकी ठिकानों पर रेड मार इसके अलावा पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में छापेमारी की. एनआईए ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, पुलवामा, बारामूला, अनंतनाग, बडगाम और कठुआ में छापेमारी की. आतंकी संगठनों पर नकेल कसने के लिए एएनआई की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि इन ठिकानों पर की गई छापेमारी के दौरान कई डिजिटल उपकरण संदिग्ध सामान बरामद किए गए। टीम आगे की जांच ड्ड्ी कर रही है. अधिकारियों ने यह ड्ड्ी कहा कि पाकिस्तान की शह पर आतंकी संगठन भारत में आतंकी गतिविधि को बढ़ावा देने की कोशिश में जुटे हैं।

**देश में फैला रहे हैं आतंकः** ये संगठन जम्मू-कश्मीर के युवाओं को कट्टर बनाने, अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों, सुरक्षा कर्मियों और धार्मिक कार्यक्रमों या गतिविधियों को निशाना बनाने की साजिश रची थी. सोशल मीडिया के जरिये ड्ड्ी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में ये शामिल रहे हैं. जांच के दौरान एनआईए 12 संदिग्धों की पहचान की है, जो पाकिस्तान में मौजूद विड्ड्िन्न आकाओं के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि संदिग्धों से जुड़े विड्ड्िन्न ठिकानों की जम्मू-कश्मीर और पंजाब में तलाशी ली गई। गौरतलब है कि 2022 के जून में एनआईए ने स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रतिबंधित संगठनों के ओवर ग्राउंड वर्कर और काडर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी. ये संगठन अपने पाकिस्तानी कमांडरों के निर्देश पर छद्म नामों से काम कर रहे थे. गौरतलब है कि इससे पहले ड्ड्ी एनआईए इस तरह के संगठनों के खिलाफ छापेमारी अभियान चला चुकी है।

## वाणिज्य की खबरें

### इंफोसिस सेना के शहीद जवानों की पत्नियों और बच्चों को देगा छात्रवृत्ति

**बेंगलुरु।** इंफोसिस फाउंडेशन ने बुधवार को घोषणा की है कि उसने सेना के शहीद जवानों की पत्नियों और उनके बच्चों को करीब 30 करोड़ रुपये का शैक्षणिक अनुदान और छात्रवृत्ति देने के लिए भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों का निदेशालय (डीआईएवी) के साथ ज्ञापन समझौता किया है। इंफोसिस फाउंडेशन परोपकारी संस्थान है और आईटी कंपनी इंफोसिस की नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की इकाई है। फाउंडेशन ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस ज्ञापन समझौते से देशभर में करीब 14 हजार वीरांगनाएं (शहीद जवानों की पत्नियां) और बच्चे अपनी शैक्षणिक यात्रा को आगे बढाने में सक्षम होंगे। बयान में कहा गया कि इसकी सुविधा उन्हें प्रदान की जाएगी जो पहली से 12वीं कक्षा की स्कूली शिक्षा, स्नातक, स्नात्तकोत्तर, पेशेवर पाठ्यक्रम और कंप्यूटर साक्षरता के लिए अनुदान चाहते हैं।

### बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 344 अंक टूटा, निफ्टी 17,000 से नीचे

**मुंबई।** बैंक, वित्तीय और दूरसंचार शेयरों में भारी बिकवाली के चलते बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 344 अंक टूटकर पांच महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि इस दौरान बैंकों की सेहत और उच्च मुद्रास्फीति की चिंताओं ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। इसके अलावा घरेलू बाजार से लगातार विदेशी पूंजी की निकासी और रुपये में गिरावट से शेयर बाजारों पर दबाव बना रहा। लगातार पांचवें सत्र में गिरावट के साथ तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 344.29 अंक यानी 0.59 प्रतिशत टूटकर 57,555.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक 570 अंक से अधिक चढ़कर 58,473.63 के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई निफ्टी 71.15 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,972.15 पर बंद हुआ। इसमें शामिल 50 शेयरों में से 28 शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक को सबसे अधिक दो प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, एचयूएल, टाटा मोटर्स, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक भी नुकसान में रहे। दूसरी ओर, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, टाइटन और एलएंडटी 3.03 प्रतिशत तक की बढ़त के साथ लाभ में रहे।

### अडाणी समूह की आठ कंपनियों के शेयरों में तेजी, एईएल का 5 % से अधिक चढ़ा

**नयी दिल्ली।** अडाणी समूह की आठ सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर बुधवार को लाभ के साथ बंद हुए। चार दिनों की गिरावट के बाद प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज में भी पांच प्रतिशत की तेजी रही। समूह की आठ कंपनियां लाभ के साथ बंद हुईं जबकि दो कंपनियां नुकसान में रही। बीएसई पर अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) का शेयर 5.81 प्रतिशत बढ़कर 1,838.80 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी बीएसई में 1,891.10 रुपये के अपने उच्च स्तर तक गया। वहीं इसका बाजार पूंजीकरण बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपये हो गया। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन का शेयर 3.81 प्रतिशत की उछाल के साथ 679.10 रुपये पर बंद हुआ। इसके अलावा अडाणी ट्रांसमिशन 3.27 प्रतिशत उछलकर 931 रुपये पर और अंबुजा सीमेंट्स 3.28 प्रतिशत बढ़कर 364.95 रुपये पर बंद हुआ। वहीं अडाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर भी 4.94 प्रतिशत चढ़कर 740.95 रुपये पर बंद हुआ। अडाणी विल्मर 3.12 प्रतिशत बढ़कर 426.70 रुपये पर और एनडीटीवी 0.85 प्रतिशत बढ़कर 212.85 पर बंद हुआ।

# इमरान को पकड़ने गये पाक रेंजर्स पीछे हटे

**लाहौर।** भ्रष्टाचार के मामले में पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए यहां उनके आवास को घेरे खड़े पाक रेंजर्स और पुलिसकर्मियों ने बुधवार को पीछे हटना शुरू कर दिया जिससे खान के समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। पुलिस, पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) आठ क्रिकेट मैच जारी रहने तक खान के जमान पार्क स्थित आवास की ओर नहीं बढ़ेगी, जिसमें विदेशी खिलाड़ी भी खेल रहे हैं। पुलिस और अन्य सुरक्षा अधिकारियों को जमान पार्क से जाते देखा गया जिसके बाद खान के समर्थकों ने जश्न मनाया और रेंजर्स का पीछा करते हुए नारे लगाए। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान तरहीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान गैस मास्क लगाए अपने आवास से बाहर निकले और पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात की। पार्टी ने एक ट्वीट में कहा कि जमान पार्क में और कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं और पार्टी ने गठबंधन सरकार के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देने का संकल्प लिया। इससे पहले दिन में प्रशासन ने खान के आवास के बाहर रेंजर्स को तैनात किया था। इससे एक दिन पहले खान के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प में 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे जिसमें 54 पुलिसकर्मी थे। घायलों को लाहौर के अस्पताल में भर्ती किया गया है और पुलिस ने खान के कई समर्थकों को हिरासत में लिया है। नेता को गिरफ्तार किए जाने से रोकने के दौरान खान के समर्थकों और पुलिस के बीच हुई झड़प के बाद लाहौर के जमान पार्क इलाके में किसी युद्ध के मैदान जैसा मंजर था, जहां सड़कों पर आंसू गैस के गोले, वाहनों का मलबा बिखरा पड़ा था।

### पाक के पूर्व पीएम को कोर्ट से मिली राहत

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान के आवास के बाहर पीटीआई समर्थकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच दिन भर चली नोकझोंक के कुछ घंटे बाद लाहौर उच्च न्यायालय ने जमन पार्क में गुरुवार सुबह 10 बजे तक पुलिस कार्रवाई रोक दी है । डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई ने बुधवार को आरोप लगाया था कि पार्टी प्रमुख के आवास पर 'अत्यधिक हमला' किया गया, क्योंकि उसने सशस्त्र कानून प्रवर्तन कर्मियों द्वारा फायरिंग की फुटेज पोस्ट की थी।



**खान के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प में 60 से अधिक लोग घायल**

## इसरो वनवेब के 36 उपग्रहों का 26 को करेगा प्रक्षेपण

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इस महीने के अंत में ब्रिटेन स्थित संचार कंपनी वनवेबह्व के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में 36 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए तैयार है जो दुनियाभर में अंतरिक्ष के जरिए इंटरनेट उपलब्ध कराने में मददगार साबित होंगे। वनवेब ने ट्वीट किया कि भारत से उत्साहित करने वाली खबर आ रही है, हम वनवेब लॉन्च 18 से पहले अपने 36 उपग्रहों के एक समूह बनाने की पुष्टि करते हैं : हमारा अंतरिक्ष प्रक्षेपण जो हमारी पहली पीढ़ी के समूह को पूरा करेगा। वनवेब के मुख्य तकनीकी अधिकारी मासिमिलिआनो लादोवाज ने कहा कि लक्षित तारीख 26 मार्च है। वनवेब के 36 उपग्रह फ्लोरिडा से 16 फरवरी को भारत पहुंचे। इसरो ने पिछले साल अक्टूबर में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से वनवेब के पहले 36 उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया था।



Ph.D Awarded
By order of the Vice-Chancellor,Radha Govind University, Ramgarh, Jharkhand
Mrs Kumari Pallawi
W/o- Rakesh Kumar Singh, C/o T.K Singh, Near Durga Mandir (Jharkhand X-Ray ), Arsandey, Block Chowk, Kanke, Ranchi Jharkhand- 834006, Declared To Have Passed The Doctor Of Philosophy (Ph.d), examination is Education, Faculty of Education, held in the month of March,2023 on the topic "A Comparative Study of Teacher's Working in Government And Private Colleges of Education in Jharkhand" Under the Supervision and Guidance of Dr. Sushil pandey, Assistant Professor, Department of Education, Radha Govind University, Ramgarh, Jharkhand.

# कंगना रनौत ने पूरी की चंद्रमुखी 2 की शूटिंग

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत ने बुधवार को 'चंद्रमुखी 2' की शूटिंग पूरी कर ली और को-स्टार राघव लॉरेंस के लिए एक नोट लिखा। कंगना ने इंस्टाग्राम पर लॉरेंस के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखाः मैं आज चंद्रमुखी की शूटिंग पूरी कर ली है, मुझे कई अद्भुत लोगों को अलविदा कहना बहुत मुश्किल लगता है, जिनसे मैं मिली थी, मेरे पास इतना प्यार क्रू था। मेरे पास राघव लॉरेंस सर के साथ कोई तस्वीर नहीं थी क्योंकि हम हमेशा फिल्मी वेशभूषा में होते हैं इसलिए आज सुबह शूटिंग शुरू होने से पहले मैंने एक फोटो के लिए अनुरोध किया। मैं सर से बहुत प्रेरित हूं। उन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में अपना करियर शुरू किया था, वास्तव में एक बैक डांसर के रूप में, लेकिन आज वह न केवल एक ब्लॉकबस्टर फिल्म सुपरस्टार हैं बल्कि एक अविश्वसनीय रूप से अद्भुत इंसान भी हैं। जा रहा है। आपकी हास्य अद्भुत भावना और मेरे जन्मदिन के लिए सभी उपहारों के लिए धन्यवाद, सर।



## रिहाना से मिले नाटू नाटू के सिंगर्स

**हैदराबाद।** 95वें एकेडमी अवार्डस के मौके पर ऑस्कर विनर सॉन्ग नाटू नाटू के सिंगर काल भैरव और राहुल सिप्लिगुंज की मुलाकात हॉलीवुड की मशहूर सिंगर रिहाना से हुई। इस मुलाकात की तस्वीर काल भैरव ने सोशल मीडिया पर शेयर की। तस्वीर में सुपरस्टार सिंगर के साथ राहुल सिप्लिगुंज और कोरियोग्राफर प्रेम रक्षित भी पोज देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, मेरे पास शब्द नहीं है इसे बयां करने के लिए। एक ऐसी कलाकार, जिसे हमने हमेशा देखा और उसकी तारीफ की! मेरी प्रेरणा, मेरी क्वीन रिहाना। उन्होंने लिखा, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं उन्हें कितना प्यार करता हूं। मैंने उन्हें लाखों बार सुना होगा। ये यादगार पल हमेशा मेरे दिल में रहेगा। काल भैरव ने आगे लिखा है कि जब रिहाना ने पिछली रात परफॉर्म किया तो 'नाटू नाटू' टीम सचमुच उनके परफॉर्मेंस में खो गई। बारबाडियन सिंगर ने अवॉर्ड्स शो में 'ब्लैक पैंथरः वाकांडा फॉरएवर' के ऑस्कर नॉमिनेटेड सॉन्ग 'लिफ्ट मी अप' पर परफॉर्म किया। रिहाना, जो जल्द ही अपने दूसरे बच्चे का वेलकम करने वाली है, ने एक कट-आउट गाउन के जरिए अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट किया। इसी बीच राहुल सिप्लिगुंज ने रिहाना के साथ अलग से ली गई एक तस्वीर भी शेयर की।



